आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 26 जून 2024
वर्ष 5, अंक 220, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अफगानिस्तान ने रचा इतिहास 13

करीना ने करिश्मा को जन्मदिन की बधाई दी 14


## मप्र में अब मंत्री स्वयं अदा करेंगे अपना आयकर

- मंत्रिमंडल ने 52 साल पुराना नियम समाप्त किया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को निर्णय लिया कि राज्य के मंत्रियों को अपना आयकर स्वयं अदा करना होगा और इसका भुगतान राज्य सरकार नहीं करेगी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक बयान में कहा कि मंत्रिमंडल ने 1972 के नियम को समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत राज्य सरकार मंत्रियों के वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान करती थी। सभी मंत्री अपने वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान करेंगे।

# लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला और के. सुरेश के बीच मुकाबला

### सरकार को विपक्ष के बीच नहीं बन सकी आम सहमति, आज मतदान संभव

नई दिल्ली, एजेंसी





- लोकसभा के इतिहास में तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए मतदान

लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सरकार और विपक्ष के बीच मंगलवार को आम-सहमति नहीं बन सकी और अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार तथा भाजपा सांसद ओम बिरला का मुकाबला कांग्रेस के कोडिकुन्नील सुरेश के साथ होगा। बिरला और सुरेश ने मंगलवार को क्रमशः राजग और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के उम्मीदवारों के रूप में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में उतरने के लिए विपक्ष ने अंतिम समय में तब फैसला लिया जब भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी इस पूर्व शर्त को नहीं माना कि राजग के उम्मीदवार बिरला का समर्थन करने के एवज में इंडिया गठबंधन को उपाध्यक्ष पद दिया जाना चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संसद भवन स्थित कार्यालय में विपक्ष की ओर से कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और द्रमुक के टीआर बालू ने सिंह, गृहमंत्री अमित शाह तथा स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से इस मुद्दे पर आम-सहमति बनाने के उद्देश्य से बातचीत की लेकिन दोनों पक्ष अपने रुख पर अड़े रहे और कोई नतीजा नहीं निकला।

पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके बिरला को राजग की तरफ से सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने की प्रतिबद्धता नहीं जताई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के लिए उम्मीदवार के नाम पर सर्व सम्मति होती तो बेहतर होता। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष का निर्वाचन बुधवार को होना है और यदि मतदान होता है तो लोकसभा के इतिहास में ऐसा तीसरी बार ही होगा।

### शपथ लेने के बाद राहुल ने जय संविधान तो ओवैसी ने जय फिलिस्तीन बोला

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को ओम बिरला, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, सुप्रिया सुले, सुदीप बंदोपाध्याय, अभिषेक बनर्जी, असदुद्दीन ओवैसी और संबित पात्रा समेत अनेक नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। राहुल गांधी ने शपथ लेने के बाद पोडियम से जय हिंद, जय संविधान के नारे लगाए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शपथ के वक्त अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। धारावाहिक रामायण में राम के किरदार से मशहूर मेरठ से भाजपा सांसद अरुण गोविल और मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने भी सदस्यता ग्रहण की। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ के बाद फिलिस्तीन के पक्ष में नारे लगाए। संसद से बाहर संवाददाताओं से ओवैसी ने कहा कि उन्होंने सदन के भीतर जय फिलिस्तीन कहा है। बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने शपथ लेने के बाद हिंदू राष्ट्र की जय कहा। आजमगढ़ से सपा के सदस्य धर्मेंद्र यादव ने पीडीए जिंदाबाद के नारे लगाए। इस बीच प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे केवल लिखित शपथ ही पढ़ें, शपथ के अतिरिक्त बोली गई कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

### लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे। पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेज कर इस संबंध में कांग्रेस के फैसले के बारे में उन्हें अवगत कराया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों की नेताओं की बैठक के बाद कांग्रेस ने राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनाने के बारे में घोषणा की। विपक्षी दलों की बैठक में लोकसभा अध्यक्ष पद के चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई।












# पेपर लीक कराया तो होगी उम्रकैद

## लगेगा एक करोड़ जुर्माना, सॉल्वर गैंग से क्षति की भरपाई, गड़बड़ी करने वाली संस्था होगी ब्लैक लिस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के अध्यादेश को कैबिनेट की मंजूरी
- कैबिनेट की बैठक में रखे गए कुल 44 प्रस्तावों में से 43 को दी गई स्वीकृति

**अमृत विचार :** प्रदेश में अब पेपर लीक के दोषियों को दो साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगेगा। फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट बनाना आदि दंडनीय अपराध होगा। यदि परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले वित्तीय भार की वसूली सॉल्वर गिरोह से की जाएगी। गड़बड़ी करने वाली संस्था व सेवा प्रदाताओं को ब्लैक लिस्ट करने के साथ संपत्ति की भी कुर्की होगी।

परीक्षाओं की शुचिता पर उठ रहे सवालों के बीच मंगलवार को राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन में हुई कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी दी गई। विधानसभा से पारित होने के बाद राज्यपाल की मंजूरी मिलते ही अध्यादेश कानून का रूप ले लेगा।

राज्य सरकार पहले भी पेपर लीक जैसे मामलों पर कड़े कदम उठा चुकी है। ताजा अध्यादेश एक और बड़ा कदम माना जा रहा है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को मंजूरी दी गई है। अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा। अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उप्र. बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था शामिल हैं। अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमतीकरण या पदोन्नत करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा। इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय एवं अशमनीय बनाए गए हैं। जमानत के भी कठोर प्रावधान किए गए हैं।



### अयोध्या में 750 करोड़ से बनेगा संग्रहालय

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में टाटा संस अपने सीएसआर फंड से भारतीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण कराएगा। इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। इसपर टाटा संस कुल 750 करोड़ रुपये खर्च करेगा। संग्रहालय विश्वस्तरीय होगा जिसमें 650 करोड़ रुपये के साथ साइट के डेवलपमेंट में 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### वाराणसी, बरेली व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों के विस्तार को मंजूरी

कैबिनेट ने तीन प्रमुख शहरों वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज के सीमा विस्तार और वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इन विकास प्राधिकरणों में कई राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि वाराणसी विकास प्राधिकरण में 215 राजस्व गांव, बरेली में भी 35 राजस्व गांव जबकि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में 71 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है।

### मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम को मंजूरी

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसके तहत पर्यटन विभाग शोधार्थियों का चयन करेगा जो राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने, निवेशकों को आ रही समस्याओं को निपटाने के साथ निवेश को गति देंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 25 शोधार्थियों का चयन किया जाएगा। इन्हें 40 हजार रुपये प्रति माह मानदेय मिलेंगे। जिसमें पारिश्रमिक के रूप में 30 हजार और क्षेत्र भ्रमण के लिए 10 हजार रुपये मिलेंगे।

### हजारों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का विकल्प

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने प्रदेश के ऐसे हजारों राज्य कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन का विकल्प देने का फैसला लिया है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2005 से पहले शुरू हुई थी और उन्हें बाद में नियुक्ति दी गई। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अधिकारियों के अनुसार 31 मार्च 2004 तक विज्ञापित पदों के विरुद्ध चयनितों को जिन्हें किन्हीं कारणों से सेवा में कार्यभार एक अप्रैल 2005 के बाद ग्रहण कराया गया, ऐसे सभी राज्य कर्मियों-शिक्षकों को पुरानी पेंशन में जाने का सरकार ने विकल्प खोल दिया है। राज्य कर्मियों की ओर से काफी समय से यह मांग की जा रही थी।

# इमरजेंसी लगाने वाले संविधान के प्रति प्रेम न जताएं : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



- आपातकाल को काला दिन बताते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर किया पलटवार

विपक्षी इंडिया गठबंधन के भाजपा के खिलाफ देश के संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा होने का नारा लगाए जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पलटवार करते हुए कहा कि आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कांग्रेस पर 24-25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के लिए हमला बोला। आपातकाल को काले दिन के रूप में याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाएगा कि कैसे कांग्रेस ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया था, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। मोदी ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाने के साथ ही प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया। उन्होंने कहा कि वे अपने दिखावे के ज़रिए संविधान के प्रति अपनी घृणा को छिपाते हैं, लेकिन देश के लोगों ने उनकी हरकतों को समझ लिया है और इसीलिए उन्हें बार-बार नकार दिया है।

# कई जिलों में जिलाधिकारी व कप्तान बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### अनुराग आर्य अब बरेली के नए कप्तान

- प्रदेश में शासन ने किया बड़ा पुलिस व प्रशासनिक फेरबदल
- मेधा रूपम को बनाया गया कासगंज का नया जिलाधिकारी

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने मंगलवार को बड़े पैमाने पर आईएएस व आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। 12 जिलों में नए डीएम तैनात किए गए हैं। मुरादाबाद के डीएम मानवेंद्र सिंह व एसएसपी हेमराज मीना को हटा दिया गया है। सीतापुर के डीएम अनुज सिंह को मुरादाबाद का नया डीएम बनाया गया है, वहीं प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल को मुरादाबाद का नया एसएसपी बनाया गया है, जबकि आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य को बरेली का नया एसएसपी बनाया गया है। औरैया की डीएम नेहा प्रकाश को भी हटाए जाने की खबर है।

मुरादाबाद के डीएम मानवेंद्र सिंह को विशेष सचिव आयुष बनाया गया है। चित्रकूट के डीएम अभिषेक आनंद को सीतापुर और बांदा की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को लखीमपुर का डीएम बनाया गया है। आयुष विभाग के विशेष सचिव नगेंद्र प्रताप को बांदा तथा नगर आयुक्त कानपुर शिवशरणप्पा जीएन को चित्रकूट का डीएम बनाया गया है। आईजी निबंधन रवीश गुप्ता को बस्ती तथा अजय कुमार द्विवेदी को श्रावस्ती का डीएम बनाया गया है। मधुसूदन हुल्गी डीएम कौशांबी, संभल के डीएम मनीष बंसल को सहारनपुर तथा विशेष सचिव नगर विकास राजेंद्र पेन्सिया को संभल का डीएम बनाया गया है। आशीष कुमार को हाथरस और मेधा रूपम को कासगंज का डीएम बनाया गया है। श्रावस्ती की डीएम कृतिका शर्मा को विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा व अपर निदेशक एसजीपीजीआई बनाया गया है। बस्ती के डीएम आंद्रा वामसी को विशेष सचिव स्टाम्प व पंजीयन बनाया गया है। औरैया में लोनिवि के अधिशासी अभियंता अभिषेक यादव को निलंबित कर दिया गया है।

### सतपाल बने मुरादाबाद के नए एसएसपी

कई जिलों के पुलिस कप्तान भी बदल दिए गए हैं। प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल को मुरादाबाद का जबकि आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य को बरेली का नया एसएसपी बनाया गया है। सहारनपुर के एसएसपी विपिन टाडा को मेरठ, मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीना को आजमगढ़ का एसपी बनाया गया है। बरेली के एसएसपी घुले सतीश चन्द्रभान को लखनऊ एसटीएफ और मेरठ के एसएसपी रोहित सिंह सजवान को सहारनपुर का एसएसपी बनाया गया है जबकि चंदौली के एसपी डॉ अनिल कुमार द्वितीय को प्रतापगढ़ का एसपी बनाया गया है। एसपी रेलवे आगरा आदित्य लांग्हे को चंदौली का एसपी बनाया गया है।

## सुहास एलवाई बने दुनिया के नंबर एक पैरा शटलर



**लखनऊ।** प्रदेश के खेल सचिव और स्टार पैरा शटलर सुहास एलवाई दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। हाल में जारी की गई विश्व रैंकिंग में उन्हें यह उपलब्धि मिली। उन्होंने फ्रांस के लुकास मजूर को एसएल-4 एकल वर्ग में पीछे छोड़ यह कामयाबी हासिल की। टोक्यो ओलंपिक में रजत पर कब्जा करने वाले सुहास एलवाई अगस्त माह के अंत में होने वाले पेरिस पैरालंपिक गेम्स में बतौर शीर्ष खिलाड़ी के रूप में कोर्ट में उतर कर भारतीय तिरंगा लहराएंगे।

# पुत्र ने मां की हत्या कर शव को कमरे में किया बंद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- दिल्ली से बड़े बेटे की सूचना पर पुलिस ने ताला तोड़कर शव निकाला

**अमृत विचार :** पुत्र ने मां की हत्या कर शव कमरे में बंद कर दिया। दिल्ली में रह रहे बड़े पुत्र की सूचना पर पुलिस ने कमरे का ताला तोड़कर शव बरामद किया। बड़े बेटे ने छोटे भाई, उसकी पत्नी, भतीजे के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

थाना सहावर के गांव मिडोला खुर्द निवासी सुखपाल का बड़ा पुत्र राजेंद्र दिल्ली में वाहन चलाता है। जबकि छोटा पुत्र मुन्नालाल गांव में ही रह रहा है। वह आए दिन माता-पिता से मारपीट करता है। मां कृष्णा देवी परेशान होकर गांव के ही सतीश के यहां रहने लगी थीं। 24 जून को मुन्नालाल बहाने से मां को घर ले गया फिर पत्नी मीना और पुत्र विपिन के साथ मिलकर हत्या कर दी और शव कमरे में बंद कर दिया। जानकारी पर बड़े पुत्र राजेंद्र ने डायल 112 पर जानकारी दी। पुलिस ने कमरे का ताला तोड़कर शव बरामद कर लिया। राजेंद्र ने कहा कि पिता का 19 जून से सुराग नहीं मिल रहा है। सोमवार की देर रात एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने मौका मुआयना किया। सीओ सहावर शाहिदा नसरीन ने कहा कि गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें लगाई गई हैं।

## बीएड प्रवेश परीक्षा में अलीगढ़ के मनोज टॉपर

**लखनऊ।** उप्र संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा- 2024 का परिणाम मंगलवार को जारी किया गया। अलीगढ़ के मनोज कुमार टॉपर रहे। इन्हें 400 में से 344.67 अंक प्राप्त हुए हैं। ये आर्ट स्ट्रीम के हैं। परीक्षार्थी बुंदेलखंड और झांसी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणामों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 9 जून को प्रदेश के 51 जिलों में 470 केंद्रों पर हुई परीक्षा में 2.23 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था जिनमें 1.93 लाख ने परीक्षा दी। पहले स्थान पर अलीगढ़ के मनोज कुमार, दूसरे स्थान पर प्रयागराज के शिव मंगल और तीसरे स्थान पर वाराणसी के नजीर अहमद रहे।

# केजरीवाल को जमानत देने से हाईकोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- निचली कोर्ट के फैसले को पलटा, सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि निचली अदालत ईडी द्वारा उसके समक्ष पेश की गई सामग्री का उचित आकलन करने में विफल रही और फैसला करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। पीठ ने कहा कि निचली अदालत ने रिकॉर्ड पर प्रस्तुत सामग्री/दस्तावेजों और ईडी के तर्कों का उचित आकलन नहीं किया।

### केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकती है सीबीआई

**नई दिल्ली।** आप नेता संजय सिंह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को फंसाने के लिए सीबीआई के साथ साजिश रची है। एक्स पर एक वीडियो संदेश में सिंह ने कहा कि भाजपा ने सीबीआई द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार करवाने की योजना बनाई है।

# आज से हल्की बारिश, फिर बढ़ेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### ललितपुर में मानसून के प्रवेश के बाद कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना



- दो-तीन दिनों में पूरे प्रदेश में प्रभावी होगा मानसून

**अमृत विचार :** मानसून ने प्रदेश में दस्तक दे दी है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि ललितपुर में मानसून के प्रवेश के बाद प्रदेश के कई जिलों में बुधवार से हल्की बारिश शुरू होने की संभावना है। फिर आगामी दिनों में अच्छी बारिश होगी।

मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, दो से तीन दिनों में मानसून पूरे प्रदेश में अपना असर दिखाएगा। मानसून प्रदेश में दक्षिण पश्चिम से बढ़ रहा है। ऐसे में ललितपुर में प्रवेश कर चुका है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में बुधवार से हल्की बारिश शुरू हो जाएगी। इससे तापमान में गिरावट आएगी। वहीं, प्रदेश में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक वर्षा सुल्तानपुर में 38 मिमी रिकार्ड की गई। दूसरे स्थान पर हरदोई जनपद रहा। यहां वर्षा औसतन 16 मिमी रिकार्ड की गई। कानपुर में 6.2 और बरेली में 3.2 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई।

### लखनऊ मंडल के जिलों में यलो अलर्ट

लखनऊ मंडल में तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली गिर सकती है। ऐसे में लखनऊ के अतिरिक्त सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव जनपदों में मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### कानपुर का दिन और रात सबसे गर्म

प्रदेश में कानपुर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 43 .1 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 30 .8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वाराणसी में अधिकतम 42 .3 और न्यूनतम तापमान 29 .9 डिग्री रहा। प्रयागराज में अधिकतम 42 .1 और न्यूनतम 30 .3 डिग्री रिकार्ड किया गया। आगरा में अधिकतम 41 .5 और न्यूनतम 28 डिग्री रहा। वहीं, लखनऊ का अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 29 .2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# 75 हजार घूस लेते जीएसटी का सहायक आयुक्त पकड़ा

संवाददाता, देहरादून

- रेस्टोरेंट के बिलों में कमियां बता जुर्माने के दबाव में मांगी थी रिश्वत

**अमृत विचार :** देहरादून की विजिलेंस टीम ने जीएसटी कर विभाग के सहायक आयुक्त को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। रेस्टोरेंट के बिलों में कमियां बताकर भारी जुर्माने के दबाव में रिश्वत मांगी थी। विजिलेंस टीम ने सहायक आयुक्त के देहरादून स्थित आवास की भी तलाशी ली। अब उनकी चल-अचल संपत्ति के बारे में जानकारी की जा रही है।

विजिलेंस के एसएसपी धीरेंद्र गुंज्याल के निर्देशन में टीम ने मंगलवार को जीएसटी कार्यालय लक्ष्मी रोड, डालनवाला में छापा मारकर सहायक आयुक्त शशिकांत दुबे को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि शशिकांत दुबे द्वारा शिकायतकर्ता से रेस्टोरेंट के बिलों में जीएसटी के नियमों के क्रम में कमियां बताकर भारी जुर्माने का दबाव बनाकर रिश्वत मांगी गई थी। रणनीति के तहत शिकायतकर्ता रिश्वत की तय रकम देने पहुंचा तभी टीम ने सहायक आयुक्त को दबोच लिया।

## सफाई कर्मियों ने दिया धरना, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचार :** अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत ने कलेक्ट्रेट पर धरना देकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें नगर के दूसरे वार्ड में स्थानांतरण करने एवं मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत ने मंगलवार को मालवीय आवास पर धरना दिया। धरना के बाद जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि नगर पंचायत रुदायन के वार्ड एक निवासी कालीचरण 18 सालों से सफाई कर्मचारी के रूप में सेवा दे रहा है। हर साल उसे नोटिस दे दिया जाता है वार्ड सभासद भी दूसरे वार्ड में स्थानांतरित करने को कह चुके हैं। लेकिन उसे दूसरे वार्ड में भेजने की बजाए उसको नोटिस थमा दिया जाता है जिससे उसका उत्पीड़न हो रहा है। 18 मई को वह ड्यूटी कर अपने घर जा रहा था तभी उसे सफाई कर्मचारी महेश, पप्पू, मुन्नी देवी, मुनेंद्र, सुमित, अंसुल आदि ने घेर लिया उसके साथ मारपीट की। पीड़ित को बचाने आए शिवम को भी उसके घर में घुस कर पीटा। उसने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। कालीचरन को दूसरे वार्ड में भेजा जाए, नगर पंचायत कर्मियों और हमलावरों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। पीड़ित के खिलाफ दर्ज मुकदमा वापस लिया जाए, अधिशासी अधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाए। जिलाध्यक्ष सुशील कुमार दिव्यांग ने निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की है।

## 15 ब्लॉकों में लगेंगे ऑनलाइन रोजगार मेले

**बदायूं, अमृत विचार:** नई व्यवस्था के तहत जिले के सभी 15 ब्लॉकों में ऑनलाइन रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तिथियां घोषित कर दी गईं हैं। मेला में देहरादून क्षेत्रीय प्रशिक्षण कमांडेंट संदीप माथुर द्वारा पंजीकृत उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। सीडीओ केशव कुमार ने बताया कि इस बार ऑनलाइन रोजगार मेला लग रहे हैं। जिसमें संदीप माथुर कमान्डेन्ट क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र देहरादून के द्वारा चयन किया जाएगा। ऑनलाइन मेला में इस बार अभ्यर्थियों से प्रशिक्षण के लिए तीन रुपये प्रोफाइल फीस के तौर पर नामित कंपनी द्वारा जमा कराए जाएंगे तथा एक हजार रुपये प्रशिक्षण शुल्क भी जमा कराया जाएगा। इसमें उन्हें कैंटीन, यूनिफार्म, बोर्डिंग एवं लॉजिंग आदि सुविधा दी जाएगी। बताया कि विकासखंड सालारपुर में 24, 25, उझानी में 26, 27 जून, कादरचौक में 28, 29 जून, म्याऊं में 1, 2 जुलाई, उसावां में 3, 4 जुलाई, जगत में 5, 6 जुलाई, वजीरगंज में 8, 9 जुलाई, बिसौली में 10, 11 जुलाई, आसफपुर में 12, 15 जुलाई, सहसवान में 16, 17 जुलाई, दहगवां में 18,19, इस्लामनगर में 20, 22, अम्बियापुर में 23, 24, दातागंज में 25, 26 और समरेर ब्लॉक में 27, 28 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

# डॉक्टर के इंतजार में गुजरा दिन, वापस लौटीं महिलाएं

## जिला महिला अस्पताल में महिला चिकित्सक के आने का इंतजार करती रहीं गर्भवती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** अव्यवस्थाओं का दंश झेल रहे जिला महिला अस्पताल में मंगलवार को पूरे दिन चिकित्सकों की कुर्सियां खाली पड़ी रहीं। सैकड़ों महिलाएं चिकित्सकों के इंतजार में सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक बैठी रहीं, लेकिन चिकित्सक नहीं पहुंची तो महिलाएं परेशान होकर वापस लौट गईं। इस अव्यवस्था के चलते मरीजों को हर रोज परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को जिला महिला अस्पताल में हर रोज की तरह मरीज सुबह नौ बजे पहुंच गईं और चिकित्सकों की ओपीडी के बाहर लाइन लगा ली। महिलाओं की संख्या बढ़ती गयी। दोपहर एक बजे तक लगभग 140 महिला मरीज ओपीडी में पहुंच गयीं। गर्मी और उमस के कारण महिलाएं इधर उधर बैठ कर इंतजार करती रहीं। **गर्मी से बेहोश हुई मरीजः** कई महिलाएं गर्मी अधिक होने के कारण बेहोश हो गयीं तो उनके परिजन उन्हे अस्पताल से उठा कर बाहर ले गए। इस अव्यवस्था पर महिलाओं ने नाराजगी व्यक्त की। लेकिन पूरे अस्पताल में एक भी डॉक्टर नहीं थे, इसलिए उनकी नाराजगी देखने वाला कोई नहीं था। परेशान महिलाएं एक बजे तक बैठीं रहीं, जब कोई चिकित्सक नहीं पहुंचा तो महिलाएं वापस लौटने लगीं। दो बजे तक लगभग सभी महिला मरीज वापस लौट गईं



महिला चिकित्सक के इंतजार में बैठीं मरीज। ● अमृत विचार

- मंगलवार को 140 महिलाएं इलाज के लिए पहुंची
- उमस भरी गर्मी में कई महिलाओं की बिगड़ी हालत



महिला अस्पताल में खाली पड़ी चिकित्सकों की कुर्सियां।

### बाल रोग विशेषज्ञ भी गैरहाजिर

मंगलवार को जिला महिला अस्पताल में एक भी बाल रोग चिकित्सक नहीं थे, बीमार बच्चों को लाए परिजनों को इंतजार करना पड़ा। कई मरीजों ने जब सीएमएस से चिकित्सक न होने की शिकायत की तो वह खुद बीमार बच्चों को देखने पहुंच गए। सीएमएस ने बीमार बच्चों को देख कर दवाएं दीं। फिर भी दर्जनों बीमार बच्चे तब तक वापस लौट गए।

### चार में एक भी डॉक्टर नहीं आईं

महिला अस्पताल में चार महिला चिकित्सक तैनात हैं, लेकिन मंगलवार को ओपीडी में इनमें से एक भी मौजूद नहीं थी। बताया गया एक डॉ. आकांक्षा जेल में मरीजों को देखने गई थीं जो दोपहर तक वापस नहीं आईं। वहीं डॉ. राविया अवकाश पर थीं। डॉ. नाजिया व एक अन्य डॉक्टर के बारे में बताया गया तक वह कुछ देर में आ रही हैं, लेकिन दोपहर एक बजे तक वह ओपीडी में नहीं पहुंचीं। आज एक महिला चिकित्सक आकांक्षा जेल में महिला कैदियों को देखने गई हैं, जबकि डॉक्टर राविया अवकाश पर हैं। डाक्टर नाजिया आने वाली हैं। कुछ देर में आ जाएंगी। एक अन्य महिला चिकित्सक को फोन किया गया है वह बाहर थीं, उनके आने पर महिलाओं को दवाएं दी जाएंगी।

> आज एक महिला चिकित्सक आकांक्षा जेल में महिला कैदियों को देखने गई हैं, जबकि डॉक्टर राविया अवकाश पर हैं। डाक्टर नाजिया आने वाली हैं। कुछ देर में आ जाएंगी। एक अन्य महिला चिकित्सक को फोन किया गया है वह बाहर थीं, उनके आने पर महिलाओं को दवाएं दी जाएंगी। बाल रोग चिकित्सक नहीं आए इसलिए खुद बच्चों को देखा उन्हें दवाएं दीं। हालांकि कई लोग बच्चे को लेकर वापस लौट गए।
>
> **–डॉ. इंदु कांत वर्मा** –सीएमएस



देवरानी को दिखाने को लाए हैं। सुबह से बैठे हैं। यहां अभी तक कोई चिकित्सक नहीं है। गर्मी की वजह से यहां बैठना भी मुश्किल हो रहा है। जबकि दर्जनों महिलाएं वापस लौट गयीं। **–अंजू** – नवादा



चार घंटे से बैठे हैं, एक भी महिला चिकित्सक नहीं है। परेशानी बढ़ती जा रही है। परिजन अब प्राइवेट डाक्टर को दिखाने की बात कह रहे हैं। यहां पर कोई देखने वाला नहीं है। **–नेहा** – कुंवरगांव



डॉक्टरों के इंतजार में दोपहर हो गया। एक भी कर्मचारी देखने को नहीं आया है कई लोगों से पता किया गया तो किसी ने कुछ भी नहीं बताया। सरकारी चिकित्सकों को किस बात कर पैसा मिल रहा है। **–रूपा** – फरीदपुर



दो दिन से दौड़ रहे हैं। कल एक डाक्टर थीं, इसलिए भीड़ अधिक रही, वापस घर चले गए। आज तो कोई चिकित्सक नहीं है। आज भी वापस लौटना पड़ रहा है। सरकारी अस्पताल में दिक्कत के सिवा कुछ नहीं है **–मंजू** – खेड़ा नवादा

# ऑनलाइन होगी पशु गणना कर्मचारियों को मिलेगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पशुपालन विभाग वर्ष 2019 के आंकड़ों के हिसाब से गणना के लिए गठित कर रहा टीम

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पशुपालन विभाग ने 21 वीं पशु गणना की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग वर्ष 2019 के आंकड़ों के अनुसार गणना के लिए टीमें बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि पशुपालन विभाग द्वारा पशु गणना के लिए तिथि घोषित नहीं की है। सितंबर से पशु गणना शुरू होगी। पशुधन गणना की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन मोबाइल एप के माध्यम से कराई जाएगी। पशुगणना से पूर्व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मोहर सिंह ने बताया कि जिले में वर्ष 2019 में 20वीं पशुगणना हुई थी। अब 2024 में 21वीं पशुगणना होनी है। इस बार पशुपालन और डेयरी विभाग मोबाइल तकनीक का उपयोग करके पशुधन गणना करेंगे। इससे पशुओं का डाटा ऑनलाइन करने में मदद मिलेगी। बताया कि 2019 में हुई पशु गणना के हिसाब से जिले में गाय, भैंस व बकरियों सहित कुल पशुओं की संख्या 13 लाख 86 हजार, 950 है। 21वीं पशुगणना के लिए पशुपालन विभाग के साथ अन्य विभागों के ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों व कर्मचारियों की मदद ली जाएगी। ग्राम पंचायतवार टीमें बनाकर पहले कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद पशुओं की गणना का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

पशु गणना को लेकर माना जा रहा है कि वर्ष 2019 में हुई पशु गणना के मुकाबले अब जिले में पशुओं की संख्या काफी बढ़ गई है। इसमें भी बड़ी संख्या में छुट्टा पशु बढ़े हैं, जों किसानों के साथ ही लोगों के लिए भी मुसीबत का कारण बन रहे हैं। माना जा रहा है कि गणना के बाद इनके संरक्षण के लिए भी प्रयास किए जाएंगे।

### 1036 ग्राम पंचायतों में होगी पशु गणना

जिले की सभी 1036 ग्राम पंचायतों के साथ 21 निकायों में पशु गणना की जाएगी। इसमें गाय, बैल, भैंस, भेड़, बकरी, सुअर, घोड़ा व कुत्ता सहित अन्य पशुओं की विभिन्न प्रजातियों की गणना कर आंकड़े जुटाए जाएंगे। पशुओं के क्षेत्र में उचित योजना बनाने, कार्यक्रम तैयार करने, पुनर्निर्माण करने एवं विभिन्न योजनाओं को सही दिशा देने में पशुधन के आंकड़े सहायक होंगे।

> पशुओं की गणना शुरू करने की तैयारी चल रही है। अभी टीमों के गठन का कार्य चल रहा है। टीमें गठित होने के बाद उन्हें प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद गणना का काम शुरू कराया जाएगा। इस कार्य में कितना समय लगेगा कहना मुश्किल है। इसलिए तिथि घोषित नहीं की गई है। सितंबर माह में पशु गणना संभव है।
>
> **–डॉ. मोहर सिंह**, सीवीओ

# परिषदीय विद्यालयों के खुले ताले पहले दिन शिक्षकों ने कराई सफाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** एक माह चार दिन बाद मंगलवार को परिषदीय स्कूलों के ताले खुल गए। शिक्षकों, अनुदेशक और शिक्षामित्रों ने स्कूल पहुंचकर साफ सफाई कराई और जरूरी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया। बच्चों का आगमन 28 जून से होगा। दो दिनों तक समर कैंप का आयोजन होने के बाद एक जुलाई से पठन पाठन का कार्य शुरू किया जाएगा। स्कूल आने वाले बच्चों का शिक्षक रोली टीका लगाकर स्वागत करेंगे।

परिषदीय स्कूलों में 20 मई से ग्रीष्मावकाश घोषित किया गया था। गर्मी की छुट्टी के लिए स्कूल 15 जून तक बंद हुए थे, लेकिन भीषण गर्मी को देखते शासन ने छुट्टी को 24 जून तक बढ़ा दिया था। इसमें अध्यापकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के लिए 24 जून और बच्चों के लिए 27 जून तक छुट्टी बढ़ाई गई थी। मंगलवार को शिक्षकों ने स्कूल पहुंचकर कक्षा कक्ष सहित परिसर की साफ सफाई कराई साथ ही प्रशासकीय कार्य को पूरा किया। हालांकि पहले दिन दूरदराज इलाकों के स्कूलों के ताले नहीं खुले। मंगलवार को डायट स्थित संविलियन स्कूल, पुलिस लाइन परिषदीय स्कूल सहित जगत ब्लॉक के रसूलपुर बिलहरी, आमगांव सहित अन्य परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों व रसोइयों ने पहुंचकर साफ सफाई कराई। शिक्षक करीब दस बजे तक रुके। बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाती भारती ने कहा कि मंगलवार से स्कूल खुल चुके हैं। तीन दिनों तक शिक्षक स्कूल में पहुंचकर साफ सफाई कराएंगे। 28 जून से बच्चों का आगमन होगा। समर कैंप के साथ ही स्कूल चलो अभियान की भी शुरुआत कराई जाएगी। जिसके निर्देश शिक्षकों और बीईओ को पहले ही जारी कर दिए गए थे।




मुजरिया में स्कूल में साफ सफाई करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

- 28 से आएंगे बच्चे, दो दिन लगेगा समर कैंप
- गर्मी की छुट्टियों में एक माह चार दिन बंद रहे परिषदीय विद्यालय

# अवैध वसूली की शिकायत पर महिला अस्पताल पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट, मरीजों से ली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गर्भवती महिलाओं से अवैध वसूली की शिकायत पर सिटी मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को जिला महिला अस्पताल में छापा मारा। सिटी मजिस्ट्रेट के पहुंचते ही वार्ड में खलबली मच गई। उन्होंने प्रसूताओं और गर्भवती महिलाओं से बात की। अवैध वसूली की शिकायत पर काफी देर तक पूछताछ करने के बाद सीएमएस से जवाब मांगा गया है। साथ ही महिला दलालों के प्रवेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए।

ग्राम जरासी निवासी हेम सिंह ने अपनी गर्भवती पत्नी अर्चना को रविवार की शाम को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि सोमवार को अस्पताल के स्टाफ ने अर्चना से पैसे की मांग की, लेकिन अर्चना के परिजन पैसों की मांग पूरी नहीं कर पाए। अर्चना ने सोमवार की शाम को पुत्र को जन्म दिया। सामान्य प्रसव होने के बाद जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ थे। आरोप है कि कुछ देर बाद उसके नवजात की मौत हो गई। जिसके बाद प्रसूता और उसके परिजनों ने हंगामा कर दिया। इस मामले की शिकायत सीएमएस से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद प्रसूता के परिजनों ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर अवैध वसूली की शिकायत की। इस शिकायत पर मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार जिला महिला अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने वहां पर भर्ती गर्भवती महिलाओं से बात की। प्रसूता के परिजनों ने अवैध वसूली को लेकर पूछताछ की। लेकिन भय के कारण किसी महिला ने मुंह नहीं खोला। जिला महिला अस्पताल में सिटी मजिस्ट्रेट के छापे से खलबली मच गई। महिला स्टाफ इधर उधर हो गया। एक भी स्वास्थ्य कर्मचारी दिखाई नहीं देने पर सीएमएस को बुलाया गया। सीएमएस डॉ. इंदुकांत ने बताया कि महिला का बच्चा कमजोर था इसलिए उसे नहीं बचाया जा सका। अवैध वसूली का आरोप निराधार है।

सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि महिला दलालों के सक्रिय होने की शिकायतें मिलती रहती हैं। इस पर ध्यान दिया जाए। किसी महिला दलाल को अंदर नहीं घुसने दिया जाए। गर्भवती महिलाओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सिटी मजिस्ट्रेट ने एसएनसीयू वार्ड का जायजा लिया। साथ ही ऑपरेशन वार्ड में प्रसूताओं से बात की।



प्रसूताओं के परिजनों से पूछताछ करते सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार।

- अस्पताल में भर्ती मरीजों और तीमारदारों से की पूछताछ
- नवजात की मौत के बाद परिजनों ने की थी शिकायत

> जिला महिला अस्पताल की कुछ शिकायतें मिली थीं, जिस पर आज निरीक्षण करने गए थे। गर्भवती महिलाओं से पूछताछ की, अवैध वसूली की शिकायत तो किसी ने नहीं की, फिर भी महिलाओं ने स्टाफ की लापरवाही और गलत व्यवहार की बात कही, जिस पर सीएमएस को निर्देशित किया गया है।
>
> **–अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट

# 75% उपस्थिति पर ही मिलेगी छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- स्कूलों में होगी बायोमीट्रिक उपस्थिति, जिसके आधार पर तय होगी पात्रता

**अमृत विचारः** छात्रवृत्ति के लिए छात्र छात्राओं की 75 उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया है। स्कूल-कॉलेजों में बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर उनकी पात्रता तय होगी। समाज कल्याण विभाग ने शिक्षण संस्थानों से 30 जून तक आधार बेस बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली को सुनिश्चित करने के लिए पत्र जारी किया है।

शिक्षण संस्थानों में बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य करने के लिए शासन की ओर से आदेश पिछले साल जारी किया गया था। माध्यमिक स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति तो बायोमीट्रिक से होने लगी थी, लेकिन बच्चों की उपस्थिति बायोमीट्रिक नहीं की गई, और न ही डिग्री कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेजों में इस व्यवस्था को लागू किया गया था। लेकिन इस बार शासन की ओर से सख्ती बरती गई है। इस शैक्षिक सत्र में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर दिया जाएगा।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ लेने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। शिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं की दैनिक उपस्थिति के लिए शासन की ओर से श्रीट्रान इंडिया लिमिटेड संस्था को नामित किया गया है। इस संस्था के द्वारा ही शिक्षण संस्थानों में पंजीकृत विद्यार्थियों की फेशियल रिकग्निशन प्रणाली द्वारा उपस्थिति ली जाएगी। विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ 75 प्रतिशत उपस्थिति पर दिया जाएगा। कहा कि समस्त शिक्षण संस्थानों को निर्देशित कर दिया गया है कि वह 30 जून तक आधार बेस बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# संविदा कर्मियों ने समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा पत्र



बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार को ज्ञापन देते जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विद्युत संविदा कर्मचारियों की वेतन विसंगति विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया एवं 30 जून को होने वाले कैंडल मार्च को लेकर अधीक्षण अभियंता को पत्र सौंपा गया।

विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षवर्धन के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष ठाकुर धीरेन्द्र कुमार सिंह ने मंगलवार को विद्युत कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि संविदा कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। 30 जून को होने वाले कैंडल मार्च को लेकर एक पत्र विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार को सौंपा गया। कैंडल मार्च की सूचना सभी अधिशासी अभियंताओं को दी गयी है। इसके साथ ही जिलाधिकारी सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों को भी सूचना दी गयी है। इस दौरान धीरेंद्र कुमार सिंह, तारुद्दीन, अवध पटेल, टीटू पटेल, अनुराग मिश्रा, अजब सिंह, विवेक शर्मा, मुसाविर अली, सिद्दीकी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चीनी बेचकर गन्ना किसानों के बकाया भुगतान की तैयारी

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली की यदु शुगर मिल ने गन्ना किसानों का शत-प्रतिशत भुगतान करने को अपनी रणनीति तैयार कर ली है। मिल प्रशासन का कहना है कि चीनी बेच कर अब किसानों का पूरा भुगतान किया जाएगा।

बिसौली की यदु शुगर मिल ने पिछले गन्ना पेराई सत्र के दौरान करीब एक सौ आठ करोड़ रुपए का गन्ना खरीदा था। मार्च के अंतिम सप्ताह में चीनी मिल में पेराई सत्र बंद हो गया था। 23 जून तक 43 करोड़ 17 लाख 14 हजार की धनराशि बकाया है। चार दिन पूर्व जिला गन्ना कार्यालय में हुई बैठक में बिसौली चीनी मिल के प्रबंधक अनिल सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में प्रभारी जिला गन्ना अधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने निर्देशित किया था कि गन्ना पेराई का नया सत्र शुरू होने से पहले ही चीनी मिलें शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करें। साथ ही चेतावनी दी थी कि गन्ना किसानों का बकाया होने पर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इसके बाद सोमवार को डीएम ने बैठक के दौरान 30 सितंबर तक बकाया भुगतान करने को कहा था। यदु शुगर मिल के प्रबंधक अनिल सिंह ने बताया कि अब तक जो बकाया है उसका भुगतान चीनी बेच कर किया जाएगा।

## फर्जी आईडी बनाकर किशोरी के फोटो किए वायरल

**म्याऊं।** थाना अलापुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी तीन युवकों ने रितिक नाम से फेसबुक आईडी बनाकर उनकी नाबालिग बहन के फोटो वायरल कर दिए। जिसकी वजह से बहन और उनके परिजनों की छवि धूमिल हो रही है। आरोप है कि 12 दिन पहले शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है, जिसके चलते आरोपी उनके घर पर आकर गाली-गलौज करते हैं और फब्तियां कसते हैं। प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है।




आवश्यकता है
अमृत विचार को
- एचआर /एडमिन
- मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की

अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

खबरें www.amritvichar.com पर भी पढ़ें



School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
JCMST Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN
D.Pharma | M.Ed.
D.M.L.T. | B.Ed
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।


38.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

# अश्लील वीडियो बनाकर ले गया युवक धर्म परिवर्तन कराकर किया निकाह

## आरोपियों के चुंगल से छूटकर कोतवाली सदर पहुंची पीड़िता, पुलिस को बताई आपबीती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पहले दर्ज अपहरण के मामले में आरोपी युवक और उसके पिता के दबाव में पक्ष में दिए थे बयान



**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट के बेटे ने दूसरे समुदाय की युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया। उसकी अश्लील वीडियो बना ली। धमकाकर उसे अपने साथ ले गया। युवती के परिजनों ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। युवक के दवाब में युवती ने उसके पक्ष में बयान दर्ज कराए थे। जिसके बाद से युवती युवक के साथ पत्नी बनकर रह रही थी। युवक और उसके परिजनों ने युवती पर धर्म परिवर्तन और मांस खाने का दबाव बनाया। उसका धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करा दिया। युवती ने विरोध किया तो युवक और उसके परिजनों ने तरह-तरह से यातनाएं देना शुरू कर दिया। मंगलवार को युवती आरोपियों के चंगुल से छूटकर सदर कोतवाली पहुंची और पुलिस को घटना के बारे में बताया। पुलिस ने आरोपी युवक समेत उसके परिवार के पांच लोगों के खिलाफ उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, मारपीट और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती मंगलवार सुबह पुलिस के पास पहुंची। बताया कि वर्तमान में वह 24 साल की है। जब वह 17 साल की थी तो उसके मोहल्ले में रहने वाले अजीम पुत्र शाकिर ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। अजीम ने उसके अश्लील वीडियो और फोटो बना लिए। जिसे वायरल करने की धमकी देकर उसका यौन शोषण करने लगा। लगभग एक साल पहले वीडियो और फोटो दिखाकर उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी और शादी करने का दबाव बनाने लगा। मजबूर होकर वह अजीम के साथ चली गई। युवती के पिता ने अजीम के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने अजीम और उसके पिता जिला अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट शाकिर अली के दबाव में आकर कोर्ट में उनके पक्ष में बयान दिया। जिसके बाद से वह अजीम के साथ ही रह रही थी। कुछ दिनों के बाद अजीम, शाकिर अली, रेशमा, नदीम, सायमा उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगे। वह शाकाहारी है इसके बाद भी घर पर मांस पकवाते थे और उस पर मांस खाने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि उसे अपने धर्मस्थलों पर ले जाते थे। विरोध करने पर घर में बंद करके मारपीट करते थे। खाने को नहीं देते थे। उसका धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करा दिया। नाम बदलकर मायरा रखवा दिया। 24 जून को शाम लगभग 7 बजे उसे बुरी तरह से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। उनकी गिरफ्त से छूटकर युवती मंगलवार को कोतवाली सदर पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी अजीम, उसके पिता शाकिर अली, उसकी मां रेशमा बेगम, भाई नदीम व बहन सायमा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सदर कोतवाल राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## नर्सिंग एवं कम्प्यूटर ट्रेड प्रशिक्षण को 15 जुलाई तक करें आवेदन

**बदायूं।** जिला उद्योग उपायुक्त अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को चार माह का नर्सिंग एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष के लोग आवेदन कर सकते हैं। आवेदन 15 जुलाई तक मांगे जा रहे हैं। आवेदन करने के दौरान अभ्यर्थियों के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता (कम से कम हाईस्कूल पास), बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र आदि अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे। आवेदन के बाद उसकी हार्ड कॉपी विभाग में जमा करनी होगी।

## महिला की मौत, पति समेत पांच पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र के गांव गदगांव निवासी भुवनेश शर्मा पुत्र ओमकार शर्मा ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया और मुख्यमंत्री को भेजा। जिसमें उन्होंने बताया कि उन्होंने बहन प्रीति शर्मा की शादी थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव नवाबपुरा निवासी रोहित पुत्र राम सेवक के साथ 16 जून 2020 को की थी।

आरोप है कि शादी के बाद पहली रात से ही ससुराल वाले प्रीति से अतिरिक्त दहेज में बाइक और दो लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने प्रीति को पीटना शुरू कर दिया। धमकाते थे कि उसे जान से मारकर रोहित की दूसरी शादी करा देंगे। आरोप है कि ससुरालीजनों ने प्रीति को जहर खिला दिया। प्रीति को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मुरादाबाद पुलिस ने 21 जून को पोस्टमार्टम कराया। एसएसपी के आदेश पर पति रोहित, जेठ मोहित, जेठानी किरन, ससुर रामसेवक, सास रामधारा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

# करंट लगने पर बड़े भाई को बचाने दौड़े युवक की मौत

संवाददाता, उघैती

- मंगलवार सुबह छत पर पंखा ठीक करने के दौरान बड़े भाई को लगा था करंट

**अमृत विचार :** बड़े भाई को करंट लगने पर छोटा भाई उसे बचाने को दौड़ा। उसने बड़े भाई को तो बचा लिया लेकिन खुद अचेत होकर गिर गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार हार्टअटैक से उसकी मौत हुई होगी। मौत के बाद परिवार में चीत्कार मचा है। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। थाना उघैती क्षेत्र के गांव सरैरा निवासी जितेंद्र (29) पुत्र आनंद पाल खेती करके परिवार का पालन पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार मंगलवार सुबह वह और उनके बड़े भाई सतेंद्र घर की छत पर बैठकर बोर्ड में प्लग लगाकर पंखा ठीक कर रहे थे। उस दौरान बिजली नहीं थी लेकिन कुछ देर के बाद बिजली आ गई। सतेंद्र को करंट लग गया। उनसे कुछ दूरी पर बैठे जितेंद्र देखा तो दौड़कर सतेंद्र के पास पहुंचे।



मृतक जितेंद्र।

उन्होंने पंखे का तार हटाकर बड़े भाई को बचा लिया लेकिन वह अचेत होकर छत पर ही गिर पड़े। शोर सुनकर परिजन छत पर पहुंचे। दोनों भाइयों को निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। परिजन करंट से मौत होना मान रहे थे लेकिन चिकित्सक ने बताया कि उन्हें करंट नहीं लगा था। हार्टअटैक से मौत हुई होगी।

वहीं सतेंद्र का इलाज चल रहा है। मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। उघैती थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि युवक की मौत की सूचना नहीं मिली है।

# राजमार्ग किनार झाड़ी में मिला 15 दिन से लापता किसान का शव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- परिजनों ने कपड़े देखकर की शिनाख्त, मृतक की पत्नी ने तीन लोगों पर लगाया हत्या का आरोप

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित करूआ पुल के पास 15 दिनों से लापता किसान का कंकाल मिला। जिसकी शिनाख्त थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव गुलाबगंज गनियाई निवासी राम किशन के रूप में हुई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। किसान के कपड़ों की जेब से विषाक्त पदार्थ के पाउच मिले। पुलिस ने कंकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। किसान की पत्नी ने गांव के तीन लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया लेकिन तहरीर नहीं दी है।

मामला उझानी कोतवाली क्षेत्र का है। मंगलवार को कुछ लोग बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित करुआ पुल के निकट झाड़ियों के पास से गुजर रहे थे। उन्हें दुर्गंध आई। लोगों ने पास जाकर देखा तो वहां क्षत विक्षत कंकाल पड़ा दिखा। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। उझानी पुलिस मौके पर पहुंची। कपड़ों की जेब चेक की तो कुर्ते की जेब से एक डायरी मिली। जिस पर कुछ मोबाइल नंबर लिखे थे। पुलिस ने उन मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया। थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव गुलाबगंज गनियाई के एक व्यक्ति से बात हुई। उसने बताया कि उनके परिवार के राम किशन (50) खेती करते थे। वह 15 दिनों से लापता हैं। पुलिस ने उन्हें कंकाल और कपड़ों की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंच गए। उनकी पत्नी प्रेमवती ने कपड़े देखकर राम किशन की शिनाख्त की। महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले राम किशन का पड़ोस के गांव भुड़िया निवासी के तीन लोगों ने शराब पीलाकर राम किशन की जमीन का बैनामा करा लिया था। जिसका मुकदमा विचाराधीन है। 15 दिन पहले राम किशन गांव भुड़िया जाने की बात कहकर घर से निकले थे। जिसके बाद वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी तलाश की थी लेकिन कहीं पता नहीं चला था। फिर परिजनों को लगा कि राम किशन पहले भी कई-कई दिनों तक घर नहीं आते थे इस बार भी कहीं रुक गए होंगे। जिसके चलते उनके लापता होने की जानकारी पुलिस को नहीं दी। महिला ने हत्या की आशंका जताई। जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कंकाल पोस्टमार्टम को भेजा।

# घर के बाहर बैठे युवक को उठाकर ले जाने का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विरोध करने पर हमलावरों ने लोहे की रॉड मारकर फोड़ा सिर
- बचाने गई युवक की मां के साथ भी आरोपियों ने की मारपीट

**अमृत विचार :** चार युवकों ने घर के बाहर बैठे युवक को जबरन उठाकर ले जाने का प्रयास किया। युवक के विरोध करने पर लोहे की रॉड से प्रहार करके उसका सिर फोड़ दिया। युवक को बचाने आई उसकी मां से मारपीट की। लोगों के एकत्र होने पर हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक की मां ने चार आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

घटना कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला सम्राट अशोक नगर की है। मोहल्ला निवासी विजय रानी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 जून शाम लगभग साढ़े आठ बजे उनका बेटा आशीष गली के बाहर बैठा था। इसी दौरान चार युवक आए और उनके बेटे को उठाकर ले जाने लगे। रोकने का प्रयास करने पर आरोपियों ने आशीष से मारपीट की और उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार किया, जिससे उसका सिर फट गया। वह बेटे को बचाने के लिए गई तो हमलावरों ने उनसे भी मारपीट की। शोर सुनकर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। हमलावर धमकी देते हुए मौके से भाग गए। इसके बाद परिजनों ने आशीष को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। युवक की मां ने चार आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# लोडर वाहन की टक्कर से युवक की मौत, फुफेरा भाई घायल

संवाददाता, इस्लामनगर/रुदायन



हादसे के बाद सीएचसी के बाहर जमा भीड़। ● अमृत विचार

- मंगलवार देर शाम इस्लामनगर क्षेत्र में राजपुर रोशन नगर चौराहे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र में बिल्सी मार्ग पर गांव राजपुर रोशन नगर चौराहे पर लोडर वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई जबकि उसका फुफेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को रुदायन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है। जहां से बरेली रेफर किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक अरुण।

इस्लमानगर क्षेत्र के कस्बा रुदायन निवासी अरुण पुत्र संतोष अपने फुफेरे भाई जिला संभल के थाना बबराला क्षेत्र के गांव शाहबाद निवासी रोहित (19) पुत्र उमेश के साथ बाइक से कस्बा इस्लामनगर जा रहे थे। बिल्सी की ओर से तेज रफ्तार से आए लोडर वाहन ने उनकी बाइक को रौंद दिया। अरुण की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठा रोहित घायल हो गया। उसे सीएचसी पर भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने बरेली रेफर कर दिया। पुलिस ने लोडर वाहन को थाने पर खड़ा कराया गया है। चालक पुलिस की हिरासत में है।

# साउंड सिस्टम सहित दो लोगों को थाने ले गई पुलिस

संवाददाता, कुंवरगांव

- माननीय ने किया फोन तो पुलिस ने वापस किया सामान

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कैली में करील बाबा मंदिर पर दो दिवसीय मेले के दौरान डीजे पर नृतकियों ने जैसे ही डांस शुरू किया तो पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देख मेले में भगदड़ मच गई। पुलिस साउंड सिस्टम थाने ले गई साथ ही दो लोगों को भी पकड़ लिया। मेला आयोजकों ने एक विधायक को फोन पर जानकारी दी जिसके बाद पुलिस ने साउंड सिस्टम को वापस किया और पकड़े गए लोगों को भी छोड़ दिया।

कैली गांव में करील बाबा के मंदिर पर हर साल मेले का आयोजन किया जाता है। इस साल भी दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। मेला कमेटी ने मेले में साउंड सिस्टम लगाने के साथ नृतकियों को भी बुलाया था। सोमवार की रात को जैसे ही साउंड सिस्टम पर डांस शुरू हुआ तो किसी ने पुलिस को सूचना दे दी, पुलिस मेले में पहुंची और साउंड सिस्टम को कब्जे में ले लिया। पुलिस दो लोगों को पकड़ कर ले गई। इसकी सूचना मेला आयोजक ने एक विधायक को दी जिसके बाद शहर विधायक ने पुलिस को फोन किया तब कहीं पुलिस ने साउंड सिस्टम वापस किया और दोनों लोगों को भी छोड़ दिया। मेला कमेटी अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि अब मेले में केवल दंगल शेष रह गया है। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि बिना अनुमति के डांस नहीं कराया जा सकता।

## गांव गया किराएदार चोरी हो गए दो लाख रुपये के जेवर

**बिसौली, अमृत विचार :** मकान का ताला तोड़कर चोरों ने किराएदार के दो लाख रुपये के जेवर और पांच हजार की नगदी चोरी कर ली। पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बिसौली की शिव कॉलोनी में ओमप्रकाश शर्मा का मकान है। वह अपने पैतृक गांव भमोरी में रहते हैं। इंद्रपाल सिंह उनके मकान में किराए पर रहते हैं। सोमवार को ताला लगाकर इंद्रपाल का परिवार गांव अजनाबर चले गए। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर में रखे अंगूठी, पायजेब, सोने की चेन सहित दो लाख का जेवर और पांच हजार की नगदी चोरी कर ली। मंगलवार सुबह इंद्रपाल घर पहुंचे तो ताले टूटे मिले। घर से जेवर गायब थे।

# मुख्य सेविका पर धन उगाही का आरोप सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपती आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र की आंगनबाड़ी वर्कर्स।

- आंगनबाड़ी वर्कर्स ने मानदेय भुगतान को लेकर की मांग

**अमृत विचार:** आसफपुर परियोजना क्षेत्र में कार्यरत दर्जनों आंगनबाड़ी वर्कर्स ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर सिटी मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने मुख्य सेविका पर गंभीर आरोप लगाए। साथ ही मानदेय भुगतान को लेकर मांग की।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में आंगनबाड़ी वर्कर्स ने मुख्य सेविका पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा पोषाहार उठान के दौरान अवैध धन उगाही की जाती है। जिसका विरोध करने पर मानसिक शोषण करने के साथ ही जाति सूचक शब्दों से संबोधन किया जाता है। आंगनबाड़ी वकर्स का कहना था कि मुख्य सेविका के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो धरना प्रदर्शन करने पर विवश होंगी। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने रुके हुए मानदेय का भुगतान जल्द कराए जाने की मांग की। सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपने वालों में खजाना देवी, नीलम सक्सेना, वीर कुमारी, राजबाला, मधुबाला, संतोष कुमारी, सर्वेश कुमारी, प्रीति देवी आदि आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रहीं।

# ऑक्सीजन प्लांट को चालू करने को फिर लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तीन महीने से बंद प्लांट की दो बार कराई जा चुकी मरम्मत

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट को चालू कराने को फिर से पत्र लिखा गया है। तीन महीने से बंद प्लांट की दो बार मरम्मत हो चुकी है। इसके बाद भी ऑक्सीन प्लांट ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है।

जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट करीब तीन महीने से तकनीकी खराबी के चलते बंद है। जिला अस्पताल प्रशासन ने अप्रैल में प्लांट की मरम्मत कराने के लिए कंपनी को पत्र लिखा था जिसके बाद कंपनी के टेक्नीशियन आए और तीन दिन तक ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत की गई। मरम्मत होने के बाद करीब पांच दिन तक ऑक्सीजन प्लांट ठीक तरह से चला, उसके बाद फिर खराबी आने के कारण बंद हो गया। दूसरी बार बंद होने पर मई के पहले सप्ताह में फिर कंपनी के टेक्नीशियन को बुलाया गया मगर टेक्नीशियन की लाख कोशिशों के बाद भी प्लांट चालू नहीं हो सका। उसके बाद से ऑक्सीजन प्लांट बंद है। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि प्लांट को चालू कराने को एक बार फिर कंपनी को पत्र लिखा गया है साथ ही एडी हेल्थ को भी सूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में बीमारियां अधिक फैलती हैं ऐसे में मरीजों को ऑक्सीजन की कभी भी जरूरत पड़ सकती है। हालांकि ऑक्सीजन की व्यवस्था अस्पताल में रहती है फिर भी प्लांट को चालू करना जरूरी है।

# अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर को किया सील

संवाददाता, इस्लामनगर




एसडीएम द्वारा सील किया गया फैमिली अल्ट्रासाउंड सेंटर। ● अमृत विचार

- एसडीएम बिल्सी ने की छापेमारी, बिना रजिस्ट्रेशन चलते मिले तीन अस्पतालों को नोटिस

**अमृत विचार :** कस्बे में तिरंगा चौक के निकट अवैध रूप से चल रहे फैमिली अल्ट्रासाउंड सेंटर को बिल्सी एसडीएम ने सील कर दिया। सेंटर का संचालन बिना डॉक्टर के हो रहा था। इसके अन्दर एक पैथलॉजी लैब भी चल रही थी। संचालक कोई कागजात उपलब्ध नहीं करा सका।

क्षेत्र में अवैध रूप से अस्पताल, पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन की शिकायतें प्रशासन को मिल रही थीं। मंगलवार को बिल्सी एसडीएम प्रवर्धन शर्मा ने रुदायन एमओआईसी डॉ. रोहित कुमार के साथ इस्लामनगर कस्बे में जांच अभियान चलाया। सबसे पहले टीम जेएस हेल्थ केयर सेंटर पर पहुंची जहां टीम ने हॉस्पिटल के कागजात देखे तो यह हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन केचलता मिला। जिस पर टीम ने हॉस्पिटल संचालक को नोटिस दे दिया । उसके बाद टीम एसएस हेल्थ केयर सेंटर पहुंची, यह अस्पताल भी बिना पंजीकरण के संचालित मिला, उसे भी टीम ने नोटिस जारी किया है। इसके बाद टीम को कौशल्य एंड माधवी हेल्थ केयर अस्पताल भी बिना मानक के संचालित मिला। जिस पर उसे नोटिस दिया गया। तिरंगा चौक स्थित फैमिली अल्ट्रासाउंड सेंटर में टीम पहुंची यहां न कुशल टेक्नीशियन थे और न ही जरूरी कागजात मिले। अल्ट्रासाउंड केंद्र का संचालक रजिस्ट्रेशन भी नहीं दिखा पाया। यहां कोई रेडियोलॉजिस्ट भी नहीं था। जिससे एसडीएम ने अल्ट्रा साउंड सेंटर को सील कर दिया। इस दौरान थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्री और किराएदार के कमरों से चोरी

**बिसौली, अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला शिव कॉलोनी की गली नंबर एक में आंगनबाड़ी कार्यकत्री गुड़िया यादव का मकान है। सोनू उनके मकान में किराए पर रहते हैं। सोमवार को गुड़िया यादव अपने मकान की बैठक में ताला लगाकर अपने मायके अतरपुरा चली गई थीं। रात में उनके किराएदार सोनू मकान के पीछे घेर में सो रहे थे। रात में चोरों ने उनकी बैठक का ताला तोड़ दिया। बैठक में रखी सोने की दो अंगूठी, एक सिलेंडर और 10 हजार रुपये और किराएदार के कमरे से 5 हजार रुपये चोरी कर लिए। चोर गुड़िया यादव की बैंक की पासबुक भी ले गए। मंगलवार सुबह सोनू घर में गए तो उनके होश उड़ गए। गुड़िया यादव को सूचना दी। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है।

# युवक ने की आत्महत्या, पुलिस ने श्मशान से उठाया शव

संवाददाता, बिसौली

- सोमवार रात को पत्नी से विवाद के बाद युवक ने कर ली थी आत्महत्या
- मृतक के साले की सूचना पर श्मशान घाट पहुंची पुलिस

**अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक का शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने बताया कि सोमवार रात युवक का उसकी पत्नी के साथ विवाद हुआ था। दोनों पक्ष में बैठकर फैसला हुआ लेकिन युवक का साला फैसले पर तैयार नहीं हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसौली क्षेत्र के गांव सर्वा निवासी जुगल किशोर (25) पुत्र संतोष की शादी लगभग दो साल पहले गांव कालूपुर निवासी रीता के साथ हुई थी। युवक के परिजनों के अनुसार सोमवार शाम युवक का उसकी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिससे नाराज होकर उसने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर युवक के ससुरालीजन और रिश्तेदार पहुंच गए। मंगलवार सुबह युवक के परिजन और ससुरालीजनों के बीच समझौता हुआ कि रीता की शादी मृतक जुगल किशोर के छोटे भाई से करा दी जाएगी। शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा, लेकिन रीता का भाई विनेश बहन की शादी उसके साथ कराने को नहीं माना। परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट ले गए। इसी दौरान विनेश ने पुलिस को सूचना दे दी। बिसौली सीओ सुनील कुमार और कोतवाल ब्रजेश कुमार श्मशान घाट पहुंच गए। शव का अंतिम संस्कार नहीं होने दिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जिसकी रिपोर्ट और तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हत्या करके शव पेड़ पर लटकाने का आरोपी गिरफ्तार



**बदायूं।** थाना उघैती पुलिस ने हत्या के आरोप में वांछित चल रहे युवक को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। उसने एक महिला के साथ मिलकर युवक की हत्या की थी। घटना को अंजाम देने के बाद उसने महिला के साथ मिलकर शव पेड़ पर लटका दिया था। थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव सकतपुर निवासी वीर सिंह पुत्र मोर सिंह का शव 11 जून को थाना उघैती क्षेत्र के गांव कोठा के जंगल में पेड़ पर लटका मिला था। प्रथम दृष्टया पुलिस आत्महत्या मान रही थी लेकिन पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की बात सामने आई थी। पुलिस ने गांव कोठा निवासी ओमेंद्र और सुमन के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। उन्होंने हत्या करके शव फंदे पर लटका दिया था। पुलिस ने आरोपी सुमन को गिरफ्तार करके 19 जून को जेल भेजा था। ओमेंद्र सिंह पुत्र ऋषिपाल सिंह की तलाश की जा रही थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को बिसौली-इस्लामनगर मार्ग स्थित गांव करनपुर के पास उघैती तिराहे से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश कौशिक, उपनिरीक्षक नाजिर अली, सिपाही विपिन कुमार और सुशील कुमार रहे।

# युवाओं को पर्यावरण मित्र की उपाधि से किया सम्मानित

संवाददाता, बिल्सी



पर्यावरण मित्र को सम्मानित करते संजीव रूप(

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव दिधौनी स्थित पदम प्रभु दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र पदमांचल जैन मंदिर पर अरिहंत वृक्षारोपण समिति ने पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे युवाओं को पर्यावरण मित्र की उपाधि से सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि आर्य समाज गुधनी के संचालक संजीव रूप ने पर्यावरण मित्रों को प्रतीक चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने के साथ-साथ उसकी सुरक्षा भी आवश्यक है। समिति के संस्थापक प्रशांत जैन ने कहा कि सभी को पौधे जरूर लगाना चाहिए। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष विष्णु असावा, मृदुल शर्मा, ऋषभ शर्मा, अमन वार्ष्णेय, वंश गिरी, मृगांक जैन, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

# बारिश ने खोली पालिका की पोल, करंट से गाय और कुत्ते की मौत

## आधा घंटे की बारिश में शहर भर की सड़कें हुईं जलमग्न, कई मोहल्लों में घरों और दुकानों के अंदर भरा बारिश का पानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जिले में मानसून सक्रिय हो गया है। प्री मानसून में मंगलवार को पहली झमाझम बारिश हुई। आधा घंटे तक हुई बरसात ने नगर पालिका के नाला सफाई के दावों की पोल खोलकर रख दी। शहर पानी-पानी नजर आया। प्रमुख सड़कें और गली-मोहल्लों में दो फुट तक पानी जमा हो गया। जिसकी वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं बारिश की वजह से अंडर ग्राउंड केबिल बॉक्स में आए करंट की वजह से एक गाय और कुत्ते की मौत हो गई। जिसकी वजह से शहर के लोगों में विद्युत विभाग के खिलाफ रोष देखने को मिला।

मंगलवार को सुबह के समय मौसम साफ था। बादलों और सूरज के बीच लुकाछुपी का खेल चल रहा था। दोपहर में अचानक आसमान में बादल घिर आए और देखते ही देखते झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। बच्चों ने बारिश में भीगकर मौज मस्ती की। करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। इस आधा घंटे की बारिश ने नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान की पोल खोलकर रख दी। घरों से लेकर दुकानों और प्रतिष्ठानों तक पानी घुस गया। जलभराव से मुक्ति पाने को लोगों के लिए पांच से छह घंटे तक इंतजार करना पड़ा। कई मोहल्लों, कालोनियों के घरों में पानी भरने से लोग कैद रहे। दुकानदारों ने दुकानों में जमा हुए पानी को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला। जगह-जगह हुए जलभराव की वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

वहीं बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। तापमान भी एक डिग्री सेल्सियस कम रिकॉर्ड किया गया। अधिकतम तापमान 38 और डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कृषि अधिकारियों के अनुसार मानसून सक्रिय हो गया है। आने वाले दिनों में बरसात के साथ बादलों का आना-जाना लगा रहेगा।

**फसलों को मिली संजीवनी, तेज होगी धान की रोपाई :** जेष्ठ माह के दौरान लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा था। किसान भी बरसात के लिए आसमान की ओर निहारते रहे। परंतु बारिश न होने की वजह से उन्हें निराशा हाथ लगी। पूरा महीना सूखा निकल गया। आषाढ़ माह शुरू होते ही बरसात शुरू हो गई। मंगलवार को हुई झमाझम बारिश से खेतों की प्यास बुझ गई। अब धान की रोपाई के लिए रफ्तार मिल जाएगी। साथ ही यह बरसात गन्ना की फसल के लिए संजीवनी साबित होगी।



छह सड़का रोड पर भरे पानी में होकर निकलते लोग। ● अमृत विचार



जोगीपुरा रोड पर भरे बरसात के पानी से निकलते लोग। ● अमृत विचार



मधुवन कालोनी में हुए जलभराव के बीच से निकलता ई रिक्शा।

### इन स्थानों हुआ जलभराव

मंगलवार को करीब आधा घंटे तक झमाझम बारिश हुई है। इस दौरान शहर पानी-पानी हो गया। पनबड़िया मार्ग, गांधी ग्राउंड चौराहा से छह सड़का मार्ग पर करीब दो से तीन फीट तक पानी जमा हो गया। इसके अलावा सुभाष चौक, कबूलपुरा, सर्राफा बाजार, नई सराय, सहित शहर के लगभग सभी इलाकों में जलभराव की दिक्कत रही। वाहन चालक सड़कों पर गिरते नजर आए।

### तेज हवा संग झूम के बरसे बदरा, सड़कें हुई जलमग्न



**वजीरगंज।** तेज हवाओं संग जमकर बारिश हुई। जिससे कस्बे की सड़कें तालाब बन गईं। घंटे भर हुई बारिश से मेन बाजार सहित कस्बे के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। जलभराव की वजह से घंटों आवाजाही बंद रही। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नाले और नालियां उफना गईं जिसकी वजह से दूषित पानी और सिल्ट सड़कों आ गई। जिससे उठने वाली दुर्गंध से लोगों का जीना दुश्वार हो गया। मंगलवार को तेज हवाओं संग हुई बारिश का दौर घंटे भर से अधिक चला। काफी समय से पड़ रही भीषण गर्मी से जहां लोगों ने राहत महसूस की तो वही बारिश का पानी जमा होने से सड़कें तालाब बन गईं। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों का आरोप है कि प्रशासन के निर्देश के बाद भी नगर पंचायत प्रशासन ने हाईवे किनारे बने नालों की सफाई ढंग से नही कराई। जिसकी वजह से मुरादाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे सहित आंवला रोड, बिल्सी रोड, हतरा रोड, बड़ा बाजार में नालों का गंदा पानी और कीचड़ सड़कों पर बहने लगी। इसके अलावा कस्बे के प्रमुख बाजार हाईवे से नीचा होने की वजह से जलभराव का संकट गहरा गया। कस्बे का बड़ा बाजार, होली चौक, नई बस्ती, मुमताज नगर सहित कई इलाकों में जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### बारिश से तालाब बना ओरछी चौराहा, लोग हुए परेशान



**ओरछी।** आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहे पर बारिश के चलते मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया। बरसात के पानी से चौराहा तालाब दिखाई दे रहा था। जिसकी वजह से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक दिक्कत पैदल चलने वालों के साथ दो पहिया वाहन चालकों को हुई। मंगलवार के दिन तेज हवाओं के साथ हुई बारिश की वजह से ओरछी चौराहे के इस्लामनगर मार्ग पर बारिश का पानी एकत्र रहा। वाहन चालकों व आसपास की दुकानदारों को पानी भरने से काफी दिक्कत होने लगी। चौराहे पर तालाब जैसी स्थिति बन गई। रोड किनारे नाला न होने की वजह से बरसात का पानी सड़क पर एकत्र हो गया। मुख्य मार्ग पर पानी भर जाने से पैदल आने-जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिसमें कई लोग फिसल भी गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में यही हाल है। रोड टूटा फूटा होने की वजह से बारिश के कारण बरसात का पानी सड़कों पर भर जाता है।

- मंगलवार दोपहर आधा घंटा हुई झमाझम बारिश से जलमग्न हो गईं सड़कें
- अंडरग्राउंड केबिल बॉक्स में आया करंट, चौबे मोहल्ले में गाय व मधुवन कॉलोनी में कुत्ते की मौत

### बेजुबानों के लिए आफत बनी बारिश

मानसून शुरू होते ही बेजुबानों के लिए काल बन जाता है। मानसून के दौरान बारिश की वजह से अंडरग्राउंड केबिल के करंट से दर्जनों जानवरों की मौत होती रही है। साथ ही आधा दर्जन लोग भी इस जानलेवा अंडरग्राउंड केबिल के करंट से काल के ग्रास बन चुके हैं। मंगलवार को हुई बारिश दो बेजुबानो के लिए काल बन गई। एक गाय और कुत्ते की मौत अंडरग्राउंड केबिल बॉक्स में आए करंट की चपेट में आने से हो गई। शहर के चौबे मोहल्ले में खुले पड़े अंडर ग्राउंड केबिल बॉक्स में उतरे करंट की चपेट में एक गाय आ गई। वहीं मधुवन कॉलोनी में केबिल बॉक्स में आए करंट से कुत्ते की मौत हो गई। जिससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। लोगों ने बिजली कर्मचारियों को फोन कर बिजली सप्लाई बंद कराई। इसके बाद उनके शवों को उठवाकर नगर पालिका के कर्मचारियों की सहायता से जमीन में दफन कराया।

# उझानी ब्लॉक पर दिया कुष्ठ रोग के इलाज का प्रशिक्षण



सीएचओ को प्रशिक्षण देते डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता एवं डॉ. अब्दुल्ला।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ब्लॉक उझानी के सभी सीएचओ को कुष्ठ रोग का प्रशिक्षण दिया गया। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता एवं एनएलईपी कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. अब्दुल्ला ने कुष्ठ रोग के विषय में विस्तार से सीएचओ को प्रशिक्षण दिया।

कुष्ठ के लक्षण एवं पहचान चिह्न के बारे में बताया। डॉ. अब्दुल्ला ने बताया कि कुष्ठ के दाग धब्बे त्वचा से हल्के रंग के होते हैं। इनमें सुन्नपन होता है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ का इलाज एमडीटी है। यदि रोगी को सही समय पर इलाज मिल जाए तो वह विकलांगता से बच जाता है। कार्यक्रम के अंत में एनएलआर के कोऑर्डिनेटर मंतोष कुमार ने कुष्ठ एवं मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में एनएमए मानवीर सिंह, एनएमएस मदनपाल, पीएमडब्ल्यू राजीव यादव का सहयोग रहा।

# आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा गया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



भाजपा कार्यालय पर संगोष्ठी के दौरान मौजूद भाजपा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर आपातकाल दिवस मनाते हुए विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा अनावा ने कहा कि आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा गया था। लोकतंत्र सेनानियों की मौजूदगी में युवा पीढ़ी को आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों के बारे में विस्तार से बताया।

क्षेत्रीय महामंत्री ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटकर देश पर आपातकाल थोपा था। हजारों बेगुनाह लोगों को जेल में बंद कर दिया गया और जनता पर जुल्म ढाए गए। मौजूदा समय में रोजाना संविधान की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने देश को निरंकुशता और अत्याचार का वह जख्म दिया जो कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आपातकाल के काले अध्याय को जनता खासकर युवाओं को इसलिए याद रखना जरूरी है जिससे भविष्य में ऐसा संकट दोबारा न देखना पड़े। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि इंदिरा गांधी की सरकार ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश में आपातकाल लगा दिया था। 21 महीनों तक देश में तानाशाही सरकार चलाकर देश के नागरिकों को बंधक बनाया था। रातों रात लाखों निरअपराध लोगों को जेलों में ठूंस दिया। प्रेस की आजादी पर ताला लगा दिया। अभिव्यक्ति की आजादी छीन ली। देशहित से ऊपर एक परिवार एक व्यक्ति के अहंकार को रखा गया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वंशवाद को बढ़ावा देने के लिए 25 जून 1975 को काला कानून लाया था। आपातकाल के 21 महीने देशवासी कभी भूल नहीं सकते। इस काले कानून के लिए देश कांग्रेस को कभी माफ नहीं कर सकता है। लोकतंत्र सेनानी पूर्व विधायक प्रेमस्वरूप पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष हरप्रसाद सिंह पटेल, सरोज शर्मा, राम किशोर शर्मा, वेद प्रकाश वैश्य ने विचार व्यक्त किए। एमपी सिंह राजपूत, नेकपाल कश्यप, शैलेंद्र मोहन शर्मा, रानी सिंह पुंडीर, जितेंद्र साहू, मनोज गुप्ता, पंकज शर्मा, शिवम शंखधार, मुकेश यादव, गोपाल शर्मा, अनुभव उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



संगोष्ठी को संबोधित करते भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा अनावा।

- भाजपा नेताओं ने आपातकाल को बताया काला अध्याय

# पहले दिन राजपूत और द लायंस ने जीते मैच

संवाददाता, उसहैत



ग्रामीण क्रिकेट लीग का आरंभ करते दातागंज के ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह।

- युवा मंच संगठन और खेल जगत फाउंडेशन की ओर से उसहैत में शुरू हुई क्रिकेट लीग
- दातागंज के ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह ने फीता काटकर ग्रामीण क्रिकेट लीग का किया आरंभ

**अमृत विचार :** युवा मंच संगठन और खेल जगत फाउंडेशन की ओर से सभासद हसरत हुसैन फारुकी और संगठन के पदाधिकारी आकाश सैनी के नेतृत्व में उसहैत में ग्रामीण क्रिकेट लीग का आरंभ हुआ। दातागंज के ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह, अंकित, फाउंडेशन के अध्यक्ष रतन गुप्ता ने फीता काटकर और पहली गेंद खेलकर आरंभ किया। पहला मैच राजपूत क्रिकेट क्लब और दूसरा मैच द लाइंस टीम ने जीता।

पहले मैच में गांव करीम नगर की राजपूत क्रिकेट क्लब ने गांव बरैनिया की द टाइगर क्रिकेट टीम को 8 ओवर में 134 रनों का लक्ष्य दिया। द टाइगर टीम 40 रन बनाकर आलआउट हो गई। 22 गेंदों में 73 रन बनाने वाले अवनीश मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मैच टाइटंस उसहैत और द लायंस के बीच हुआ। टाइटंस उसहैत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 51 रन बनाए। द लायंस की टीम ने 6 विकेट से मैच जीत लिया। विकेट की हैट्रिक और 11 रन बनाने वाले बालकृष्ण मैन ऑफ द मैच रहे।

ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण क्रिकेट लीग कराने वाले बधाई के पात्र हैं। उसहैत में जमीन तलाश कर दातागंज विधायक के माध्यम से स्टेडियम बनवाया जाएगा। जिससे ग्रामीण आंचल के खिलाड़ियों की प्रतिभा को पंख लगेंगे। मंच का संचालन ध्रुव देव गुप्ता ने किया। अंपायरिंग परवेज और भूरा व कमेंट्री हसन अली की। अचल गुप्ता, आदिल खान, आकाश, निसरत खान, अजय दिवाकर, फैजान, राज वर्मा, अजय दीवाकर, प्रवीण यादव, कासिम, अरशद, अंकित शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# बारिश का था इंतजार, किसान डालने लगे धान की पौध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बारिश नहीं होने के कारण अभी तक जिले के ज्यादातर किसानों ने नहीं डाली थी पौध

**अमृत विचार :** मानसून की पहली बारिश शुरू होते ही किसानों ने धान की पौध डालनी शुरू कर दी है। किसान गर्मी के कारण धान की पौध नहीं डाल रहे थे। बारिश के बाद किसानों ने धान की पौध डालनी शुरू कर दी है।

तेज गर्मी में धान की पौध को नुकसान होता है। इसलिए कृषि विभाग ने भी किसानों को गर्मियों के दौरान धान की पौध न डालने की सलाह दी थी। किसान मानसून की बारिश का इंतजार कर रहे थे। सोमवार और मंगलवार को हुई बारिश के बाद किसानों ने धान की पौध डालनी शुरू कर दी है। किसानों का कहना है कि ऐसे मौसम में धान की पौध को नुकसान नहीं होता है जबकि गर्मियों में धान सड़ जाता है। मौसम में बदलाव आने पर ही धान की पौध डाली जाती है। धान की पौध के लिए किसानों ने खेतों की जुताई पहले से कर ली है। बारिश का इंतजार किया जा रहा था। आज की बारिश ने किसानों ने काम शुरू कर दिया है। बारिश होने से एक ओर जहां किसानों की फसल की लागत कम आएगी वहीं अनुकूल बारिश होने से फसल भी बेहतर होगी।

## आज का मौसम

आसमान में तेज धूप खिली रहेगी।

| 32⁰ | 28⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.21 | सूर्यास्त 07.15 |

## शहर में आज

- कासगंज बार एसोसिएशन का मांगों को लेकर प्रदर्शन जिला न्यायालय परिसर में सुबह 10 बजे से।
- तीर्थ नगरी सोरों के कछला रोड स्थित 84 घंटे वाली माता मंदिर अंबुबाची मेला सुबह सात बजे से।
- डा. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति द्वारा छत्रपति साहू जी के 151वें जन्मदिवस पर गोष्ठी हावर गेट पर शाम चार बजे से।
- जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शाम चार बजे से।

## एक नजर

### 29 जुलाई से तीन अगस्त तक होगा विशेष लोक अदालतों का आयोजन

कासगंज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज विजय कुमार ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार जिले में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 30 अगस्त तक लगेगी। जिसमें श्रमवाद, चेक बाउंस, सेवा संबंधी एवं क्षतिपूर्ति वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा।

### छत्रपति साहू जी महाराज की जयंती पर विचार गोष्ठी

कासगंज। डा. भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति द्वारा छत्रपति साहू जी महाराज की 151वीं जयंती मनाई जाएगी। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष आनंद प्रियविद्यार्थी ने दी है। उन्होंने बताया कि 26 जून को शाम चार बजे से बुद्ध बिहार लॉको कॉलोनी स्थित बुद्ध आंबेडकर सांस्कृति केंद्र पर विचार गोष्ठी होगी। उन्होंने अनुयाइयों से कार्यक्रम में समय से पहुंचने की अपील की है।

### जिला उद्योग बंधु की बैठक आज होगी

कासगंज। डीएम सुधा वर्मा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति एवं जिला स्तरीय एमओयू क्रियान्वयन इकाई की बैठक आज बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में शाम चार बजे से होगी। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग चंद्रभान भास्कर ने समिति के सदस्यों से बैठक में समय से उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

**बड़ी बहन ने बताया, माता-पिता चाहते थे दोनों भाइयों में बराबर जमीन का बंटवारा, मुन्नालाल ने पिता की हत्या की बात कही**

# मुन्नालाल नहीं चाहता था बड़े भाई को माता-पिता दें उसके हिस्से की जमीन

- लापता पिता का भी नहीं है सुराग
- हत्या किए जाने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन मृतका कृष्णा देवी के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना सहावर के गांव मिढ़ौल खुर्द में मां की हत्या मामले में जमीन का विवाद सामने आया है। हत्या आरोपी अपने बड़े भाई को हिस्से की जमीन देने से माता-पिता से मना करता था। जबकि माता-पिता बराबर हिस्सा देना चाहते थे। इसी बात को लेकर वह माता पिता से खिन्न रहता था। इसी जमीन की खातिर उसने मां की हत्या कर दी।

गांव मिढौल में कृष्णा देवी की हत्या का आरोप छोटे पुत्र मुन्नालाल पर लगा है। वैसे तो घटना की प्राथमिकी में हत्या का कोई कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन मृतका की विवाहिता पुत्री रेखा का कहना है कि उसके पिता के पास लगभग 25 बीघा जमीन है। बड़ा भाई राजेंद्र दिल्ली में ड्राइवरी करता है। जबकि छोटा भाई मुन्नालाल गांव में ही पिता की जमीन जोतता है। मुन्नालाल के तीन बेटे हैं, जबकि राजेंद्र के पांच बेटियां हैं। जब भी जमीन के बंटवारे की बात आती थी तो मुन्नालाल यह कहकर माता-पिता को राजेंद्र को हिस्सा देने से रोकता था कि उसके जब कोई बेटा ही नहीं है तो जमीन की कोई जरूरत नहीं है। जबकि माता-पिता दोनों भाइयों में बराबर का हिस्सा देना चाहते थे। इसी बात को लेकर वह माता पिता से नाराज रहता था। इसी नाराजगी के चलते उसने मां कृष्णा की हत्या की है।

> हत्या का सही कारण आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही सामने आएगा। एफआईआर में हत्या के कारण का उल्लेख नहीं किया गया है। बहन व अन्य परिजन जमीन का विवाद बता रहे हैं।
> – लोकेश सिंह भाटी, इंस्पेक्टर

### बहन को दो दिन पहले फोन करके दी थी धमकी

मृतका कृष्णा देवी की बेटी रेखा का विवाह लगभग 13 वर्ष पूर्व अतरौली में हुआ है। रेखा ने बताया कि मां की हत्या करने से दो दिन पूर्व भाई मुन्नालाल ने उसे फोन पर धमकी दी थी कि उसने पिता सुखपाल को काटकर फेंक दिया है और मां को बचा सको तो बचा लो। रेखा के मुताबिक मुन्नालाल ने उसे भी मारने की धमकी दी थी।

### 19 जून से लापता पिता का नहीं है सुराग

सुखपाल बीती 19 जून से लापता है। उनका कोई भी सुराग नहीं लग रहा है। पुत्र राजेंद्र हत्या आरोपी भाई पर पिता को भी गायब कर देने का आरोप लगा रहा है। आरोपी द्वारा बहन रेखा को किए गए फोन पर भी पिता सुखपाल की हत्या की हत्या की बात कही गई।

### हत्यारोपियों की तलाश के लिए पुलिस की दबिशें

महिला की हत्या के मामले में सगे पुत्र मुन्नालाल उसकी पत्नी मीना एवं पुत्र विपिन को आरोपी बनाया गया है। हत्या आरोपी फरार है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस निरंतर प्रयास कर रही है। मंगलवार को पुलिस ने हत्या आरोपियों की संभावित ठिकानों पर दबिशें दी है, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली है।

# नालियां चोक, मुख्य बाजार की सड़कों पर बह रहा पानी

## दुकानदारों और राहगीरों को उठानी पड़ रही परेशानी, पालिका प्रशासन नहीं ले रहा साफ-सफाई की सुधि

- शीतला माता मंदिर के समीप नालियां बंद, श्रद्धालु उठा रहे परेशानी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



शहर के सोरों गेट बाजार में सड़क पर बहता नालियों का गंदा पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के प्रमुख बाजार सोरों गेट में नालियां चौक होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। लोगों का राह निकलना दूभर है। दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। पालिका के अधिकारी आंखे मूदे बैठे हैं। स्थानीय लोगों ने पालिकाध्यक्ष से नालियों की सफाई कराए जाने की मांग की है।

सोरों गेट बाजार शहर के चार मुख्य बाजारों में से एक है। बाजार में शीतला माता के मंदिर के समीप नालियां चौक पड़ी हैं। चौक नालियों से पानी का आवागमन अवरुद्ध हो गया है और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। लोग गंदे पानी में होकर गुजरते हैं तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। दुकानों के आगे बह रहे गंदे पानी से दुकानदार भी परेशान है। इतना ही जब मार्ग से दो पहिया वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं तो गंदे पानी की छींटों लोगों के कपड़े गंदे हो जाते हैं। कभी कभी तो इसी बात को लेकर विवाद हो जाता है। लोग परेशान हैं।

### बारिश में बाजार बन जाता है तालाब

बारिश के दिनों में सोरों गेट बाजार के हालात बदतर हो जाते हैं। सड़कों पर डेढ़ से दो फुट पानी भर जाता और सड़कें ताल तलैया नजर आती हैं। बारिश के मौसम में हर बार ही यह पानी निचली दुकानों में घुस जाता है तो कारोबारियों को बड़ा नुकसान होता है।



नालियों की सफाई न होने का यह कारण भी है कि नालियों के ऊपर अतिक्रमण है। लोग नालियों के ऊपर से अतिक्रमण हटाएं और पालिका प्रशासन अभियान चलाकर नालियां की सफाई कराए। – रामगोपाल



नाली चौक होने से बाजार में गंदा पानी बहता है जिससे जलभराव और गंदगी हो जाती है। आने-जाने में परेशानी होती है। पालिका के अधिकारी-कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे। – दिनेश कुमार

> नालों की सफाई का अभियान चल रहा है। नालियों को भी साफ कराया जा रहा है। बारिश से पहले नाले और नालियों की सफाई करा दी जाएगी। सोरों गेट क्षेत्र में भी सोमवार को अभियान चलाकर नालों की सफाई कराई गई है। समस्या का हर संभव समाधान किया जाएगा।
> – मीना माहेश्वरी, पालिकाध्यक्ष

### श्रद्धालुओं को भी होती है दिक्कत

इस क्षेत्र में मां शीतला माता का मंदिर है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना को मंदिर पहुंचते हैं। उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उनके कपड़े खराब हाक जाते हैं। कीचड़ में गिरने का भी खतरा रहता है।

# 84 घंटे वाली माता मंदिर पर आज लगेगा अंबुबाची मेला

- मंदिर परिसर में होंगे धार्मिक अनुष्ठान, दर्शन को पहुंचेंगे श्रद्धालु
- मंदिर प्रबंध समिति ने मेले के आयोजन की तैयारियां कीं पूरी

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** तीर्थ नगरी सोरों के कछला रोड स्थित 84 घंटे वाली माता मंदिर पर अंबुबाची मेला आज लगेगा, धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मंदिर प्रबंध समिति ने मेला की तैयारियों को पूरा किया है।

84 घंटे वाली माता मंदिर की सेवादार महारानी गुप्ता ने बताया कि 84 घंटे वाली माता मंदिर असम की माता कामाख्या मंदिर की शाखा है। इस वर्ष मेले का आयोजन 26 जून को रहा है।

सुबह सात बजे हवन और शाम चार बजे से भंडारा होगा। इसके बाद माता के दर्शन प्रारंभ हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालु माता की परिक्रमा भी करते हैं। उन्होंने बताया कि परिक्रमा लगाने और पूजन का जाप करने से दस गुना फल प्राप्त होता है। जो भी भक्त पूजा में शामिल होंगे उन भक्तों के लिए कामाख्या मंदिर से लाया गया जल एवं कपड़ा प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।



84 घंटे वाली माता।

# छह घंटे गुल रही बिजली बिलबिला गए लोग

- बड़ी लाइन में ब्रेक डाउन के चलते अमांपुर विद्युत सब स्टेशन से आपूर्ति बाधित रही

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** अमांपुर सब स्टेशन से दर्जनों गांवों के लिए आपूर्ति छह घंटे तक बाधित रही। ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गर्मी में लोग तिलमिला गए।

कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्र में उमस भरी भीषण गर्मी में कई दिनों से गड़बड़ाई बिजली व्यवस्था मंगलवार की दोपहर को भी धड़ाम हो गई। 33 हजार की बड़ी लाइन में ब्रेक डाउन हो जाने से दोपहर 1 बजे से बिजली आपूर्ति ठप्प हो जो छह घंटे तक बाधित रही। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच बिजली कटौती से लोग बिलबिला गए। लगातार 6 घंटे की बिजली कटौती से लोग दैनिक कार्यों के लिए तो दूर पेयजल के लिए भी तरस गए। इसके चलते कस्बा के लोगों का उमस भरी गर्मी से बेहद बुरा हाल बना रहा। शाम को भी लोग बिजली ठीक होने का इंतजार करने में लगे रहे, जो कि शाम 7 बजे तक भी विधुत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। बिजली न आने की समस्या के चलते जेई, बिजली घर, लाइनमैनों, संबधित बिजली के कंट्रोल रूम नंबर पर कॉल करते रहे। जेई सुबोध चौहान ने बताया कि 33 केवी लाइन में ब्रेक डाउन हो जाने से क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित हुई थी।

# कासगंज की नई डीएम होंगी मेधा रूपम



मेधा रूपम

**कासगंज, अमृत विचार:** मंगलवार को प्रदेश सरकार द्वारा आईएएस अधिकारियों की स्थानांतरण सूची में मेधा रूपम को कासगंज का डीएम बनाया गया है। उत्तर प्रदेश कैडर के 2014 बैच की आईएएस मेधा रूपम के पिता ज्ञाने गुप्ता भी आईएएस हैं। उनका जन्म आगरा में हुआ था। उनके पिता की पोस्टिंग केरल में होने के कारण मेधा रूपम की पढ़ाई केरल में हुई। वर्तमान में वह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में बतौर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में तैनात हैं। मेधा रूपम राष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटर और राज्य स्तर की तैराक भी हैं।

# चैंबर निर्माण में लेटलतीफी पर भड़के अधिवक्ता

- जिला बचाओ आंदोलन समिति के बैनर तले आयोजित की बैठक
- बैठक में अनिश्चितकालीन आंदोलन करने का लिया निर्णय

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



चैंबर का निर्माण कार्य शुरू कराने को लेकर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** न्यायालय में अधिवक्ताओं के चैंबर निर्माण में हो रही लेटलतीफी को लेकर अधिवक्ताओं में खासा आक्रोश है। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने बैठक कर विरोध प्रदर्शन किया और अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया।

मंगलवार को अधिवक्ताओं ने जिला संघर्ष समिति के बैनर तले बैठक का आयोजन किया। बैठक में चैंबर निर्माण को लेकर चर्चा की गई। अधिवक्ता सतेंद्र पाल सिंह वैस ने बताया तत्कालीन मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने उद्घाटन किया था। उसके बाद जनपद कासगंज के अधिवक्ताओं ने चैंबर्स की जगह बाउंड्री के अंदर देने के लिए भी संघर्ष किया, तब जाकर अधिवक्ताओं के चैंबर के लिए जगह चिन्हित की गई और बमुश्किल चैंबर्स निर्माण का कार्य शुरू हुआ जो करीब एक वर्ष से बंद है। न्यायालय अधिवक्ता एसोशिएशन के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया गर्मी हो या बरसात, अधिवक्ता टीन के नीचे बैठकर कार्य कर रहे हैं। चैंबर निर्माण न होने से अधिवक्ताओं को बहुत परेशानी होती है, यदि जल्द ही चैंबर का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो जनपद के अधिवक्ता विवश होकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

विरोध प्रदर्शन करने वालों में केशव मिश्रा, ओम प्रकाश सिंह, सत्यवीर, अयोध्या प्रसाद, शिवकुमार सिंह, अभिषेक गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, पीयूष, संजय यादव, दिनेश वर्मा, यशवीर सिंह यादव, सुबोध, अंजुम राहत आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# समाधान नहीं तो एक जुलाई से होगा आंदोलन

- पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने डीएम को दिया मांग पत्र

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



डीएम सुधा वर्मा को ज्ञापन देते सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। समस्याओं से संबंधित पांच सूत्रीय मांग पत्र डीएम को देकर समाधान की मांग की। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि 30 जून तक समस्याओं का निस्तारण नहीं कराया गया तो एक जुलाई से विकास भवन पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे।

जिला संयुक्त मंत्री नदीम अख़्तर ने कहा कि सात वर्ष पहले अभियान चलाकर सफाई उपकरण दिलाए गए थे। तब से लेकर आज तक किसी भी सफाई कर्मचारी को मानक के अनुसार शत प्रतिशत सफाई उपकरण नहीं मिले हैं। आए दिन सफाई कर्मचारियों को तैनाती स्थल से बाहर सफाई करने भेज दिया जाता है। उपकरण ही नहीं होंगे तो वह सफाई कार्य क्या करेगा। सफाई कर्मचारियों को तैनात हुए 16 साल होने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक 150 सफाई कर्मचारियों को प्रथम एसीपी का लाभ नहीं दिया गया है। साथ ही लगभग 250 लोगों को एसीपी का एरियर नहीं मिला है।

कहा कि ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी और पंचायत राज विभाग सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर नहीं है। इसलिए मजबूरन संघ को आंदोलन का कदम उठाए गए हैं। यदि 30 जून तक सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो एक जुलाई से विकास भवन पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन, भूख-हड़ताल की जाएगी।

सत्यपाल सिंह, जोगिंदर सिंह, बैनी राम, भोजराज, राजेश कुमार, भगवान सिंह, राजकुमार, सुखबीर सिंह, श्याम सिंह, संजय कुमार, नरेश कुमार, तेजपाल सिंह, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, जगतपाल, सुरेश कुमार, अजीत कुमार, मनोज कुमार, रूपकिशोर, राकेश कुमार, कमल सिंह, उदयवीर, रामौतार, अजय कुमार मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर पर गिरे मोर की करंट से मौत

**कासगंज, अमृत विचार:** बरसात मोर की ट्रांसफार्मर पर गिरने से मौत हो गई। पक्षी एचटी लाइन की चपेट में आ गया था। वन विभाग की टीम ने शव का पोस्टमार्टम कराया और दफन कर दिया।

सोरों के कछला गेट के पास ट्रांसफार्मर रखा है। मंगलवार की सुबह बूंदाबांदी बंद होने के बाद मोर ट्रांसफार्मर पर गिरा गया। ट्रांसफार्मर में आने वाली एचटी लाइन की सप्लाई के बीच में फंस जाने से करंट से उसकी मृत्यु हो गई। स्थानीय लोग ट्रांसफार्मर के पास पहुंच गए। विद्युत सप्लाई को बंद कराकर मोर का श्ट्राव सफार्मर से बाहर निकाला। लोगों ने नाराजगी जाहिर की। वन कर्मियों ने घटना स्थल पर पहुंच कर जानकारी हासिल की और शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे दफन कर दिया। जेई केपी सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही बिजली सप्लाई को बंद कराया। कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया था।

# राशन कम देने की शिकायत लेकर एसडीएम दफ्तर पहुंचीं महिलाएं

- कोटेदार की मौत होने के बावजूद संचालित हो रही है दुकान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



पटियाली एसडीएम कार्यालय में पहुंची राशन कार्डधारक महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पटियाली तहसील क्षेत्र के आशानंद गांव के दर्जनों राशन कार्ड धारक महिलाएं एसडीएम के दफ्तर पहुंची। उन्होंने प्रदर्शन कर कोटेदार पर यूनिट के हिसाब से कम राशन देने का आरोप लगाया। साथ ही कोटेदार महिला दुकानदार की मृत्यु होने के बावजूद दुकान संचालित होने की बात कही।

आशानंद की महिलाओं ने एसडीएम कुलदीप सिंह को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव की राशन की दुकान सिलोचना कौर के नाम आवंटित है। उनकी 20 मई को मृत्यु हो चुकी है। इसके बावजूद उनके पति बहादुर सिंह दुकान को संचालित कर रहे हैं। छह यूनिट पर पांच और चार यूनिट के हिसाब से राशन देते हैं। विरोध करने पर अभद्रता की जाती है।

भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष हेमंत शाक्य ने बताया कि वह डीएम से भी राशन डीलर की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मंडल संयोजक अम्बुज द्विवेदी ने एसडीएम से कार्रवाई किए जाने की मांग की है ।शिकायत करने वालों में सुशीला देवी, अनीता, लाडो, रामकुंडली, भूदेवी, मीना देवी, सुदामा, मोहर श्री, वादामश्री, खेतपाल, सतीश चंद्र, गोविन्द, कमलेश कुमार, किशन चंद्र, मुकेश,आदि शामिल रहे।

# मारपीट और फायरिंग में चार पर एफआईआर

- उधारी के पैसे मांगने पर दबंगों ने गोदाम में घुसकर की मारपीट
- पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



आरोपियों को पकड़ने पहुंची पुलिस।

**अमृत विचार:** उधार दिए सामान के पैसे मांगने पर दबंगों ने मारपीट और फायरिंग कर दी। पुलिस ने चार नामजदों के खिलाफ मामला दर्ज कर, एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेजा गया है।

शहर के मुहल्ला नवाब बड्डु नगर निवासी जाहिद पुत्र कमालुउद्दीन का हिदायत नगर में फर्नीचर का गोदाम है। वह सामान तैयार कर बिक्री करते हैं। दो माह पहले इरशाद और फहीम 40 हजार रुपये का सामान उधार ले गए थे। रुपये मांगने पर रोजाना टाल-मटोल करते रहते थे। 24 जून की शाम को फिर रुपये मांगने पर आग बबूला हो गए और गाली-गलौज करने लगे। इरशाद, फहीम, सुहैल, इकरार हाथों में लाठी डंडा लेकर गोदाम पर आ गए। जाहिद के पिता से मारपीट करने लगे ।आरोपियों ने तमंचे से जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। इसके बाद आरोपी फायरिंग करते हुए फरार हो गए। पीडित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने उक्त चारों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर लिया है। एक आरोपी इरशाद को गिरफ्तार कर लिया। अन्य तीनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# अचार से भरा कैंटर पलटा, दो घायल

**एटा, अमृत विचार:** तेज रफ्तार कैंटर सड़क किनारे पलट गया, उसमें अचार भरा हुआ था। मैनपुरी क्षेत्र के रहने वाले चालक सत्यवीर और क्लीनर भूपेन्द्र को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। चालक ने बताया कि वह हाथरस से कैंटर में अचार भरकर मुजफ्फरनगर जा रहा था। जैसे ही गाड़ी सेंथरी और हरिचन्द्रपुर के मध्य पहुंची कि तभी सामने नीलगाय आ गई। नीलगाय बचाने के प्रयास में गाडी पलट गई। हादसे की जानकारी गाड़ी मालिक और अचार फक्ट्री मालिक को दे दी गई है।

# प्रमाण पत्र जारी न हुआ तो रेल रोको आंदोलन करेंगे अहेरिया

- युवा अहेरिया समाज सेवा समिति ने डीएम को दिया ज्ञापन
- अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र जारी करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



डीएम सुधा वर्मा को ज्ञापन देने पहुंचे अहेरिया समाज के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** युवा अहेरिया समाज सेवा समिति ने समाज के लोगों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी कराए जाने की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया है। चेतावनी दी है कि यदि उनके प्रमाण पत्र जारी नहीं हुए तो संगठन रेल रोको आंदोलन करेगा।

जिलाध्यक्ष महाराज सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति की सूची में अहेरिया समाज क्रम संख्या चार पर अंकित है। इसके बावजूद अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र जारी नहीं हो रहे हैं। कई वर्षों से समाज के लोग मांग करते आ रहे हैं। डीएम को भी कई बार मांग पत्र दिया जा चुका है। प्रमाण पत्र न मिलने से समाज की प्रतिभाओं का हनन हो रहा है। उन्हें उनके अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में पिछड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा अहेरिया सेवा समाज समिति आंदोलन के लिए बाध्य होगी और रेल का चक्का जाम करेगी। पदाधिकारियों ने अपनी मांग से संबंधित मांग पत्र डीएम सुधा वर्मा को देकर उत्तर प्रदेश समाज कल्याण के सचिव से प्रमाण जारी किए जाने की मांग की है।

राजकुमार, डा. जयप्रकाश सिंह अहेरिया, बृजेश कुमार अहेरिया, संजीव कुमार अहेरिया, रूपराम अहेरिया, महाराज अहेरिया, मीना देवी सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

## जुआ खेलते चार गिरफ्तार

कासगंज। सदर कोतवाली पुलिस ने जुए के अड्डे पर छापा मारकर जुआ खेलते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 1060 रुपये की नगदी एवं ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि आरोपी विपिन, अमन, दुर्गेश, महावीर निवासीगण कासगंज के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

## 20 क्वार्टर अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर भूरा निवासी नासिलपुर थाना सिकंदराराऊ जिला हाथरस को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी के दौरान उसके पास से 20 क्वार्टर अवैध देसी शराब के बरामद किए हैं।

## वांछित गिरफ्तार

**कासगंज।** सदर कोतवाली पुलिस ने अपराधिक मामले में वांछिल चले आ रहे संजय निवासी खुरर्मपुर कोतवाली कासगंज के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है। जहां से जेल भेजा गया है।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी हकलाना/तुतलाना आटिज्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# हिंसा से न डरें महिलाएं, डटकर करें सामना

## ऑपरेशन जागृति के फेस-2 के तहत महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



ऑपरेशन जागृति मिशन फेस– 2 के तहत महिलाओं एवं युवतियों को जागरूक करते एएसपी राजेश भारती। ● अमृत विचार

- वैचारिक एवं व्यवहारिक परिवर्तन लाने के लिए चलाया गया अभियान
- ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने महिलाओं को बताईं सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाएं

**अमृत विचार :** ऑपरेशन जागृति मिशन फेस-2 के तहत पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में मंगलवार को एएसपी राजेश कुमार भारती ने सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर बरबारा, हरनाथपुर में जागृति टीम के साथ चौपाल लगाकर महिलाओं के साथ हो रही हिंसा का डटकर सामना करने को कहा। पीड़ित महिलाओं, युवतियों को काउंसलिंग व रेफरल सुविधा उपलब्ध कराना एवं पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। झूठे मुकदमे पंजीकृत कराने पर होने वाली क्षति के बारे में भी बताया। साथ ही महिला सुरक्षा से संबंधित संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, 1076, 1090, 1930, 1098, 102, 108 के बारे में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा चलायी जा रही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओं बेटी बढ़ाओं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में भी जागरूक किया गया।

इसके अलावा थाना कासगंज क्षेत्र के गांव मोहनी ममूरगंज, मोहनपुरा, थाना ढोलना के गांव ग्राम बहादुर, थाना सहावर के ग्राम नवाबगंज, अमीरशा, थाना अमांपुर ग्राम थराचीतरा, बरसोडा, थाना पटियाली के ग्राम बकरई भैंसी, थाना सिढपुरा ग्राम अनंगपुर, सनौठी, महिला थाना पुलिस द्वारा अहरौली में मिशन जागृति फेस-2 के कार्यक्रम एवं रैलियां निकालकर जागरूक किया।

# पीएम आवास के आवेदकों ने जिलाधिकारी से की शिकायत

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्रों को आवास दिलाने के नाम पर ग्रामीणों ने एडीओ पर धन उगाही करने का आरोप लगाया। शिकायत ग्रामीणों ने डीएम से की है और एक पत्र पंचायत राज विभाग लखनऊ को भेजा है।

विकास खंड मारहरा की ग्राम पंचायत गिरौरा क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी गीता पत्नी सितम्बर सिंह, मिथलेश पत्नी शैतान सिंह आदि ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वह बंजारा जाति के भूमिहीन व मजदूर वर्ग के लोग हैं, झोपड़ी में रहते हैं। प्रधान व सचिव द्वारा केवल 6 लाभार्थियों की जांच हेतु सूची भेजी। जांच करने आज तक कोई व्यक्ति नहीं आया। 23 जून को ब्लॉक मारहरा द्वारा अवगत कराया गया कि सभी लाभार्थी अपनी बैंक पास बुक और आधार कार्ड की छायाप्रति दो-दो फोटो लेकर ब्लॉक आयें।

लाभार्थी ब्लॉक पहुंचे तो यह कहकर भगाने लगे कि आप सभी अपात्र हैं। पीड़ितों ने कहा कि आप लोग जांच करने नहीं गये तो हम अपात्र कैसे हो गये। ग्रामीणों ने एडीओ पर आरोप लगाया कि उन्होंने रुपये की मांग की। पीडितों ने डीएम से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट हर हाल में रोकें



खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक लेतीं डीएम सुधा वर्मा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दी चेतावनी
- सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए चलाया जाएगा अभियान

**अमृत विचार:** खाद्य पदार्थों में मिलावट होने पर सीधे अधिकारी जिम्मेदार होंगे। हर कीमत पर मिलावटी पदार्थों पर रोक लगाई जाए। प्रतिदिन अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। उक्त बात डीएम सुधा वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक में कही।

डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि आईईसी कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति अभियान चलाकर जागरूक किया जाये, जिससे वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत व जागरूक रहें। जनपद में जो प्रतिष्ठान, मॉल या अन्य बड़ी दुकानें संदिग्ध हों उन पर निरन्तर छापेमारी कर नमूना संग्रहण की कार्यवाही की जाए। खुले में बिक्री किए जा रहे मीट पदार्थों पर भी कार्यवाही की जाए।डीएम ने गली-मौहल्ले में बिक्री किए जा रहे खाद्य पदार्थों (यथा चांट, पानीपुरी आदि फास्ट फूड) में प्रयोग किए जा रहे खाद्य तेल-पानी आदि की जांच करने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों की सेहत से खिलवाड़ न हो सके। सुधा वर्मा ने कहा कि लाइसेंस,पंजीकरण की सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन है यदि कहीं भी ऑनलाइन का अभाव है तो कैम्प लगाकर बनवाये जाएं। सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वारा बताया गया कि जिले में हर माह एफएसडब्ल्यू वैन (मोबाइल वैन) द्वारा बाजारों में उपभोक्ताओं एवं खाद्य कारोबारकर्ताओ के खाद्य पदार्थ के नमूने की त्वरित एवं मौके पर प्राथमिक जॉच की जाती है एवं अधोमानक या असुरक्षित पाये जाने पर उपयुक्त कार्यवाही की जाती है। बैठक में वाणिज्य कर, मंडी एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारी तथा नगर पालिका कासगंज के ईओ, एक्सियन पीडब्ल्यूडी, वाटमाप, समिति के सदस्यों एवं लगभग 30 खाद्य कारोबारकर्ता औषधि विक्रेता आदि मौजूद रहे।

# पटियाली में बरामद किया नकली कैस्ट्रोल ऑयल


पटियाली पुलिस की गिरफ्त में नकली कैस्ट्रोल ऑयल विक्रेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- कंपनी के अधिकारियों के साथ पुलिस ने की छापेमारी
- नकली कैस्ट्रोल के एक-एक लीटर के बरामद किए 80 डिब्बे

**अमृत विचार :** नकली कैस्ट्रोल ऑयल की बिक्री की सूचना पर कंपनी के अधिकारियों ने कोतवाली पुलिस के साथ छापामार कार्यवाही की। पटियाली के रेलवे स्टेशन के समीप एक दुकान से 80 लीटर नकली कैस्ट्रोल ऑयल के एक लीटर के 80 डिब्बे बरामद किए। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध कॉपी राइट एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

कस्बा पटियाली में नकली कैस्ट्रोल बेचे जाने की सूचना पर मंगलवार को कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों की टीम ने पटियाली कोतवाली पहुंचकर पुलिस के सहयोग से थाना दरियावगंज रेलवे फाटक पर स्थित एक गोदाम पर छापा मारा। कार्यवाही के दौरान गोदाम से 80 लीटर नकली कैस्ट्रोल बरामद किया गया। मौके से संचालक अरुण गोविल सिंह निवासी गांव नगला भेरू थाना सिकंदरपुर वैश्य को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध कॉपी राइट एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है। इंस्पेक्टर गोविंद बल्लभ शर्मा ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एक-एक लीटर के 80 डिब्बे नकली कैस्ट्रोल के बरामद हुए हैं। जिन्हें सील किया गया है।

# खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर दो गोवंश मरे

संवाददाता, एटा

- विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**अमृत विचार:** ट्रांसफॉर्मर के खंभे से चिपककर दो गोवंश (सांड़) मर गए। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर हंगामा किया। पशुपालन विभाग की टीम द्वारा जांच के बाद नगर पालिका के सहयोग से दोनों मृत गोवंशों को दफना दिया।

अलीगंज रोड पर मंडी समिति गेट के पास ही विद्युत ट्रांसफॉर्मर रखा हुआ है जिसकी सपोर्ट के लिए दो लोहे के खंभे लगे हैं। इन खंभों में बरसात के चलते करंट आ गया। दो गोवंश इससे चिपककर मर गए। सोमवार सुबह जब लोग निकले तो जानकारी हुई। विश्व हिंदू परिषद, गोरक्षा विभाग और बजरंग दल के कई कार्यकर्ता भी खबर मिलते ही पहुंच गए। इस बात को लेकर हंगामा करने लगे कि आखिर बरसात के मद्देनजर विद्युत निगम की ओर से सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए।

विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री शिवांग गुप्ता ने बताया कि सीडीओ से पिछले तीन महीनों में गोवंशों की लापरवाही से हुई मौत के बारे में जानकारी मांगी जाएगी। मुकेश राठौर, प्रकाश भाटी, नितिन गुप्ता, सौरभ यादव, अर्चित, दिव्यम चैहान आदि कार्यकर्ताओं ने रोष जताया। नगर गोरक्षा प्रमुख बजरंग दल अनुराग वशिष्ठ ने कोतवाली नगर में तहरीर दी है। कहा कि यदि बरसात से पहले विद्युत खंभों की जांच तथा प्लास्टिक आदि से खंभों को कवर किया गया होता तो इस घटना से बचाव हो सकता था। संबंधित जेई के खिलाफ कार्रवाई की जाए, जिससे कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

# छत से गिरकर बाबा की मौत, कथा में आए थे


ग्रामीणों से पूछताछ कर जांच पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** छत से गिरकर एक साधू बाबू की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

सकीट थाना क्षेत्र के गांव रजपुरा निवासी सुखराम सिंह (70) पुत्र वर्मजीत सिंह करीब 13 साल पहले घर छोड़कर चले गए थे और साधू का भेष धारण कर लिया था। वह जनपद फिरोजाबाद के उत्तर थानान्तर्गत भगवाननगर में रहते थे। कुछ दिन से उनके गांव राजपुरा में भागवत कथा का आयोजन हो रहा था, इसलिए उन्हें गांव वालों ने बुलाया था। वे गांव के निवासी होशियार सिंह के मकान की छत पर लेटे थे। लघुशंका के लिए उठे तभी पैर फिसल गया और नीचे आ गिरे। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से हायर सेंटर रेफर कर दिए। देर रात उनकी मौत हो गई।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

# शटडाउन लेकर काम कर रहा लाइनमैन करंट से झुलसा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- ग्रामीणों ने संविदाकर्मी को किया जिला अस्पताल में भर्ती
- बराबर से गुजर रही लाइन में करंट से लाइनमैन के साथ हादसा

**अमृत विचार :** भिटोना बिजली घर से शटडाउन लेकर बिजली ठीक करने गया संविदा कर्मी लाइनमैन करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। उसे ग्रामीणों द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बराबर से गुजर रही लाइन में करंट आने से लाइनमैन के साथ हादसा घटित हुआ है।

> नगला नोकस में शटडाउन लेकर एचटी लाइन को ठीक करने के लिए गया संविदा कर्मी बराबर से गुजर रही लाइन में करंट आने से चपेट में आ गया। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्तपताल में भर्ती कराया है।
> –विजेंद्र सिंह, जेई भिटोना बिजली घर

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी 33 वर्षीय संजय पुत्र प्रेमपाल सिंह भिटोना बिजली घर पर संविदा कर्मी है। वह11:30 बजे बिजली घर से शटडाउन लेकर लाइन सही करने के लिए नगला नोकस गांव गया। जहां वह लाइन को ठीक कर रहा था , तभी बराबर से गुजर रही जर्जर लाइन का तार हवा के कारण दूसरी लाइन में टच हो गया और एचटी लाइन में करंट प्रभावित हो गया। जिससे संजय करंट की चपेट में आकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ग्रामीणों द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि फर्म श्री सिद्धि विनायक इण्टरप्राईजेज, पता मोहल्ला परा, फरीदपुर, जिला बरेली यू.पी. 243503 (पंजीकरण संख्या- BAR/00109766) फर्म में 03 साझेदार-सन्तदास पाण्डेय, संजीव कुमार मिश्रा, जाहिद थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 24.06.2024 को फर्म में एक नये साझेदार बलविन्दर सिंह खैरा शामिल किये गये हैं तथा फर्म से एक साझेदार जाहिद स्वेच्छा से दिनांक 24.06.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदार का फर्म / साझेदारों पर या फर्म का साझेदार का कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 03 साझेदार सन्तदास पाण्डेय, संजीव कुमार मिश्रा, बलविन्दर सिंह खैरा हैं। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।
सन्तदास (साझेदार)
मैसर्स सिद्धि विनायक इण्टरप्राइजेज, बरेली (उ.प्र.)

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि फर्म- मैसर्स हेमन्त इण्टरप्राईजेज, मोहल्ला परा, फरीदपुर जिला बरेली यू.पी. 243503 (पंजीकरण संख्या- BAR/0009767) फर्म में 03 साझेदार- राकेश कुमार पाण्डेय, विनोद कुमार साहू, ताहिर अली खान थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 24.06.2024 को फर्म में एक नये साझेदार गुरूपेज सिंह शामिल किये गये हैं तथा फर्म से एक साझेदार ताहिर अली खान स्वेच्छा से दिनांक 24.06.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदार का फर्म / साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन- देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 03 साझेदार राकेश कुमार पाण्डेय, विनोद कुमार साहू, गुरूपेज सिंह है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।
राकेश कुमार पाण्डेय (साझेदार)
मैसर्स हेमन्त इण्टरप्राइजेज, बरेली (उ.प्र.)

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि फर्म-फर्म मैसर्स अहम जी इण्टरप्राइजेज, मोहल्ला, परा, फरीदपुर, बरेली यू.पी. 243503 (पंजीकरण संख्या: BAR/0009872) फर्म में 03 साझेदार- मुलायम सिंह, परमजीत सिंह, असलम खान थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 24.06.2024 को फर्म में एक नये साझेदार सुधांशु शेखर शामिल किये गये हैं तथा फर्म से दो साझेदार मुलायम सिंह, परमजीत सिंह स्वेच्छा से दिनांक 24.06.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदार का फर्म / साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 02 साझेदार असलम खान, सुधांशु शेखर है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी है।
असलम खान (साझेदार)
मैसर्स अहम जी इण्टरप्राइजेज, बरेली (उ.प्र.)

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि फर्म- मैसर्स बाबा गोरखनाथ इण्टरप्राईजेज मकान नं. 45 ए, मोहल्ला खुशीमल, पीलीभीत यू.पी. (पंजीकरण संख्या- PIL/0004596) फर्म में 03 साझेदार- कपिल कुमार, राजीव कान्त, पंजाब सिंह थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 24.06.2024 को फर्म में दो नये साझेदार योगेश मिश्रा, राकेश कुमार पाण्डेय शामिल किये गये हैं तथा फर्म से एक साझेदार पंजाब सिंह स्वेच्छा से दिनांक 24.06.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदार का फर्म / साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन- देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 04 साझेदार कपिल कुमार, राजीव कान्त, योगेश मिश्रा, राकेश कुमार पाण्डेय है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।
कपिल कुमार (साझेदार)
मैसर्स बाबा गोरखनाथ इण्टरप्राइजेज, पीलीभीत (उ.प्र.)

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि फर्म- मैसर्स साम्भवी ट्रांसपोर्ट, मोहल्ला परा, बरगद के पास फरीदपुर जिला बरेली, यू.पी. 243503 (पंजीकरण संख्या- BAR/0010149) फर्म में 03 साझेदार- रूबी पाण्डेय, मुन्नी देवी, मोहम्मद शकील थे, साझेदारों की रजामन्दी से दिनांक 24.06.2024 को फर्म में एक नये साझेदार तेज प्रताप सिंह शामिल किये गये हैं तथा फर्म से दो साझेदार मुन्नी देवी, मोहम्मद शकील स्वेच्छा से दिनांक 24.06.2024 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गये। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है, साझेदार का फर्म / साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन- देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 02 साझेदार रूबी पाण्डेय, तेज प्रताप सिंह है। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।
रूबी पाण्डेय (साझेदार)
मैसर्स साम्भवी ट्रांसपोर्ट, बरेली (उ.प्र.)

## एक नजर

### जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आज

एटा। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के अनुसार जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक 26 जून को सांय 04 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

### फंदा लगाकर खुदकुशी का प्रयास

एटा, अमृत विचार : मलावन थाना क्षेत्र के ग्राम सकतपुर निवासी रामलखन सिंह (32) ने गृह क्लेश के चलते घर पर ही फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। आनन फानन में युवक को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद डाक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

### तमंचा, कारतूस सहित एक गिरफ्तार

कासगंज। सदर कोतवाली पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी के दौरान उनके पास से एक तमंचा 315 बोर और एक कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है।

### फर्जी हस्ताक्षर से की थी झूठी शिकायत

जलेसर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद जलेसर की अध्यक्ष गौरी वर्मा ने बताया किया कि अलीगढ मंडल के आयुक्त को प्रेषित पत्र द्वारा आरोप लगाया गया था कि पालिका परिषद जलेसर बोर्ड के 7 सदस्यों द्वारा अध्यक्ष से धन की मांग की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी किसी भी मांग का कोई समर्थन नहीं किया गया है और न ही उनके अधोहस्ताक्षर से ऐसी कोई मांग की गई है।

### संचारी रोग के संबंध में बैठक 28 को

एटा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि 1 से 31 जुलाई 2024 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक दस्तक अभियान जनपद प्रस्तावित है। जिसके सन्दर्भ में जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में 28 जून को सांय 05 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में द्वितीय अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया जायेगा।

# विकास कार्यों में न की जाए लापरवाही अधिकारी खुद करें योजनाओं की समीक्षा

## सीएम डैशबोर्ड, भूमि प्रकरण, वृक्षारोपण की समीक्षा बैठक में बोलीं डीएम- समय से हों सभी कार्य

संवाददाता, एटा


कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह। ● अमृत विचार

- कार्यालयों के लिए जमीन के प्रस्ताव उपलब्ध कराएं सभी विभाग
- अलीगंज में नवीन मण्डी के लिए भूमि जल्द उपलब्ध कराई जाए

अमृत विचार : कलक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड, विभिन्न विभागों के भूमि संबंधी प्रकरण, वृक्षारोपण के संबंध में बैठक में डीएम प्रेम रंजन सिंह ने विभिन्न विभागों के भूमि संबंधी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन विभागों को अपने कार्यालय आदि हेतु भूमि की आवश्यकता है वे अपना प्रस्ताव तहसीलवार तैयार कर उपलब्ध कराएं। अलीगंज में नवीन मण्डी का निर्माण कार्य होना है, इसके लिए भूमि की उपलब्धता अतिशीघ्र की जाए।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यक्रमों, निर्माण कार्यों की समीक्षा अब सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से की जा रही है। इसलिए आवश्यक है कि जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं समय-समय पर अपने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करें और डाटा को पोर्टल पर अपलोड कराएं। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत इस वर्ष आवंटित लक्ष्य के अनुरूप पात्र लाभार्थियों का खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा स्वयं मौके पर जाकर सत्यापन किया जाएगा। आवास आवंटन में पूरी तरह पारदर्शिता बरती जाए, लापरवाही पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में डीएफओ सुन्दरेशा, सीडीओ डॉ एके बाजपेयी, सीएमओ डा. यूके त्रिपाठी, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एसडीएम सदर सुश्री भावना विमल, एसडीएम जलेसर राज कुमार मौर्य, डीडीओ प्रवीण कुमार राय, पीडीडीआरडीए सुरेन्द्र कुमार गुप्त, डीएसटीओ प्रदीप कुमार, डीआईओ एनआईसी संजय कुमार, समस्त तहसीलदार सहित अन्य संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

### इस वर्ष जनपद में 22 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे

डीएम ने वृक्षारोपण की समीक्षा करते हुए कहा कि इस वर्ष जनपद में 22 लाख से अधिक पौधे लगाए जाने हैं। 80 हेक्टेयर ग्राम समाज की भूमि पर वृहद वृक्षारोपण कार्य किया जाएगा। विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जो भी लक्ष्य शासन से आवंटित है, उसकी शतप्रतिशत पूर्ति की जाए। किस नर्सरी से कौन सा विभाग पौधे उठान करेगा, इसकी सूचना तैयार कर डीएफओ कार्यालय को प्रेषित कर दी जाए। पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल के भी बेहतर इंतजाम इस बार होने चाहिए।

## माटीकला कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए करें आवेदन

एटा, अमृत विचार: जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक सिंह ने बताया है कि उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला कौशल विकास योजनान्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण प्राचार्य, मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र अडिंग जिला मथुरा द्वारा दिया जाता है। प्रशिक्षण उपरान्त नियमानुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। प्रशिक्षण हेतु साक्षर एवम माटीकला के परम्परागत इच्छुक कारीगर अपना आवेदन पत्र आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता सम्बन्धित प्रपत्रों सहित पोर्टल पर यथाशीघ्र ऑनलाइन अपलोड करें। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय एटा मो.- 9580503172 पर सम्पर्क करें।

### दो सिपाहियों में मारपीट एक घायल

एटा, अमृत विचार : 43वी वाहिनी पीएसी में तैनात सिपाही प्रेमवीर सिंह और विजय कुमार की कंपनी लखनऊ जाने के लिए तैयार थी। क्वार्टर के बाहर गाड़ी खड़ी थी। सिपाही गाड़ी में बैठने आ रहे थे। इसी दौरान प्रेमवीर और विजय में झगड़ा हो गया। बताया गया है कि विजय की पिटाई से प्रेमवीर घायल हो गया। उसको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

# बिजली समस्या से परेशान एसडीओ को दिया ज्ञापन


एसडीओ गुलशन कुमार को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, जलेसर

- समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान करेंगे आंदोलन

अमृत विचार: नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में हो रही विद्युत समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने जलेसर उपखंड विद्युत अधिकारी गुलशन किशोर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान किसानों ने चेतावनी दी कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो विशाल आंदोलन होगा।

भारतीय किसान यूनियन किसान के प्रदेश प्रभारी विक्की ठाकुर ने बताया कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र में पिछले 15 दिन से विद्युत समस्या बनी हुई है। रोस्टर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में 10 घंटे विद्युत आपूर्ति मिलनी चाहिए, लेकिन 5 से 6 घंटे की विद्युत आपूर्ति मिल पा रही है, इसमें भी कई बार आने जाने का क्रम चलता रहता है, जिसके चलते किसान खेतों में सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं। फसलें सूख रही हैं। यही हाल नगरीय क्षेत्र का है। 24 घंटे निर्बाध बिजली मिलने के आदेशों के बावजूद 10 से 12 घंटे मिल पा रही है। किसानों ने मांग की है कि विद्युत चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली रोकी जाए। ईसौली एवं खेडानूह पर सर्वाधिक विद्युत कटौती हो रही है उसे रोका जाए, खेड़ा नूह पर राधा भट्टे पर तार नीचे हैं कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है तारों को सही कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में कुलदीप कुमार, प्रबल प्रताप सिंह, शरद गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# बेटे को बांधकर पीडब्ल्यूडी कर्मचारी के घर लूट

संवाददाता, एटा

- जेवर-नगदी समेट ले गए बदमाश, पुलिस मान रही संदिग्ध

अमृत विचारः महिला पीडब्ल्यू कर्मचारी के बेटे को बंधक बनाकर दो लोग नगदी- आभूषण लूट ले गए। पुलिस को तहरीर दी गई है।


जानकारी देती प्रीती

कोतवाली नगर में प्रीती पत्नी स्व. मोनू सिंह निवासी पीडब्ल्यूडी हाउस ने तहरीर दी कि वह पीडब्ल्यूडी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। रोजाना की भांति वह पीडब्ल्यूडी ऑफिस गई थी। 24 जून को दो अज्ञात लोग दिन के तीन बजे बारिश में उनके घर पर पहुंचे। उस दौरान उनका बेटा नीशू घर में था। उन लोगों ने कहा कि तेरी मां कहां है। बेटे ने कहा वे घर पर नहीं हैं। तभी एक व्यक्ति ने बेटे के मुंह से रूमाल बांध दिया, दूसरे बदमाश ने गमछा से बांधकर लटका दिया। अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखीं 3 सोने की अगूंठी, सोने की एक जंजीर, 15000 हजार रुपए, सोने की झुमकी समेट लिया। बक्सा उठाया लेकिन उसमें कुछ नहीं मिला तो उसका छोड़ दिया। इसी दौरान बच्चे का दोस्त आ गया और गेट खटखटाया तो बदमाश फरार हो गए। इसकी जानकारी 112 नंबर पुलिस को दी। एसआई संजय सिंह ने मौका मुआयना किया। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है और जांच पड़ताल कर रही है।

## संसद में ओवैसी के जय फलस्तीन का नारा लगाने की निंदा

बरेली, अमृत विचार : संसद में शपथ लेने के दौरान एआईएमआईएम प्रमुख व सांसद असदुद्दीन ओवैसी की ओर से जय फलस्तीन का नारा लगाने को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि फलस्तीन और इजरायल का मसला काफी पेचीदा है। संसद में ओवैसी ने जय फलस्तीन का नारा लगाया, जो शरीयत के लिहाज से तो गलत है ही, राजनीतिक तौर पर भी इसे सही नहीं कहा जा सकता। इस वक्त फलस्तीन में लोगों को मदद की जरूरत है, लिहाजा मानवता के नाते और इस्लामी रिश्ते की बुनियाद पर ओवैसी को वहां जाकर लोगों की मदद करनी चाहिए। मगर उन्होंने लोगों की भावनाओं को भड़काने का काम किया है।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

बरेली कार्यालय


मंडलीय समीक्षा बैठक करतीं कमिश्नर सौम्या अग्रवाल। ● अमृत विचार

- कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने की मंडलीय समीक्षा बैठक

अमृत विचार : कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने मंगलवार को कहा कि आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का समय से निस्तारण कराया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। एडीएम प्रशासन को राजस्व कार्यों में ध्यान देने की जरूरत बताते हुए लंबित वादों का जल्द से जल्द निस्तारण कराकर स्थिति में और सुधार लाने के निर्देश दिए। वह कमिश्नरी सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक में बोल रही थीं।

उन्होंने अधिकारियों से राजस्व के लंबित वादों की पैरवी कर उनके जल्द निस्तारण पर ध्यान देने को कहा। अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जुलाई में विद्यालय का संचालन कराना सुनिश्चित करें। सहभागिता योजना के तहत सभी गोवंशों का सत्यापन कराकर उन्हें टैग कराएं। उन्होंने संरक्षण न करने वाले गोपालकों के खाते में धनराशि नहीं भेजने के आदेश दिए। वृहद गोशालाओं के निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गोवंशों की सुविधाओं पर ध्यान देने को कहा।

डीएम बरेली रविंद्र कुमार, डीएम पीलीभीत संजय कुमार सिंह, डीएम बदायूं मनोज कुमार, डीएम शाहजहांपुर उमेश प्रताप सिंह, अपर आयुक्त न्यायिक प्रीति जयसवाल, संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार, सभी जिलों के सीडीओ, एडीएम प्रशासन, एडी हेल्थ, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# अजमेर से आकर गंभीर रोगी महिला को किया रक्तदान


रक्तदान करते अजमेर से आए पवन गुप्ता। ● अमृत विचार

चन्दौसी कार्यालय

- बदायूं के दबतरा की महिला को बी निगेटिव रक्त की थी जरूरत

अमृत विचारः गंभीर रोग से पीड़ित महिला को रक्त की आवश्यकता होने पर अजमेर से आए युवक ने रक्त देकर जान बचायी। महिला काफी समय से गंभीर रोग से पीड़ित थी। उसके शरीर में रक्त की मात्रा काफी कम हो गई थी।

बदायूं के ग्राम दबतरा निवासी मधु काफी समय से गंभीर रोग से जूझ रही है। उसके शरीर में हीमोग्लोबिन 5.2 रह गया था। साथ ही प्लेटलेट्स भी कम हो गई थीं। उसको तुरंत रक्त की जरूरत थी। मधु के परिजन भी काफी परेशान थे। क्योंकि उसको बी निगेटिव रक्त चाहिए था। जो दुर्लभ बताया जाता है। इसकी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से जीवन रक्तदाता संस्था के अनुज वार्ष्णेय अन्नू को हुई, तो वह महिला की मदद के लिए आगे आए। उनका संपर्क अजमेर के पवन गुप्ता से हुआ। पवन गुप्ता तुरंत अजमेर से चन्दौसी आए और रक्तदान कर महिला की जान बचाई।

## फेसबुक पर बने प्रेमी से मिलने घर छोड़कर भागी किशोरी

बरेली, अमृत विचार : गाजियाबाद की 17 वर्षीय किशोरी प्रेमी से मिलने के लिए ट्रेन में सवार हो गई। किशोरी का भाई भी पीछा करते हुए पहुंच गया और पुलिस को फोन कर बरेली जंक्शन पर उतार लिया। मंगलवार को बाल कल्याण समिति के सामने पेश करने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

बरेली जंक्शन जीआरपी को सूचना मिली कि पद्मावत एक्सप्रेस में किशोरी घर से भागकर जा रही है। जीआरपी ने किशोरी को जंक्शन पर उतार लिया। लड़की के भाई ने बताया कि वह मूलरूप से प्रातपगढ़ के पट्टी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनका परिवार गाजियाबाद में रहकर मजदूरी करता है। उनकी बहन सोमवार रात को घर से चली गई। वह उसे ढूंढते हुए गाजियाबाद स्टेशन पहुंचा तो बहन को पद्मावत एक्सप्रेस में चढ़ते देखा, लेकिन इतने में ट्रेन चल दी। जल्दबाजी में वह भी ट्रेन के पीछे वाले डिब्बे में सवार हो गए। लड़की ने बताया कि फेसबुक पर उसकी रमेश नाम के युवक से दोस्ती हुई थी।

# हनुमान के रूप में भक्तों ने किया महाकाल का शृंगार


महाकाल का शृंगार करते बाबा के भक्त। ● अमृत विचार

बिल्सी। नगर के मुख्य बाजार स्थित कुटी मंदिर में सोमवार की रात भक्तों ने बाबा भोलेनाथ महाकाल का अद्भुत शृंगार हनुमान के स्वरूप में किया। बाबा के दर्शन के लिए यहां देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा। यहां पर बाबा का शृंगार प्रत्येक सोमवार को स्वरूप बदल-बदल कर किया जाता है। बाद में बाबा की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। यहां वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति बिल्सी की ओर से सभी को शर्बत वितरण किया गया। इस मौके बीना वार्ष्णेय, किरन वार्ष्णेय, प्रियंका वार्ष्णेय, छाया वार्ष्णेय, सीता वार्ष्णेय, निधि गुप्ता, गीतांजलि वार्ष्णेय, विष्णु गोपाल वार्ष्णेय, कुलदीप वार्ष्णेय, उमेश वार्ष्णेय, सौरभ बाबू, उज्जवल वार्ष्णेय, मुन्ना लाल, पंकज वार्ष्णेय, कुलदीप माथुर आदि भक्तों का विशेष सहयोग रहा। इधर नगर के बंबा चौराहे के निकट स्थित शिव शक्ति भवन मंदिर में भी भक्तों ने महाकाल का भव्य शृंगार कर प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## रोडवेज कर्मचारियों को जल्द जारी किए जाएंगे पारिवारिक पास

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी ने रोडवेज कर्मचारियों के पारिवारिक पास लोकल स्तर पर छपवाने के निर्देश दिए हैं। अब जल्द ही रोडवेज कर्मचारियों को पारिवारिक पास जारी किए जाएंगे।

रोडवेज में वर्तमान समय में नियमित और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ संविदाकर्मियों को भी निगम द्वारा पारिवारिक पास की सुविधा दिये जाने की व्यवस्था लागू की गयी है। इसके चलते क्षेत्रीय स्तर पर पास की मांग अत्यधिक मात्रा में की जा रही है। बरेली रीजन में पास खत्म होने से कर्मचारियों को दिक्कत हो रही थी। अब एमडी मासूम अली सरवर ने आरएम और एआरएम को निर्देश दिए हैं कि क्षेत्रीय स्तर पर मांग के अनुसार इंडियन बैंक एसोसिएशन (आईबीए) की सिक्योरिटी प्रेसों के पैनल में पंजीकृत प्रेसों से पूर्व में मुख्यालय द्वारा छपवाये गये पारिवारिक फ्री पास पैड्स की तरह सिक्योरिटी के मापदंडों के साथ पास की छपाई करा लें। आदेश में कहा गया है कि पास बनवाने में जो धनराशि खर्च होगी, उसका भुगतान मुख्यालय स्तर से किया जाएगा।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया विधायक हरीश शाक्य का जन्मदिन


बिल्सी। क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य का मंगलवार को जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम मुख्य बाजार स्थित अन्नपूर्णा रसोई पर गरीब मजदूरों को भोजन कराया गया। इसके बाद नगर पालिका परिषद कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी। यहां पालिकाध्यक्ष ज्ञानदेवी सागर और उनके पति ओमप्रकाश सागर ने विधायक को चांदी का मुकुट पहनाया। इस मौके पर जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, विवेक राठी, नवरतन, दिनेश बाबू, मनोज कुमार, अंकित मौर्य, संजीव वार्ष्णेय, सुधीर सोमानी, प्रखर माहेश्वरी, उमेश बाबू, सूर्यप्रकाश देवल, राहुल माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

### चुनाव में मेहनत करने वालों का सम्मान जरूरी


बदायूं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद शीराज आलम को उपहार देकर सम्मानित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जो कार्यकर्ता चुनाव में पूर्ण रूप से समय देकर मेहनत करते हैं उन्हें सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है। शीराज आलम एक आदर्श कार्यकर्ता हैं। मोहम्मद शीराज आलम ने कहा भाजपा एकमात्र पार्टी है जो कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अरशद अल्वी, अमित सिंह मंडल अध्यक्ष, सिविल लाइन नसीम खान, अजमत पीर आदि उपस्थित रहे।

### राजकोट के लिए 7 जुलाई से चलेगी स्पेशल ट्रेन

बरेली, अमृत विचार : रेलवे ने लालकुंआ-राजकोटस्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। 05045 स्पेशल ट्रेन 7 जुलाई से 29 सितंबर तक प्रत्येक रविवार को लालकुंआ से 13 :10 बजे चलकर बहेड़ी से 13 :56 बजे, भोजीपुरा से 14 :21 बजे, इज्जतनगर से 14 :42 बजे, बरेली सिटी से 14 :57 बजे और बरेली जंक्शन से 15 :09 बजे रवाना होगी। वापसी में 05046 राजकोट-लालकुंआ स्पेशल ट्रेन 8 जुलाई से 30 सितंबर तक प्रत्येक सोमवार को राजकोट से 22 :30 बजे चलकर तीसरे दिन बरेली जंक्शन से 01 :49 बजे, बरेली सिटी से 02 :05 बजे, इज्जतनगर से 02 :25 बजे, भोजीपुरा से 02 :40 बजे और बहेडी से 03 :07 बजे रवाना होगी।


सब का मालिक एक है।
दुआ भी तकदीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरू अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली


खुल रही पोल | घटना के बाद पूर्व विधायक ने किया था दावा- राणा से मेरा कोई लेना-देना नहीं

# पप्पू भरतौल के साथ राणा के फोटो वायरल

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : प्लॉट पर कब्जे के लिए पीलीभीत बाईपास पर किराए के बदमाशों से दो घंटे तक गोलीबारी कराने के मुख्य आरोपी राजीव राणा के पूर्व भाजपा विधायक पप्पू भरतौल के साथ तमाम फोटो वायरल हो गए हैं। पप्पू भरतौल ने घटना के बाद दावा किया था कि उनका राणा से कोई लेना-देना नहीं है।

राजीव राणा पर पीलीभीत बाईपास पर 15 करोड़ कीमत का प्लॉट कब्जाने के लिए रिठौरा के हिस्ट्रीशीटर सभासद केपी यादव को 30 लाख रुपये में ठेका देने का आरोप है। इस प्लॉट पर काबिज मार्बल कारोबारी की


पूर्व विधायक राजेश मिश्रा के साथ राजीव राणा।

ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में राजीव राणा के साथ पूर्व विधायक पप्पू भरतौल को भी नामजद किया गया था। भरतौल ने इसके बाद सफाई दी थी कि राजीव राणा के साथ इस पूरे प्रकरण से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने यह कहते हुए एक वीडियो भी जारी किया था कि वह गोलीकांड के दिन वृंदावन में थे। उसके बाद उज्जैन चले आए हैं। अब राणा के साथ उनके दर्जनों फोटो वायरल कर दिए गए हैं। राणा अलग-अलग जगह खींची गई इन फोटो में पप्पू भरतौल की बगल में बैठा नजर आ रहा है।

ये फोटो वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच की तो पता चला कि राणा की पूर्व विधायक के साथ लंबे समय से निकटता है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कई प्रोजेक्ट में पप्पू भरतौल और राणा पार्टनर हैं। जबकि, पप्पू भरतौल ने पहले ही साफ किया है कि इस गोलीकांड से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

## समरीन ने सुमन बनकर प्रेमी से किया विवाह

बरेली, अमृत विचार : हाफिजगंज क्षेत्र की युवती ने धर्म परिवर्तन कर प्रेमी से शादी कर ली। युवती की प्रेमी से पांच महीने पहले मुलाकात हुई थी।

सेंथल के कुंआ डांडा निवासी समरीन के मुताबिक उसकी इज्जतनगर निवासी मित्रपाल से जान पहचान हुई थी। दोनों में दोस्ती हुई और दोनों प्यार करने लगे। मित्रपाल ने उनसे शादी करने के लिए कहा, तो उन्होंने हां कर दी। सोमवार को दोनों ने सुभाषनगर क्षेत्र के मढ़ीनाथ स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम पहुंचे। यहां आचार्य केके शंखधार ने दोनों की शादी कराई। समरीन ने अपना नाम बदलकर अब सुमन यादव रखा है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
आवश्यकता है
प्राचार्य (01) पद (अनुभव 15 वर्ष)
कम्प्यूटर आपरेटर (01) पद
लाइब्रेरियन (01) पद
प्रवक्ता सभी विषयों हेतु
(योग्यता-यूजीसी के मानकानुसार)
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त अंक पत्र सह प्रमाण पत्रों के साथ, दो प्रतियों में 15 दिन के अन्दर रजिस्टर्ड डाक द्वारा कॉलेज के निम्न पते पर भेजें।
माहिरा लॉ कॉलेज
बुद्ध बाजार रोड, इतवार नकाशा बिसौली (बदायूँ) पिन-243720
मो. 9412511333, 9412601810
E-mail : mahiralawcollege@gmail.com



वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, छह झुलसे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र के इंद्रा कालोनी स्थित डीएम पब्लिक स्कूल के निकट निवासी राजू बंसल डबल फाटक के नीचे खाने का ठेला लगाता है। इसके लिए घर पर ही खाने की तैयारी होती है।

सोमवार देर रात रोजाना की तरह राजू की पत्नी खाना बना रही थी। उसी समय गैस लीकेज होने से सिलेंडर में आग लग गई। जिससे तीन बच्चे समेत छह लोग झुलस गए। वहीं रसोई में रखा सामान भी जलकर राख हो गया है। घटना के वक्त घर में मौजूद लोगों ने चीखना शुरू कर दिया। तेज आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंच गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस के मुताबिक, रसोई में जलकर राख हुए सामान का ब्योरा लिया गया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

### शत्रु संपत्ति के मामले में गवाह से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** शत्रु संपति के मामले में बचाव पक्ष की ओर से गवाह से जिरह हुई। अब इस मामले में बुधवार को भी सुनवाई होगी। सपा नेता आजम खां पर बकरी चोरी से लेकर किसानों की जमीन कब्जाने और शत्रु संपत्ति सहित काफी मामलों में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। सभी मामलों में पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट दाखिल कर दी थी। शत्रु संपत्ति से जुड़े एक मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने गवाह से जिरह की। इस दौरान अपर महाअधिवक्ता अनिल प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि इस मामले में बुधवार को सुनवाई होगी।

**लोकसभा चुनाव के दौरान दिया था जातिगत जनगणना पर भाषण**

# सांसद राहुल गांधी के विरुद्ध स्पेशल कोर्ट में वाद

विधि संवाददाता,बरेली

- **भावनाएं भड़काने का आरोप पुलिस से रिपोर्ट तलब की, अब चार को होगी सुनवाई**

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एमपी/एमएलए कोर्ट की स्पेशल जज शांभवी ने वाद दर्ज कर कोतवाली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। राहुल गांधी पर यह केस जातिगत जनगणना पर दिए भाषण से लोगों की भावनाओं को भड़काने और सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने के आरोप में दर्ज कराया गया है। कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 4 जुलाई नियत की है।

सुभाषनगर निवासी पंकज पाठक ने अधिवक्ता अनिल द्विवेदी के जरिए अदालत में अर्जी देकर बताया कि 28 मई को दोपहर 2 बजे कचहरी प्रांगण में टीवी पर राहुल गांधी का जातिगत जनगणना भाषण देखा और सुना था। राहुल गांधी ने राजनीतिक लाभ के लिए सोची-समझी रणनीति के तहत वोटों के बंटवारे के लिए भारत की अखंडता को चोट पहुंचाने के लिए यह भड़काऊ बयान दिया। कचहरी पर कई लोगों ने भाषण सुनकर राहुल गांधी की बात को सही बताया। प्रतिक्रिया दी, अब देखेंगे धन्ना सेठों और बंगले वालों को जिनके घर में दो लोग नहीं हैं, बैंकों में करोड़ों रुपये हैं। यहां हम गरीब और दूसरी जाति के लोग मुश्किल से जीवनयापन कर पाते हैं। हमारे घर में सारे सदस्यों के लेटने-बैठने तक की जगह नहीं है। राहुल की बात सही है। आरोप है कि राहुल ने यह बयान सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के साथ धर्म-जाति, विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने और निजी लाभ के लिए दिया है।

**इन धाराओं का लिया आधार**

भारतीय दंड संहिता की धारा 153, 153ए जिनके अंतर्गत यह दंडनीय अपराध है। गवाहों की गवाही पूरी होने और तलबी आदेश के बाद प्रावधान के तहत अपराध के संज्ञान के समय 196 सीआरपीसी भी लागू होगी जिसमें राज्य के विरुद्ध अपराध के लिए और आपराधिक षडयंत्र की योजना बनाने के लिए उम्रकैद तक का प्रावधान है।

## शराब कारोबारी के मुनीम का अपहरण, पुलिस ने बरामद कर एक बदमाश दबोचा

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** जनपद संभल के गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार शाम शराब की दुकानों से कैश इकट्ठा कर लौट रहे शराब कारोबारी के मुनीम की बाइक रोककर कार सवारों ने हथियारों के बल पर उसका अपहरण कर लिया। मुनीम का साथी अपहरणकर्ताओं को चकमा देकर कोल्ड स्टोर में जाकर छिप गया। पुलिस ने अपहृत मुनीम को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

मुरादाबाद जनपद के मूढापांडे थाना क्षेत्र अंतर्गत मिलक मंथा गांव निवासी प्रदीप गुन्नौर में शराब कारोबारी के यहां मुनीम के रूप में शराब की दुकानों से कैश कलेक्शन का काम करता है। सोमवार को वह जुनावई व गुन्नौर क्षेत्र की शराब की दुकानों से कैश इकट्ठा कर अपने साथी मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर निवासी नितिन के साथ बाइक से बबराला लौट रहा था। शाम करीब सात बजे मेरठ बदायूं मार्ग पर सैंजना मुस्लिम और जगन्नाथपुर के बीच स्थित दूध प्लांट के पास पीछे से आ रही ईको गाड़ी सवार लोगों ने हथियारों के बल पर बाइक रुकवा ली। उसी वक्त वहां एक बाइक और आकर रुकी। ईको सवार गाड़ी से उतर आए और सब मिलकर प्रदीप और नितिन से गालीगलौज करते हुए हाथापाई करने लगे। मौका देख कैश लेकर नितिन वहां से भाग निकला और पास ही कोल्ड स्टोर में जा कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद ईको कार सवार लोग मुनीम प्रदीप का अपहरण कर उसे कार में डालकर जुनावई की ओर भाग गए।

### मारपीट का बदला लेने को किया अपहरण

**बबराला, अमृत विचार।** शराब कारोबारी के कर्मचारी के अपहरण के आरोपियों और शराब कारोबारी के लोगों में एक पखवाड़ा पहले मारपीट हुई थी। इस घटना में शराब कारोबारी के लोग भारी पड़े थे। मारपीट का बदला लेने के लिए आरोपी मौके की तलाश में थे। सोमवार को प्रदीप का अपहरण कर लिया गया। कोतवाली इंचार्ज विनीत कुमार ने बताया कि अपहरण की घटना की जानकारी मिलने पर टीमें बना कर दबिश दी गई। इसी दौरान रजपुरा थाना क्षेत्र में अनूपशहर- गवां मार्ग पर ईको दिखाई दी। पुलिस ने तलाशी ली तो ईको में अपहृत प्रदीप मिल गया। एक आरोपी कृष्णपाल उर्फ विनोद को गिरफ्तार किया गया है।

# ट्रेनों में जनरल कोच कम होने से सामान्य यात्री परेशान

## एसी और स्लीपर कोच में चढ़ने पर देना पड़ रहा भारी जुर्माना

मुरादाबाद कार्यालय



**अमृत विचार:** ट्रेनों में जनरल कोच कम होने से यात्रियों की समस्याएं बढ़ा दी हैं। जिसके कारण जनरल से लेकर स्लीपर कोचों में घुसना दूभर हो गया।

रेलवे ने गर्मियों में यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए ट्रेनों मे एसी कोच बड़ी संख्या बढ़ाए हैं। लेकिन, इससे ट्रेन में जनरल व स्लीपर कोचों की संख्या साठ से 80 फीसदी तक कम हो गई है। पहले जहां जनरल- स्लीपर सर्वाधिक थे उनकी जगह एसी कोचों ने ले ली है। शहीद, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस समेत कई गाड़ियों में कोच कंपोजिशन ही बदल गया। इससे यात्रियों में रेलवे में सस्ता व सुलभ सवारी की धारणा बदल गई है। मुरादाबाद मंडल में बरेली-भुज आला हजरत में स्लीपर कोच 10 हैं। लेकिन, जनरल के मात्र दो कोच आगे व सबसे पीछे है। यह ट्रेन मुरादाबाद से सुबह चलती है। दैनिक यात्री व अन्य कामकाजी लोगों को मजबूरी में जनरल व स्लीपर कोच में लटककर जाना पड़ता है। हापुड़, गाजियाबाद तक स्लीपर कोच का टॉयलेट भी पैक रहता है। इसके अलावा देहरादून से चलने वाली राप्ती गंगा एक्सप्रेस में पहले छह स्लीपर थे, अब तीन है। जबकि एसी पांच की जगह 10 हो गए।

योगनगरी से चलने वाली लिंक एक्सप्रेस में केवल दो ही जनरल कोच हैं। पांच स्लीपर व छह एसी कोच हैं। जबकि मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली शहीद एक्सप्रेस (14649- 50) में पहले स्लीपर व जनरल के 10-10 कोच व दो एसी कोच थे। अब इसमें 15 एसी व दो-दो स्लीपर व जनरल कोच हैं। वहीं अवध असम एक्सप्रेस (15909-10) में कभी तीन जनरल, दस स्लीपर व चार एसी कोच होते थे। इसमें अब एसी के 13, चार स्लीपर व दो जनरल कोच हैं। लखनऊ-चंडीगढ़-इंटरसिटी (15011-12) ट्रेन की कोच रचना भी बदल गई है। इसमें सात जनरल थे। जिससे यात्री आसानी से सफर कर लेते थे। यात्री अब दो जनरल कोचों के सहारे सफर करने को मजबूर है। इसमें तीन की जगह 15 एसी कोच लगे हैं। जिसके कारण यात्रियों को जनरल कोच में लटक कर जोखिम भरा सफर करना पड़ता है।

> ट्रेन में जनरल कोच बढ़ाए जाने का प्रस्ताव रेल मुख्यालय को भेजा जाएगा। हालांकि समर वैकेशन में भीड़ का दबाव कम करने के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। जिसमें कई अनारक्षित ट्रेनों को चलाया गया है।
> **– आदित्य गुप्ता,** सीनियर डीसीएम

## ओईएफ ने बनाई सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **भाभा कवच के उन्नत प्रतिरूप का वजन सिर्फ 6.5 किलोग्राम**
- **रिवाल्वर, एके-47 व एसएलआर की गोलियां रहेंगी बेअसर**



**अमृत विचार:** रक्षा प्रतिष्ठान आयुध उपस्कर निर्माणी (ओईएफ) ने नई लाइट वेटेड बुलेट प्रूफ जैकट तैयार की है। इसका वजन सिर्फ 6.5 किलोग्राम है। इससे पहले तैयार की गई बुलेट प्रूफ जैकेट का वजन 9.3 किलोग्राम तक था। वजन में हल्की होने के साथ करीब 84 हजार रुपये कीमत वाली इस बुलेट प्रूफ जैकेट को सीआरपीएफ एवं राज्य पुलिस बलों के लिए वरदान जैसा माना जा रहा है।

ओईएफ में तैयार किए गए भाभा कवच के उन्नत प्रतिरूप के बारे में महाप्रबंधक डा. अनिल रंगा ने बताया कि नई बुलेट प्रूफ जैकेट वजन में हल्की होने के कारण विश्व स्तरीय उत्पाद की श्रेणी में है। केरल पुलिस की जरूरत के आधार पर शोध टीम ने इसे तैयार किया है। 6.5 किलोग्राम वजन वाली यह बुलेट प्रूफ जैकेट रिवाल्वर, पिस्टल, एके-47 एवं एसएलआर की बुलेट से बचाव करने में पूरी तरह सक्षम है। करीब 84 हजार रुपये कीमत वाली 170 जैकेट के लिए केरल पुलिस ने आर्डर दिया है। अन्य संस्थानों से भी आर्डर मिले हैं। नई बुलेट प्रूफ जैकेट को स्पेशल कंपोजिट मैटेरियल से तैयार किया है। पूर्व में ओईएफ में बनी बुलेट प्रूफ जैकेट (भाभा कवच) का वजन अधिक था, उसे उतारने में कई बार दूसरे व्यक्ति की मदद लेनी पड़ती थी। लेकिन नई जैकेट को आसानी से पहना जा सकता है। इस जैकेट के विकास में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए वजन कम करने के साथ ही इस्तेमाल के दौरान जवानों का मूवमेंट फ्री रखने का उद्देश्य भी पूरा किया गया है। महाप्रबंधक ने बताया कि ओईएफ को विभिन्न रक्षा उत्पादों के निर्माण के लिए चालू वित्तीय वर्ष में 600 करोड़ रुपये से अधिक के आर्डर मिले हैं।

### पोलो ग्राउंड पर हो रहे निर्माण के संबंध में राज्य सरकार से जवाब- तलब

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में हाईकोर्ट के पास स्थित पोलो ग्राउंड भूमि पर किए जा रहे निर्माण और पोलो ग्राउंड से लगी सड़क के किनारे फुटपाथ पर निर्माण करने के संबंध में अखंड प्रताप सिंह ने एक जनहित याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया कि एक अन्य मामले में न्यायालय द्वारा उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण को प्रतिबंधित किया गया है, जिस पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए विपक्षी के अधिवक्ताओं की ओर से अनुरोध करने पर उन्हें एक सप्ताह का समय दिया गया है और तब तक पोलो ग्राउंड पर किसी भी प्रकार के निर्माण को प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने पारित किया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल केपरी ग्लोबल हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली से श्रीमती मनीशा देवी पत्नी स्व. लक्ष्मण दास पुत्री रूपचन्द्र नि. सी 109/2 राजेन्द्र नगर शहर व जिला बरेली एक किता मकान सं. सी 109/2 रक्ब 123.25 वर्गमी. वाकै राजेन्द्र नगर पर. तह. व जिला बरेली जिसकी चौहददी पूरब में भवन सं. सी 112/5, पश्चिम में रास्ता 9 मी. चौड़ा, उत्तर में भवन सं. सी 109/1 व दक्षिण में भवन सं. सी 109/3 है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रही है उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित पूर्व मूल फ्री होल्ड बैनामा जो उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद द्वारा संजीव जैन के पक्ष में निष्पादित किया था जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 11.01.2002 को बही सं. 1 जिल्द 335 के पृष्ठ 175 से 190 में नं. 316 पर हुई है व पूर्व मूल बैनामा जो मिटवू लाल मुख्तारेआम संजीव जैन द्वारा रूपचन्द्र के हक में निष्पादित किया गया है जिसकी रजिस्ट्री स.र. बरेली में दिनांक 22.01.2002 को बही सं. 1 जिल्द सं. 2045 के पृष्ठ 55 से 78 में नं. 689 पर हुई है व मूल मुख्तारनामा दि. 21.11.1987 व मूल एलाटमेन्ट लेटर व मूल पजेशन लेटर जो कहीं खो गये है जिसके खोने की सूचना थाने पर दर्ज कराई जा चुकी है।

यदि किसी अन्य व्यक्ति/बैंक/संस्था आदि को उक्त बंधक सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 15 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल केपरी ग्लोबल हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

दिनांक : 20.06.2024

अमिताभ भन्ज, एडवोकेट
चैम्बर नं. 11, बड़ा वकालतखाना सिविल कोर्ट बरेली।
सूचीबद्ध अधिवक्ता केपरी ग्लोबल हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा बरेली

## कुत्तों को सरिया से पीटकर मार डालने का आरोप

संभल कार्यालय

- **कार्रवाई को पहुंचे पीएफए कार्यकर्ता**

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला बेगम सराय में कुत्तों ने एक बच्चे पर हमला किया तो परिवार के लोगों ने कुत्तों को घर में बंद कर बुरी तरह पीटा। पड़ोस की महिला का आरोप है कि सरियों से पीटकर कई कुत्तों की हत्या कर शव नाले में फेंक दिए। इस मामले की जानकारी मिलने पर मुरादाबाद से पीएफए (पीपुल फार एनिमल्स) कार्यकर्ता भी पहुंचे।

मोहल्ला बेगम सराय निवासी अरमाना बी का कहना है कि रविवार को कुत्ते ने मुहल्ला के ही बच्चे पर हमला कर दिया था। शाम को एक व्यक्ति ने कुत्तों को घर में बंदकर लाठी-डंडे व लोहे के सरिये से पीटना शुरु कर दिया। अरमाना बी ने कहा कि रविवार की रात से सोमवार की दोपहर तक मारपीट करते हुए व्यक्ति व अन्य लोगों ने कई कुत्तों को मौत के घाट उतार दिया और बोरी में बंद कर शव नाले में फेंक दिए। अरमाना बी की सूचना पर मुरादाबाद से पीपुल फार एनिमल्स की कार्यकर्ता रिचा भाटिया संभल पहुंचीं। रिचा भाटिया ने कहा कि नाले में दो कुत्तों के शव पड़े दिखाई दिए। इस मामले को लेकर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि कुत्ते द्वारा बच्चे को काटने की बात सामने आई थी। कुत्तों को मारा गया है इस बात की जानकारी नहीं है।

### कर्ज न चुका पाया तो किसान ने दे दी जान

**बसरेहर, इटावा।** थाना चौबिया क्षेत्र के वीना गांव में कर्ज से परेशान किसान ने पेड़ से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने बताया की किसान ने बैंक से कर्ज लिया था। अदाएगी के बढ़ते दबाव के कारण वह तनाव में रहते थे। इसके चलते फांसी लगाकर जान दे दी। थाना चौबिया क्षेत्र के गांव वीना निवासी मिथलेश कुमार शाक्य (40) कर्ज अदा न कर पाने के कारण कई दिन से परेशान थे। सोमवार की रात से वह घर से चले गए थे। मंगलवार की सुबह गांव नगला भाऊ के पास सरकारी शमशान की जमीन पर खड़े नीम के पेड़ पर उनका शव लटका मिला। थानाध्यक्ष चौबिया बेचन कुमार सिंह पहुंचे और प्रधान सहित परिजनों से जानकारी ली। मृतक के पुत्र लालू शाक्य ने बताया वह इकलौते भाई सहित चार बहन है।

## बलिया में नाबालिग लड़की से उसके चार नाबालिग दोस्तों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

बलिया,एजेंसी

एक नाबालिग लड़की से उसके ही चार नाबालिग दोस्तों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और घटनाक्रम बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस के मुताबिक, इस मामले में तीन आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि जिले के खेजुरी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 14 वर्षीया लड़की बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र में अपने परिवार के साथ रहती है। प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) गिरिजेश सिंह ने बताया कि पढ़ाई के दौरान नाबालिग लड़की की एक अन्य नाबालिग लड़के से दोस्ती हो गयी और वह 21 जून को अपराह्न में उससे मिलने गयी थी। आरोपी नाबालिग लड़की को एक मकान में ले गया, जहां उसके अलावा उसके तीन अन्य दोस्तों ने लड़की से बारी-बारी दुष्कर्म किया। नाबालिग लड़की को घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी थी। लड़की ने अपने पिता को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उनकी शिकायत पर सभी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई। सभी आरोपी 15 से 17 वर्ष की आयु के बीच के हैं। सोमवार को हिरासत में लेकर सभी को स्थानीय न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों को सुधार गृह में भेज दिया गया। पुलिस एक अन्य आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

### ग्राम निधि से खर्च करोड़ों की दोबारा जांच के निर्देश

**लखनऊ, अमृत विचार :** 2021 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान नियुक्त प्रशासकों ने छह माह तक ग्राम निधि से खर्च करोड़ों रुपये की जांच नहीं हो पाई है। निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने सभी जिलों को दोबारा जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह शिकायत गोरखपुर के संजय मिश्रा ने अप्रैल में निदेशक से की थी। उनका कहना था कि प्रदेश में दिसंबर 2021 में प्रधानों का कार्यकाल खत्म हो गया था। कामकाज प्रभावित न हो छह माह के लिए एडीओ व बीडीओ को प्रशासक नियुक्त किया गया था। प्रशासकों ने सचिवों के माध्यम से दिसंबर से मई तक ग्राम निधि से करोड़ों रुपये भुगतान किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर जनपद-पीलीभीत**

पत्रांक: 722/न.पा.परि.बी./24-25 दिनांक: 25.06.2024

**कुटेशन आमंत्रण सूचना**

इच्छुक निर्माता कंपनियों / फर्मों / सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका बीसलपुर (पीलीभीत) में राज्य वित्त आयोग की वेतन विवरण एवं अन्य देयों के भुगतान के उपरान्त का बचत की धनराशि /केन्द्रीय वित्त आयोग / पालिका निधि से नगर के विभिन्न मार्गो पर फैन्सी विक्टोरिया पोल 5 मी. सिंगल ब्रैकिट आर्न, 120 वाट ड्राप डाउन लाइट की प्रति नग की दर सील्ड कुटेशन प्रकाश से दिनांक 08.07.2024 तक आमंत्रित करती है, जो दिनांक 08.07.2024 को सायं 04:00 बजे उपस्थित कुटेशन दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। समय उपरांत प्राप्त कुटेशनों एवं सशर्त कुटेशनों पर विचार नहीं किया जायेगा। कुटेशनदाता स्पष्ट रूप से अपने-अपने फर्म / कम्पनी के लेटर पैड पर फोटो एवं दर सहित टाइप शुदा / हस्त लिखित दरें एवं वारंटी अविध का स्पष्ट उल्लते करते हुए नगर पालिका परिषद बीसलपुर के मार्ग प्रकाश विभाग से कार्यशील दिवस में प्राप्त की जा सकती है। किसी भी कुटेशन को बिना कारण बताये स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बीसलपुर मे सन्निहित होगा। उपरोक्त सामग्री की आपूर्ति की दरों की सामस्त जिम्मेदारी कुटेशनदाता / फर्म / निर्माता कम्पनी / सप्लायर्स की होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा.परि., बीसलपुर**

**अध्यक्ष**
**न.पा.परि., बीसलपुर**

### इटावा सफारी में शेरनी नीरजा के शावक की मौत

**इटावा, अमृत विचार:** इटावा सफारी पार्क में शेरनी नीरजा के एक शावक की मंगलवार को मौत हो गई। नीरजा ने 31 मई की देर रात चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें एक मरा हुआ पैदा हुआ था। जीवित तीन शावकों में से एक को वह दूध नहीं पिलाती थी। उसे सफारी के चिकित्सक की निगरानी में दूध पिलाया जाता था। मां का दूध न मिलने से शावक कमजोर हो गया था। मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। बाकी बचे दो शावकों को ही नीरजा दूध पिलाती थी। जबकि कीपर तीसरे बच्चे को दूध पिलाते थे। मां का दूध न मिलने से एक शावक 21 जून को कुछ अस्वस्थ हुआ तो उसका उपचार किया गया।

सेहत में थोड़ा सुधार हुआ जरूर लेकिन बाद में स्थिति बिगड़ गई। शावक 25 जून की सुबह सुबह 6 बजे दूध पिलाने के लिए जब कीपर पहुंचे तो देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी।

## वीआईपी बनने को लगाई मल्टी कलर लाइट तो खैर नहीं

लखनऊ, अमृत विचार

- **विशेष बनने की चाहत में सत्ता और शासन के लोग अधिकृत न होने के बावजूद कर रहे हूटर और लाइट का प्रयोग**
- **परिवहन विभाग ने वीआईपी कल्चर पर शिकंजा कसने को तैयार की गाइडलाइन, शासन को लेना है निर्णय**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद प्रदेश भर में ऐसे वाहनों से लाल-नीली बत्ती छीन ली गई जो अनधिकृत थे। वीआईपी कल्चर खत्म करने की मुख्यमंत्री की मंशा को देख परिवहन विभाग भी सक्रिय हो गया। आनन-फानन में एक समिति गठित की गई। समिति ने यह साफ कर दिया कि मल्टी कलर लाइट और हूटर लगाने का अधिकार किस-किस को होगा।

समिति न इसकी गाइड लाइन तैयार कर शासन को भेज भी दी है। जल्द ही मुख्य सचिव के साथ बैठक होगी और इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया जायेगा। समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि मल्टी कलर लाइट के वही विभाग और अधिकारी अधिकृत होंगे, जिन्हें परिवहन विभाग से विशेष स्टीकर दिया जाएगा। बिना स्टीकर के किसी वाहन पर लगी मल्टी कलर लाइट अवैध मानी जायेगी। जिलाधिकारी, पुलिस विभाग, परिवहन व वन विभाग के कार्मिकों को मिलेंगे स्टीकर

समिति ने सरकारी वाहनों पर एक विशेष स्टीकर लगाने का फैसला लिया है। इस स्टीकर के जरिए ही संबंधित गाड़ी नंबर को मल्टी कलर लाइट लगाने की अनुमति होगी। प्रदेश भर में तकरीबन 25 हजार सरकारी वाहनों पर मल्टी कलर लाइट और स्टीकर लगाए जाएंगे। प्राकृतिक या मानवीय आपदा के लिए फायर कंट्रोल को मल्टी कलर लाइट लगाने की अनुमति होगी। मानवीय आपदा जैसे दंगा आदि हो जाता है तो इसमें कानून-व्यवस्था मेंटेन करने की जिम्मेदारी पुलिस की होती है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को मल्टी कलर लाइट की अनुमति होगी। जिलाधिकारी प्रवर्तन का हिस्सा होता है और किसी भी तरह की दैवीय या मानवीय आपदा के समय उसका काम बढ़ जाता है। इसलिए मजिस्ट्रेट के रूप में सब डिविजनल मजिस्ट्रेट से लेकर जिला मजिस्ट्रेट तक को मल्टी कलर लाइट लगाने की अनुमति दिए जाने की तैयारी है। इन वाहनों में हूटर भी लग सकते हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी भी मल्टी कलर लाइट लगा सकेंगे। मल्टी कलर लाइट लगाने में किसी तरह की धोखाधड़ी न हो इसलिए परिवहन विभाग की तरफ से संबंधित विभागों को उनके वाहनों के लिए स्टीकर दिए जाएंगे।

**सिक्योरिटी से लैस होंगे स्टीकर, परिवहन विभाग की वेबसाइट पर दर्ज होगा ब्यौरा :** सभी स्टीकर सिक्योरिटी फीचर से लैस होंगे। स्टीकर में वाहन का पूरा ब्यौरा दर्ज होगा। जिन वाहनों को स्टीकर जारी किए जाएंगे, उनकी जानकारी परिवहन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। इसमें सर्च का विकल्प दिया जाएगा जिससे वाहन का नंबर डालते ही पूरी डिटेल सामने आ जाएगी। सेकेंडों में पता चल जाएगा कि वाहन में जो मल्टी कलर लाइट लगी है, उसे अनुमति दी गई है या नहीं।

### नक्सली हमले में बलिदान शैलेंद्र कुमार का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव

**कानपुर, अमृत विचार।** रविवार को छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर नक्सली हमले में बलिदान कानपुर के नौगवां गौतम गांव निवासी जवान शैलेंद्र कुमार का पार्थिव शरीर मंगलवार दोपहर गांव पहुंचा। पूरा माहौल गमगीन हो गया। हजारों लोगों ने तिरंगे के साथ बलिदानी की शव यात्रा निकाली और भारत माता की जय के नारे लगाए। बलिदानी की अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, राज्य मंत्री अजीत पाल, आईजी सीआरपीएफ सतपाल रावत, डीआईजी सीआरपीएफ एसपी सिंह व सेना के अधिकारी समेत पुलिस के आलाधिकारी पहुंचे। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान और जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने शहीद शैलेंद्र कुमार के पैतृक गांव नौगवां गौतम पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद गंजडुण्डवारा- कासगंज**

पत्रांक सं. 454/न.पा.प.गज./2024-25 दिनांक: 24.06.2024

**सेनीटेशन सर्विस लेवल बेंच**

एतद् द्वारा उ.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार के अन्तर्गत समस्त शौचालयों में उच्च स्तरीय नागरिक हितैशी सेवायें, रख-रखाव एवं आवश्यक सुविधा नियमित रूप से कराने हेतु सैनीटेशन सर्विस लेवल बेंच मार्क निर्धारित किये गये हैं। अत: समस्त शौचालयों में निकाय के स्वच्छता प्रभारी एवं केयर टैंकरों को निर्देशित किया जाता है निम्नानुसार सेनीटेशन सर्विस लेवल बैंचमार्क के अनुसार व्यवस्था कराये, निर्देशों का पालन नहीं किये जाने पर सम्बन्धित केयर टैंकरों एवं स्वच्छता प्रभारी को दर्शित अर्थदण्ड अनुसार दण्डित किया जायेगा।

| क्र.सं. | सेवा का प्रकार | मानक लक्ष्य | अर्थदण्ड की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | शौचालय का खुलने का समय | 24 घंटे | 20/- |
| 2. | जल उपलब्धता | 24 घंटे | 10/- |
| 3. | शौचालय में प्रकाश एवं हवादानी | प्रत्येक सीट में प्राकृतिक एवं एल.ई.डी. लाईट से प्रकाश एवं हवादानी | 10/- |
| 4. | सेप्टिक टैंक / सिवरेज व्यवस्था | समस्त सीटों हेतु | 20/- |
| 5. | शिकायत निवारण की समय-सीमा | 24 घंटे | 10/- |
| 6. | शौचालय को ऑनलाईन मैप में खोजने हेतु या समकक्ष प्लेटफार्म में उपलब्धता एवं फीडबैक व्यवस्था। | समस्त शौचालयों में | 20/- |
| 7. | दिव्यांग, हितैशी सीट / बच्चों के सीट की उपलब्धता। | प्रत्येक शौचालय में न्यूनतम 1 सीट | 20/- |
| 8. | सीट, बेसिन, फर्श, दीवार, दरवाजा, आईना आदि की साफ - सफाई | निरन्तर किन्तु 24 घंटे में न्यूनतम 3 बार | 10/- |
| 9. | साबुन, फिनायल, डस्टबिन, सफाई कर्मी सुरक्षा पहनावे (जैसे ग्लब्स, जूता, एप्रेन आदि) झाडू आदि की व्यवस्था। | समुचित सफाई हेतु निरन्तर उपलब्धता | 10/- |
| 10. | सैनेटरी नैफकिन, एयर फ्रेशनर, हैण्ड ड्रायर | शहर में स्थित कुल 10 प्रतिशत शौचालय में | 10/- |

**सुनील कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**

**हाजी मुनव्वर हुसैन**
**अध्यक्ष**

## लखनऊ की तर्ज पर अन्य जिलों के गांव बनेंगे मॉडल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ की तरह प्रदेश के सभी गांव मॉडल बनाए जाएंगे। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्रशिक्षण पाने के लिए जिलों से आई टीमों ने गांवों का भ्रमण किया और विकास कार्य के तौर-तरीके सीखे।

मंगलवार को पंचायती राज निदेशालय में जिलों से आए कंसलटिंग इंजीनियर व अधिकारियों ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के तहत मॉडल गांव का प्रशिक्षण पाया। इसके बाद टीम को स्टेट कंसलटेंट सुशील पांडेय, दीपक कुमार व जिला समन्वयक अभिनव त्रिवेदी ने बीकेटी ब्लॉक की ग्राम पंचायत कठवारा व गोसाईगंज की ग्राम पंचायत बक्कास का भ्रमण कराया। दोनों ग्राम पंचायत पिछले वर्ष पहले चरण में मॉडल बनी थीं। टीम ने गांव में बने पंचायत भवन, लर्निंग सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर व उनमें होने वाले कामकाज का तरीका देखा। इसके बाद सामुदायिक शौचालय, ठोस एवं तरल प्रबंधन के कार्य, जलनिकासी, प्लास्टिक का उठान और आरआरसी सेंटर में निस्तारित कर सड़क निर्माण के लिए दाने बनाना आदि कार्यों व उनके क्रियान्वयन को बारीकी से जाना। टीम अपने जनपदों में इस तरह से चयनित गांवों को मॉडल बनाएगी।

**सूचना**



मैं अपनी स्वेच्छा से अपनी बहन श्रीमती आशा देवी व बहनोई आशा राम नि. मु. अहीर टोला कस्बा व थाना उझानी जिला बदायूं के साथ रह रही हूं मेरा कोई वारिसान मेरी मृत्यु उपरान्त इन दोनों या इनके परिवार के खिलाफ कानूनी या गैर कानूनी कार्यवाही करे तो वह झूठी व निरर्थक मानी जावे। मैंने अपनी चल व अचल सम्पत्ति का किसी को कोई विक्रय या वसीयत नामा नहीं किया है। **श्रीमती सुन्दरी पत्नी श्री स्व. रेबाराम आर्य नि. कुन्डरा ढाका थाना दातागंज परगना व तहसील दातागंज, बदायूं मो. 8954242892**

## 25 साल से फरार हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार

**सैदनगर।** 25 साल से गायब हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने उत्तराखंड से गिरफ्तार किया है। हिस्ट्रीशीटर पर पुलिस ने अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अजीमनगर थाना क्षेत्र के चांदपुर निवासी हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद अली उर्फ नन्हें करीब 25 वर्ष से लापता था। पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार जानकारी जुटा रही थी लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग रहा था।

# मदरसे में मौलवी ने छात्र के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र में मदरसे में मौलवी ने नाबालिग छात्र के साथ दुष्कर्म किया।

परिजनों की तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पड़ोसी गांव निवासी एक किशोर मदरसे में रहकर पढ़ाई करता है। छात्र अन्य छात्रों के साथ मदरसे के हॉस्टल में रहता था। आरोप है कि मदरसे का मौलवी छात्र को बहला फुसलाकर दूसरे कमरे में ले गया। इस दौरान आरोपी ने छात्र के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान मौलवी ने छात्र को किसी को न बताने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी मदरसे से फरार हो गया। छात्र ने परिजनों को आपबीती बताई। मदरसे पहुंचे छात्र के परिजनों ने हंगामा किया। रात 12 बजे परिजन छात्र को लेकर अजीमनगर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नगलिया आकिल निवासी मौलवी अजीजुर्रहमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने गांव छोड़कर जा रहे आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि छात्र को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया आरोपी मौलवी को गिरफ्तार किया है।


## ग्राम समाज इण्टर कॉलेज, बैरमई बुजुर्ग (बदायूं)

### नीलामी सूचना

प्रत्येक वर्ष की भांति कृषि योग्य भूमि 12 बीघा (एक खण्ड), 24 बीघा (2 खण्ड) एवं 33 बीघा (3 खण्ड) दिनांक 01.07.2024 को विद्यालय प्रांगण में समय प्रात: 10:00 बजे नकद धनराशि पर एक वर्ष की कास्त हेतु (30.06.2025) तक खुली बोली पर उठायी जानी है। नकद धनराशि न होने पर दूसरे व्यक्ति को मौका दिया जायेगा।

**श्री राजीव कुमार शर्मा**
**प्रधानाचार्य**
**ग्राम समाज इण्टर कॉलेज**
**बैरमई बुजुर्ग (बदायूं)**

**श्री बृजेश बाबू वार्ष्णेय**
**प्रबन्धक**
**ग्राम समाज इण्टर कॉलेज**
**बैरमई बुजुर्ग (बदायूं)**

## कार्यालय ग्रा.पं. रजपुरी नवादा, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम रजपुरी नवादा में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत रजपुरी नवादा की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, अल्प कालीन निविदा, एस.एल.डब्ल्यू.एम., ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खडंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टबिन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा, सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, पंचायत घर मरम्मत व रंगाई-पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान भंडारण भवन में एलकोपेनल कार्य आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 01 जुलाई 2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन सायं 4 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रधान-माया देवी** **सचिव-चन्द्रभान सिंह**

## कार्यालय ग्रा.पं. भगवतीपुर, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम भगवतीपुर में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत भगवतीपुर की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, अल्प कालीन निविदा, एस.एल.डब्ल्यू.एम., ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खडंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टबिन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा, सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, पंचायत घर मरम्मत व रंगाई-पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान भंडारण भवन में एलकोपेनल कार्य आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 28 जून 2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन दोपहर 12 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रधान-प्रीति** **सचिव-चन्द्रभान सिंह**

## कार्यालय ग्रा.पं. कोहनी, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोहनी में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत कोहनी की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, अल्प कालीन निविदा, एस.एल.डब्ल्यू.एम., ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खडंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टबिन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा, सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, पंचायत घर मरम्मत व रंगाई-पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान भंडारण भवन में एलकोपेनल कार्य आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 28 जून 2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन दोपहर 2 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रधान-शायरा बेगम** **सचिव-चन्द्रभान सिंह**

## कार्यालय ग्रा.पं. कमुआ कला, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कमुआ कला में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत कमुआ कला की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, अल्प कालीन निविदा, एस.एल.डब्ल्यू.एम., ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खडंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टबिन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा, सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, पंचायत घर मरम्मत व रंगाई-पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान भंडारण भवन में एलकोपेनल कार्य आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 28 जून 2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन सायं 4 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रधान-बालक राम** **सचिव-चन्द्रभान सिंह**

## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति-बरेली

**नवीन मण्डी स्थल पीलीभीत रोड--243311**

पत्रांक : कृ.उ.म.स./2024-402 दिनांक 25.06/2024

### वाहन स्टैण्ड नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन फल-सब्जी मण्डी परिसर, बरेली में स्थित "01 नग" वाहन स्टैण्ड की नीलामी की सूचना को अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुये आगामी तिथि 05.07.2024 निर्धारित की गयी है। इच्छुक बोलीदाता रु. 50,000.00 (पचास हजार रूपये) की एफ.डी.आर. जो समिति के पक्ष मे बन्धक होगी। जमानत के रूप मे जमा कर नीलामी मे हिस्सा ले सकते हैं। नीलामी प्रार्थना पत्र समिति कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक 04.07.2024 को सांयकाल 05:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। नीलामी की शर्तें किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय मे देखी जा सकती है।

**सचिव**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बरेली**

**सभापति**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बरेली**

## क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स

193-ए, सिविल लाइन्स, बरेली मण्डल, बरेली

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सचिन कुमार देवल पुत्र श्री चन्द्र मोहन देवल द्वारा नाथ नगरी परिक्रमा सेवा समिति, पटवा गली, बजरिया पूरनमल, बरेली के अध्यक्ष की हैसियत से पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये हैं:-

| क्र.सं. | नाम / पिता / पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्री सचिन कुमार देवल पुत्र श्री चन्द्र मोहन देवल | अध्यक्ष |
| 2. | श्री मोहित रस्तोगी पुत्र श्री श्याम रस्तोगी | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री देवेश गुप्ता पुत्र श्री बृजबल्लभ गुप्ता | सचिव |
| 4. | श्री दीपक आनन्द पुत्र श्री सुभाष आनन्द | उपसचिव |
| 5. | श्री राजकुमार चौपड़ा पुत्र श्री चन्द्र प्रकाश चौपड़ा | कोषाध्यक्ष |
| 6. | श्री शुभम् शुक्ला पुत्र श्री राम बहादुर शुक्ला | सदस्य |
| 7. | श्री सुरेश कुमार मौर्य पुत्र श्री नत्थू लाल | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना / नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**

## कार्यालय ग्रा.पं. गूंगा, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम गूंगा में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत गूंगा की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, अल्प कालीन निविदा, एस.एल.डब्ल्यू.एम., ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खडंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टबिन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा, सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, पंचायत घर मरम्मत व रंगाई-पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान भंडारण भवन में एलकोपेनल कार्य आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 27 जून 2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन दोपहर 12 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रधान-कविता** **सचिव-चन्द्रभान सिंह**

## कार्यालय ग्रा.पं. म्यूदी खुर्द कलां, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम म्यूदी खुर्द कलां में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत म्यूदी खुर्द कलां की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, अल्प कालीन निविदा, एस.एल.डब्ल्यू.एम., ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खडंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टबिन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा, सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, पंचायत घर मरम्मत व रंगाई-पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान भंडारण भवन में एलकोपेनल कार्य आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 27 जून 2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन दोपहर 2 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रधान-बबली देवी** **सचिव-चन्द्रभान सिंह**

## कार्यालय ग्रा.पं. तिर्कुनिया, वि.खं. बिथरी चैनपुर (बरेली)

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिर्कुनिया में मनरेगा व राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त आयोग से ग्राम पंचायत तिर्कुनिया की वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2024-25 में पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, अल्प कालीन निविदा, एस.एल.डब्ल्यू.एम., ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खडंजा, सी.सी. रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन, वर्षा ऋतु जल संचयन, मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर, प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेली क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टबिन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम ईंट, खडंजा, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा, सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर, पंचायत घर मरम्मत व रंगाई-पुताई कार्य, आंगनबाड़ी केन्द्र जीर्णोद्धार कार्य, सफाई किट, वाटर कूलर खरीद, लाईब्रेरी निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, समुदाय के लिए खाद्यान भंडारण भवन में एलकोपेनल कार्य आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें 27 जून 2024 को प्रात: 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें उसी दिन सायं 4 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**प्रधान-श्याम बिहारी** **सचिव-चन्द्रभान सिंह**

## प्राथमिक विद्यालय भीकमपुर, वि.खं. समरेर, जिला बदायूँ

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पत्रांक संख्या बेसिक/2703-08/2024 दिनांक 12.06.2024 केअनुपालन में प्रा.वि. भीकमपुर वि.क्षे. समरेर, तहसील दातागंज, जिला बदायूँ की कृषि योग्य भूमि से एक वर्ष (दिनांक 01.07.2024 से 30.06.2025) के लिए किराये पर देने हेतु दिनांक 29.06.2024 को 12:00 बजे प्रा.वि. भीकमपुर, वि.क्षे. समरेर (बदायूँ) के परिसर में खुली बोली द्वारा नीलामी की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नियत समय, दिनांक व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं।

**प्र०अ०**
**प्राथमिक विद्यालय भीकमपुर**
**वि.खं. समरेर, जनपद बदायूँ**

## कार्यालय नगर पंचायत उसावां जनपद- बदायूं

पत्रांक: 28 न.पं.उसावां/2024-25 दिनांक: 24.06.2024

### विज्ञप्ति

### नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत केयरिंग चार्ज उपविधि- 2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उसावां, बदायूं में नगर पालिका अधिनियम- 1916 की सुसंगत धाराओं तथा धारा 298 सूची-1 की उपसूची क से त्र तक में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पर्यावरण संरक्षण, लोक स्वास्थ्य, सार्वजनिक सुरक्षा जनहित तथा स्वच्छ भारत मिशन योजना के सुचारू रूप से किया जाने हेतु नगर का स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए नगर पंचायत उसावां, बदायूं की सीमान्तर्गत केयरिंग चार्ज उपविधि- 2024 बनायी गयी है। यदि किसी भी व्यक्तियों इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना हो तो वह उपविधि प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर नगर पंचायत उसावां कार्यालय को अपनी लिखित आपत्ति / सुझाव प्राप्त करा सकता है। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति / सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### उपविधि

1. संक्षिप्त नाम- यह उपविधि नगर पंचायत उसावां, बदायूं की केयरिंग चार्ज उपविधि- 2024 कहलाएगी।
2. प्रसार- इसका प्रसार नगर पंचायत उसावां, बदायूं की वर्तमान सीमा तथा आगामी वर्षों में होने वाली सीमावृद्धि में होगा।
3. नगर पंचायत उसावां, बदायूं की सीमा का तात्पर्य उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचना द्वारा निर्धारित प्रारूप नगर पंचायत उसावां, बदायूं से है।
4. प्रशासक प्रभारी अधिकारी / अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत उसावां, बदायूं के प्रशासक / प्रभारी अधिकारी / अध्यक्ष से है।
5. अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत उसावां, बदायूं के अधिशासी अधिकारी से है। जो केयरिंग चार्ज अधिकारी / दण्डाधिकारी होगा। अधिशासी अधिकारी उपविधि में दी गयी शक्तियों का प्रयोग स्वयं अथवा अपने सक्षम अधीनस्थ अधिकारी से करा सकता है।
6. अधिशासी अधिकारी का यह अधिकार होगा कि वे प्रत्येक 5 वर्षों में केयरिंग चार्ज का पुनरीक्षण करायेंगे। अपरिहार्य परिस्थितियों में यदि चार्ज का पुनरीक्षण न हो सका तो प्रत्येक 5 वर्ष में निर्धारित चार्ज में 10 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए चार्ज वसूलना सुनिश्चित करायेंगे।
7. यह उपविधि शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

### केयरिंग चार्ज की दरें

| क्र.सं. | कृत्य | पंचायत द्वारा आरोपित धनराशि |
|---|---|---|
| 01. | आवासीय भवन स्वामियों द्वारा खुले में कूड़ा - कचरा डालने पर । | रू. 200.00 प्रतिदिन |
| 02. | दुकानदारों द्वारा खुले में कचरा डालने पर। | रू. 500.00 प्रतिदिन |
| 03. | रेस्टोरेन्ट मालिकों द्वारा खुले में कचरा डालने पर। | रू. 500.00 प्रतिदिन |
| 04. | होटल मालिकों द्वारा खुले में कचरा डालने पर। | रू. 500.00 प्रतिदिन |
| 05. | बारात घर, गेस्ट हाउस, कोल्डस्टोरेज, बैंकटहाल द्वारा खुले में कचरा डालने पर। | रू. 2500.00 प्रतिदिन |
| 06. | औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा खुले में कचरा डालने पर। | रू. 5000.00 प्रतिदिन |
| 07. | हलवाई, चाट, पकौड़ी, फास्टफूड, आईसक्रीम, गन्ने का रस एवं अन्य जूस एवं फूड आदि ठेला व्यावसायियों द्वारा खुले में कचरा डालने पर। | रू. 300.00 प्रतिदिन |
| 08. | डेरी मालिकों द्वारा गोबर को सार्वजनिक स्थानों पर फेंकना अथवा नाला/ नालियों में बहाने पर / नाले नालियों पर अतिक्रमण करने पर। | रू. 1000.00 प्रतिदिन |
| 09. | निजी ट्रैक्टरों द्वारा बजरी, कचरा, मलबा गोबर इत्यादि परिवहन करते हुए नगर पंचायत उसावां की सड़कों पर अपनी सामग्री विखेरने व गन्दगी फैलाने पर। | रू. 200.00 प्रतिदिन |
| 10. | सरकारी भवनों, चौराहों, तिराहों, सरकारी कार्यालयों की दीवारों व उनके गेट, सरकारी विद्युत पोल पर निजी वाणिज्यिक प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर, स्लोगन लिखकर सरकारी दीवारें ऐतिहासिक भवनों का सुन्दरता का खराब करने व बैनर्स लगाने पर उस संस्था अथवा मौके पर पाये गये व्यक्ति से (प्रत्येक कृत्य पर) | रू. 1000.00 प्रतिदिन |
| 11. | बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के रोडकटिंग करने पर तथा नाला / नाली को तोड़ने एवं क्षतिग्रस्त करने पर। | रू. 3000.00 प्रतिदिन तथा मरम्मत चार्ज अतिरिक्त होगा। |
| 12. | अपने भवन का सैप्टिक टैंक, नहाने, जल प्रवाहित शौचालय न बनवाकर गन्दगी को नाली में खुले रूप में बहाने पर तथा भवन में सैप्टिक टैंक/ जल प्रभावित शौचालय होने पर भी उसे तोड़कर उसका पानी / गन्दगी को नाली में खुले में बहाने पर। | रू. 2000.00 प्रतिदिन |
| 13. | अपने भवन, दुकानों पर, नीले एवं हरे रंग के ढ़क्कन दार कूड़ेदान न रखने। | रू. 500.00 प्रतिदिन |
| 14. | मीट की दुकानों के सामने दुकानदार द्वारा काटे गये जानवर की हडिडयों, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सार्वजनिक मार्ग स्थल पर डालकर गन्दगी फैलाने पर। | रू. 1000.00 प्रतिदिन |
| 15. | मुर्ग, मछली, अण्डे की पकौड़ी बनाकर बेचने वाले दुकानदार द्वारा मांस एवं हड्डियों, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों की छिलके इत्यादि सार्वजनिक मार्ग स्थल पर डालकर गन्दगी फैलाने पर। | रू. 1000.00 प्रतिदिन |
| 16. | सार्वजनिक मार्ग, चौराहा व भवनों, दुकानों आदि के सामने गाय, भैंस, बकरी, कुत्ते, भेड, गधा, घोड़ा, खच्चर, सूअर इत्यादि पालतू जानवरों से गन्दगी फैलाने पर सम्बन्धित पशु के स्वामी से। पालतू जानवरों के खुले घूमते पाये जाने पर उनको नगर पंचायत उसावां के काजी हाउस में बन्द किया जायेगा, जिनको निर्धारित जुर्माना दे कर 7 दिन के अन्दर छुडाया जा सकेगा। 7 दिन तक न छुड़ाने पर उक्त जानवर को जब्त कर नीलाम किया जायेगा। | रू. 500.00 प्रतिदिन |
| 17. | सड़क किनारे बैठकर मांस-मछली बेचने वाले दुकानदार द्वारा मांस एवं हड्डियों, मलबा, मलीदा, खून, मुर्गे के पंख, अण्डों के छिलके इत्यादि सार्वजनिक स्थल पर डालकर गन्दगी फैलाने पर। | रू. 500.00 प्रतिदिन |
| 18. | सार्वजनिक स्थान, जमीन व सड़क के किनारे बैठकर बेचकर उनके निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थो, कूड़ें कचरे को सार्वजनिक मार्ग स्थल पर डालकर गन्दगी फैलाने पर। | रू. 200.00 प्रतिदिन |
| 19. | हेयर कटिंग सैलून वालों द्वारा सार्वजनिक मार्ग स्थल, नाला, नाली आदि में गन्दगी बाल इत्यादि डालने पर। | रू. 500.00 प्रतिदिन |
| 20. | (अ) दुकानदारों अथवा व्यवसायियों द्वारा सार्वजनिक मार्ग, चौराहों, सड़क अथवा दुकानों के सामने की खाली सरकारी जमीन पर अतिक्रमणकर व्यवसाय करने पर 3X2 फुट। | रू. 500.00 प्रतिमाह |
| | (ब) सब्जी ढकेल। | रू. 600.00 प्रतिमाह |
| | 'स) अन्य | रू. 300.00 प्रतिमाह |
| 21. | सार्वजनिक मार्ग, सड़क, फुटपाथ, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भोजनालय, ढ़ाबा, होटल आदि चलाकर गन्दगी फैलाने पर। | रू. 2000.00 प्रतिदिन |
| 22. | प्राईवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, दवाखाना, मेडिकल स्टोर, पैथोलॉजी लैब, इत्यादि के द्वारा सार्वजनिक मार्ग, सड़क पर फुटपाथ पर अपशिष्ट पदार्थ को डालकर गन्दगी फैलाने पर। | रू. 1000.00 प्रतिदिन |
| 23. | विभिन्न चिकित्सकीय संस्थानों जैसे प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब इत्यादि के जैवचिकित्सकीय अपशिष्ट को नगरीय ठोस अपशिष्ट में अथवा सार्वजनिक स्थान पर डालने पर। | रू. 2000.00 प्रतिदिन |
| 24. | सड़क किनारे वॉशिंग मशीन लगाकर गाड़ियों की धुलाई करने पर। | रू. 500.00 प्रतिदिन तथा पानी का कनैक्शन काटने पर चार्ज अतिरिक्त होगा। |
| 25. | सड़क किनारे, फुटपाथ, रेलवे लाइन किनारे, सार्वजनिक मार्ग, सरकारी भूमि एवं खुले में शौच करने पर। | रू. 500.00 प्रतिव्यक्ति प्रतिदिन |
| 26. | सड़क किनारे, फुटपाथ, सार्वजनिक मार्ग, सरकारी भूमि, सरकारी कार्यालयों की दीवारों पर थूकने, तम्बाकूपान अदि की पीक थूकने पर। | रू. 200.00 प्रतिदिन |
| 27. | अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान में कूड़ादान (डस्टबिन) न रखने पर। | रू. 500.00 प्रतिदिन |
| 28. | सड़क पटरी, सार्वजनिक भूमि, सार्वजनिक मार्ग पर जनरेटर रखकर अतिक्रमण करने पर (निजी कार्यक्रम परिग्रहण संस्कार आदि कर से मुक्त) | |
| | (1) 5 के.वी.ए. जनरेटर तक | रू. 1000.00 प्रति जनरेटर प्रतिदिन |
| | (2) 5 के.वी.ए. से 10 के.वी.ए. तक | रू. 2000.00 प्रति जनरेटर प्रतिदिन |
| | (3) 10 के.वी.ए. से अधिक पर | रू. 3000.00 प्रति जनरेटर प्रतिदिन |
| 29. | सार्वजनिक नाले, नालियों, स्थानों पर स्लैब / स्थायी / अस्थायी अतिक्रमण करने तथा अवैध प्रक्षेप (छज्जा, टीनशेड आदि) डालने पर। | रू. 1000.00 प्रतिदिन |
| 30. | नगर पंचायत उसावां की सम्पत्ति, शासकीय सम्पत्तियों, भवनों दुकानों आदि को क्षति पहुंचाने एवं पंचायत की बिना अनुमति के उसमें किसी भी प्रकार का निर्माण / परिवर्तन करने पर। | रू. 5000.00 प्रतिदिन |
| 31. | नगर पंचायत उसावां सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के भवन निर्माण करने पर। | रू. 2000.00 प्रतिदिन |
| 32. | नगर पंचायत उसावां की बिना लिखित अनुमति के पंचायत की पाइप लाइनों से जल संयोजन लेना, पाइपलाइनों में छेड़छाड़ करना / क्षति पहुंचाना। | रू. 2000.00 प्रतिदिन |
| 33. | नगर पंचायत उसावां सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति संतापकारी खतरनाक एवं आपत्तिजनक व्यापार जैसे पटाखे बाना / बिक्री करना आदि जिससे जनसुरक्षा को खतरा हो उन पर। | रू. 5000.00 प्रतिदिन |
| 34. | सार्वजनिक स्थलों / सार्वजनिक सम्पत्तियों / मार्गो / पार्को पर लगे पेड पौधा को नुकसान पहुंचाने पर ृ | रू. 2000.00 प्रतिदिन |
| 35. | नगर पंचायत उसावां की सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के ज्वलनशील सामग्री का ढेर लगाने पर। | रू. 5000.00 प्रतिदिन |
| 36. | नगर पंचायत उसावां की सीमान्तर्गत बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के पशुओं को काटने पर। | रू. 2000.00 प्रतिदिन |
| 37. | नगर पंचायत उसावां की भूमि पर जल संचलन स्त्रोत जैसे टिल्लू पम्प, जैडपम्प, समरसेबिल पम्प लगाने पर। | रू. 10000.00 एक बार |
| | (ब) निरंतर रखने पर प्रतिवर्ष। | रू. 2000.00 प्रतिवर्ष। |
| 38. | नगर पंचायत उसावां की सीमान्तर्गत पालतू कुत्तों के पहचान हेतु बैल्ट न बांधने एवं वैक्सीन (एंटी रैबीज टीका) न लगवाने पर। (नगर पंचायत उसावां की सीमा के गंदगी करने पर।) | रू. 1000.00 प्रतिदिन |
| 39. | भवन/दुकान स्वामियों द्वारा नल की टोटी खुली पाये जाने पर। | रू. 500.00 प्रतिदिन |
| 40. | नगर पंचायत उसावां की सीमान्तर्गत पालतू कुत्तों का नगर पंचायत उसावां में रजिस्ट्रेशन न कराये जाने पर। | रू. 1000.00 प्रतिदिन |
| 41. | नगर पंचायत उसावां सीमान्तर्गत लकड़ी की टाल लगाकर सार्वजनिक मार्गो स्थलों आदि पर अतिक्रमण करने पर। | रू. 2000.00 प्रतिदिन |
| 42. | नगर पंचायत उसावां में फेरी द्वारा किसी भी प्रकार सामान बेचे जाने पर। | रू. 100 प्रतिदिन। |
| 43. | खाली प्लाट पर गंदगी जमा करने व डालने पर। | रू. 1000 प्रतिदिन। |

**रजनीश कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उसावां (बदायूं)**

**प्रियंका सिंह**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उसावां (बदायूं)**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटु वचन से बना घाव कभी नहीं भरता।


## संपादकीय

# पर्यावरणीय जोखिम

जल की कमी एक गंभीर वैश्विक चिंता है। परंतु भारत में पानी की बढ़ती कमी कृषि तथा उद्योग क्षेत्र को प्रभावित कर सकती है जो देश की ऋण क्षमता के लिए हानिकारक है, क्योंकि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि और लोगों की आय में गिरावट होगी। परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। कहा जा सकता है कि जल संकट के देश में दूरगामी परिणाम होंगे। भारत जैसे देश में जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। उपलब्ध जल संसाधन आबादी की ज़रूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन में तेजी के कारण पानी का तनाव बिगड़ रहा है, जिससे सूखा, गर्मी की लहर और बाढ़ जैसी तीव्र और लगातार चरम जलवायु घटनाएं हो रही हैं। तेजी से आर्थिक विकास और जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार प्राकृतिक आपदाओं के बीच पानी की खपत बढ़ने से भारत पानी की कमी का सामना कर रहा है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में बढ़ते जल संकट के कारण विरोध प्रदर्शन हो रहे और राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कम वर्षा और शुष्क परिस्थितियों के कारण राजस्थान, गुजरात और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में जल की कमी विशेष रूप से गंभीर है। निश्चित रूप से पानी की कमी का देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि पर असर पड़ता है। कृषि पर अत्यधिक निर्भर क्षेत्रों का सामाजिक-आर्थिक ताना-बाना गंभीर रूप से तनावपूर्ण होता है।

पानी की गंभीर कमी का सामना कर रहे कुछ राज्यों ने जल प्रबंधन में निवेश के लिए धन जुटाने के लिए स्थायी वित्त बाजार का उपयोग किया है। भारत दुनिया की सबसे तेज गति की अर्थव्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया की हर एजेंसी भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही है। जल संकट भारत के विकास में अस्थिरता को बढ़ा सकता है और अर्थव्यवस्था की झेलने की क्षमता को कमजोर कर सकता है। भारत के समक्ष पर्यावरणीय जोखिम से संबद्ध चेतावनी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। जल संकट को कम करने के लिए, टिकाऊ दीर्घकालिक समाधानों के लिए स्थायी जल आवंटन और प्रबंधन को बढ़ावा देने वाली नीतियां आवश्यक हैं। जल उपचार और बुनियादी ढांचे में निवेश करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और समान जल वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियों को लागू करने की आवश्यकता है। जनता के बीच जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदारी से पानी के उपयोग को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

# जब संविधान की प्रति मांगने पर कहा जाता कि छपना बंद है


राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के फिर से सत्ता में आने पर संविधान को बदले जाने के खतरे के सवाल को विपक्ष ने जोर-शोर से उठाया। इसकी गरमाहट अभी भी बनी हुई है। 18 वीं लोकसभा के शुरुआती दिन अनेक विपक्षी सांसद संविधान की रक्षा के संकल्प के तौर पर उसकी प्रति साथ लिए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार दोहराते रहे कि संविधान को कोई बदल नहीं सकता। एनडीए के नेता पद के चुनाव की बैठक में प्रधानमंत्री ने सबसे पहले भारत के संविधान के सम्मुख मस्तक नवाया। उधर राहुल गांधी इस सवाल पर मोदी और भाजपा पर लगातार हमलावर है।

फिलहाल तो संविधान में "बदलाव की आशंका में" आस्तीनें चढ़ी हुई हैं, लेकिन आजाद भारत में 21 महीने का ऐसा भी दौर आया था, जब देश का संविधान बेमानी हो गया था। उसमें मनमाने फेर बदल किए गए। मूल ढांचे पर आघात किया गया। अदालतें पंगु हो गईं थीं। तब संविधान की प्रति मांगने पर बुक सेंटर्स पर कहा जाता था कि "वो छपना बंद हो गया।" क्यों और क्या हुआ था तब?

12 जून 1975 को इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था। गुजरात, बिहार के छात्र युवा इस फैसले के पहले से ही सड़कों पर थे। सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण उनकी अगुवाई संभाल चुके थे। इसी के साथ उत्तर भारत के अन्य राज्यों में भी भ्रष्टाचार विरोधी "संपूर्ण क्रांति आंदोलन" का विस्तार हो चुका था। अनेक विपक्षी दल इस आंदोलन के साथ थे। अदालती फैसले ने इंदिरा गांधी पर इस्तीफे का दबाव और बढ़ा दिया। जवाब में इंदिरा जी ने विपक्ष को कुचलने का रास्ता अपनाया। आंतरिक इमरजेंसी लगाई। असहमति के हर स्वर का मुंह बंद किया। प्रेस पर सेंसरशिप थोपी। 25 जून की रात जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, चंद्रशेखर, राजनारायण सहित तमाम विपक्षी नेता जेल में ठूंस दिए गए। गिरफ्तारियों का सिलसिला देशव्यापी था जिसमें विपक्ष के बड़े नेताओं से लेकर सरकार विरोधी लाखों लोग शामिल थे। विपक्षियों को जेल में डालने के बाद अदालतों को हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38 वां संशोधन लाया गया। उसके जरिए इमरजेंसी की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए, उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नहीं किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39 वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया।

> दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिरा गांधी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था।

28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42 वें संशोधन का दायरा व्यापक था। संविधान की प्रस्तावना में "समाजवादी", "धर्मनिरपेक्ष", "एकता", "अखंडता" शब्द जोड़े गए। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। 10 मौलिक कर्तव्यों को अनुच्छेद 51(क)(भाग-iv क) में जोड़ा गया। इसके द्वारा संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नहीं बना पाईं थीं। 42 वें संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छह वर्ष कर दिया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को मखौल में बदल दिया। किसी बुक सेंटर पर भारतीय संविधान की प्रति मांगने पर अजूबे के तौर पर देखा जाता था। एक आहत दुकानदार का जवाब था," अब यह छपना बंद हो चुका है।" विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था।

इमरजेंसी की वैधता का सवाल सुप्रीम कोर्ट के सामने उठा। चीफ जस्टिस एएन रे की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय बेंच ने सुनवाई की। अन्य जज थे-एच.आर.खन्ना, एमएच बेग, वाईवी. चंद्रचूड़ और पीएन.भगवती। इस सवाल से जुड़ी याचिकाओं को खारिज करने की मांग करते हुए सरकार का तर्क था कि राष्ट्रपति ने आपातकाल लागू करके अनुच्छेद 21 स्थगित कर दिया है। अतः उससे जुड़ा कोई मामला अदालत के सामने नहीं लाया जा सकता। सी.के.दफ्तरी का प्रतिवाद था,"कानून का शासन न तो स्थगित किया जाता है और न किया जा सकता है। अनुच्छेद 21 जीवन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और किसी अदालत में मुकदमा दायर करने का अधिकार देता है। अगर उसे स्थगित कर दिया जाए तो कैदियों के बचाव का कोई उपाय ही नहीं बचता।" नानी पालकीवाला ने कहा कि अगर कार्यपालिका संविधान प्रदत्त मौलिक संस्थाओं को ही कुचलने पर तुली हुई है तो भारत को प्रजातंत्र को अलविदा कह देना चाहिए। मूलभूत अधिकार सरकार की देन नहीं हैं, अपितु आजादी की लड़ाई में जनता के संघर्ष के परिणाम हैं।

बहुमत से भिन्न निर्णय करने वाले इकलौते जस्टिस खन्ना थे। उनके अनुसार इमरजेंसी की हालत में भी किसी व्यक्ति को जीवन या उसके वैयक्तिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने लिखा कि प्रश्न यह नहीं है कि क्या वैयक्तिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया जा सकता है, बल्कि यह कि क्या इस तरह के सार्वजनिक खतरे को देखते हुए कानून को पूरी तौर पर खामोश किया जा सकता है। गिरफ्तारी आदेश के विरुद्ध किसी याचिका को कानून की अनिवार्य आवश्यकताओं जिसके तहत उसे पारित किया गया, के प्रतिकूल होने के आधार पर अथवा दुर्भावना के आधार पर स्वीकार न करना अनुच्छेद 359 की सीमा के बाहर है। उन्होंने निर्णय दिया कि राष्ट्रपति को भी कानून के शासन को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। भय और आतंक के उस माहौल में जस्टिस खन्ना के साहस की हर ओर सराहना हुई। न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा कि न्यायिक इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। पालकीवाला ने अपने एक लेख में लिखा कि जस्टिस खन्ना की प्रतिमाएं जगह-जगह लगाई जानी चाहिए। उम्मीद के मुताबिक जस्टिस खन्ना को इस फैसले की कीमत चुकानी पड़ी। उनकी सीनियारिटी को दर किनार कर जूनियर जस्टिस बेग को चीफ जस्टिस बनाया गया।

खन्ना ने इस्तीफे की जगह अपना शेष कार्यकाल भी निर्भीक और निष्पक्ष जज के रूप में पूरा किया, लेकिन जोर-जबरदस्ती की भी एक सीमा थी। दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गई।

18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीखें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा, लेकिन इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी और उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम चुना। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदखल नहीं ही किया, बल्कि रायबरेली जहां से पिछली बार 1974 में इंदिराजी जीतकर 1975 में अदालत से हारी थीं, को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं।

## प्रसंगवश

# भ्रामक है स्थायित्व की गणित


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अठारहवीं लोकसभा का सत्र पहला दिन खूब गहमागहमी युक्त और हलचल भरा रहा। दोनों तरफ से आस्तीनें समेटी गईं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं है, अतः अस्थिरता की आशंकाओं के निवारणार्थ उन्होंने धर्म ग्रंथों का सहारा लेकर अपनी सरकार को स्थिर साबित करने की गणित पेश की। चूंकि यह लोकसभा अठारहवीं है और आठ व एक का योग नौ होता है, अतः इन दो अंकों का सहारा लेकर उन्होंने अपने विषय को प्रतिपादित करने की कोशिश की। नौ इसलिए संदर्भित किया, क्योंकि इसके पहाड़े के सभी अंकों का योग नौ ही रहता है। अठारह के अंक के लिए उन्होंने गीता को अठारह अध्यायों वाली बताया और पुराणों तथा उप-पुराणों की संख्या अठारह बताकर अपनी सरकार स्थिर बताई। इस संबंध में मुझे यह कहना है कि यह गणित भ्रामक और विश्लेषण औचित्यपूर्ण नहीं है। पहले तो यह कि लोकसभा अठारहवीं है, सरकार नहीं। लोकसभा कार्यकाल पूरा कर ले, किंतु सरकार न कर पाए। साथ ही अठारह से जो निष्कर्ष निकाला गया, वह खींचातानी भरा और तर्क संगत नहीं है। गीता के अध्याय अठारह हैं तो गीता संदेश क्या देती है? सत्ता के विरुद्ध लड़ने के लिए अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण ने प्रेरित किया। युद्ध हुआ और सत्ता पराजित होकर विनष्ट हुई। नई सत्ता आ गई। मालूम हो कि दोनों तरफ की सेना भी आठारह अक्षौहिणी थी, जो नष्ट हो गई। युद्ध भी अठारह दिन ही चला। तत्समय भी बहुमत सत्ताधारी पक्ष यानी कौरव दल का ही था जिनके पास ग्यारह अक्षौहिणी सेना थी। पांडवों के पास कम, यानी केवल सात अक्षौहिणी, लेकिन बहुमत हारा। अतः गीता वाले अठारह का उदाहरण तो उल्टा बैठ रहा है। पुराण अठारह जरूर हैं, किंतु उप पुराण 55 हैं। मुख्य उप-पुराण 18 हैं तो 18+18 का योग तो 36 होता है, जो निरंतर विरोध का ही प्रतीक है। एक बात और। यदि अठारह और नौ के आधार पर यह कार्यकाल पूरा करेंगे तो मोदी का पिछला कार्यकाल कैसे पूरा हुआ? तब तो ये अंक क्रमशः 17 और 8 थे। एक अन्य सोच के अनुसार अब तक हुए हिंदुओं के नौ अवतारों में नवें गौतम बुद्ध थे, जो राजपाट छोड़कर चले गए थे।

# इसरो की अंतरिक्ष यान तकनीक


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है।

भारत तीसरा मुल्क है जिसने स्पेस शटल बनाने का उपक्रम किया है। अमेरिका ने कई साल तक स्पेस शटल चलाई, रूस ने अपनी स्पेस शटल 'बुरान' का सफलतापूर्वक टेस्ट किया, लेकिन सन 1988 में इस प्रोग्राम को बंद कर दिया। और जब 1991 में सोवियत संघ टूट गया तो अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए धन भी कम हो गया। रूस ने 1993 में निर्माण के विभिन्न चरणों में चार अन्य अंतरिक्ष शटल वाहनों के साथ बुरान कार्यक्रम को आधिकारिक तौर पर रद कर दिया।

अमेरिका की दो स्पेस शटल दुर्घटनाग्रस्त हुईं और यह यान जिसका काम अंतरिक्ष में सामान पहुंचाना, अंतरिक्ष में 'नियर अर्थ ऑर्बिट में चक्कर लगाने वाले सैटेलाइट्स और शक्तिशाली दूरबीनों की मरम्मत करना और स्पेस स्टेशन से मलबे और कूड़े को वापिस लाना था। अंततः अनेक समस्याओं के कारण बंद करना पड़ा। पूरा प्रोग्राम यादों का अब एक म्यूजियम मात्र है। स्पेस शटल कार्यक्रम अमेरिकी नासा द्वारा चलाया गया चौथा मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम था जिसने 1981 से 2011 तक पृथ्वी से कक्षा में चालक दल और कार्गो के लिए नियमित परिवहन पूरा किया। इसका आधिकारिक नाम, स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (एसटीएस), पुनः प्रयोज्य अंतरिक्ष यान की एक प्रणाली के लिए 1969 की योजना से लिया गया था जिसमें से यह विकास के लिए वित्त पोषित एकमात्र वस्तु थी। इसने 135 मिशनों में उड़ान भरी और 16 देशों के 355 अंतरिक्ष यात्रियों को ले गया जिनमें से कई-कई यात्राओं पर थे। दो पुनः प्रयोज्य ठोस रॉकेट बूस्टर और एक डिस्पोजेबल बाहरी ईंधन टैंक के साथ लांच किए गए। ऑर्बिटर से बना स्पेस शटल, आठ अंतरिक्ष यात्रियों और 50000 पाउंड (23,000 किलोग्राम) तक के पेलोड को कम पृथ्वी की कक्षा (एलईओ) में ले गया। जब इसका मिशन पूरा हो जाता था तो ऑर्बिटर पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करता और कैनेडी स्पेस सेंटर या एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर ग्लाइडर की तरह उतर जाता था। यह बहुत खर्चीले और जोखिमपूर्ण अभियान थे। इसे बंद कर दिया गया। अमेरिका ने स्पेस शटल प्रोग्राम की घोषणा जनवरी 1972 में की थी। तब यूएस कांग्रेशनल कमेटी ने इसकी कास्ट तो बेनिफिट स्टडी की थी। मालूम हुआ की सन् 1984 तक नासा इस प्रोग्राम पर 43 बिलियन यूएस डॉलर (सन् 1971 की डॉलर मूल्य के अनुसार) खर्च करेगा, लेकिन हुआ चार-पांच गुणा। शटल कक्षा में उतरने और उतरने वाला एकमात्र पंखों वाला चालक दल वाला अंतरिक्ष यान है और पहला पुनः प्रयोज्य चालक दल अंतरिक्ष यान है जिसने कक्षा में कई उड़ानें भरीं। इसके मिशनों में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) सहित विभिन्न कक्षाओं में बड़े पेलोड ले जाना शामिल था। अंतरिक्ष स्टेशन के लिए क्रू रोटेशन प्रदान करना और हबल स्पेस टेलीस्कोप पर सेवा मिशन निष्पादित करना। ऑर्बिटर ने उपग्रहों और अन्य पेलोड (जैसे आईएसएस से) को भी कक्षा से बरामद किया और उन्हें पृथ्वी पर लौटा दिया, हालांकि इस क्षमता में इसका उपयोग दुर्लभ था। कार्यक्रम के चरम पर 'प्रति माह लांच' की उम्मीद थी, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के विकास में व्यापक देरी होने की वजह से ऐसा कभी हो नहीं पाया। स्पेस शटल प्रोग्राम के सक्रिय होने से पहले नासा ने 'एक्सप्लोरिंग द अननॉन' में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के इरादों के बारे में जानकारी दी थी। हरेक अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए टेक्नोलॉजीज के डेवलपमेंट पर, प्रोटोकॉल विकसित करने पर और प्रोग्राम के सक्रिय हो जाने के बाद वास्तविक ऑपरेशनल डेटा के बारे में कितना डॉक्यूमेंटेशन करना होता यह आम आदमी को अंदाजा नहीं होता।

विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है। इसे एक ऐसी टेक्नोलॉजीज विकसित करने के इरादे से डिजाइन किया गया है और जिसमें उत्तरोत्तर सुधार किया जाएगा और जिसे एक पुनर्प्रयुक्त किए जाने वाले लांचर के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। अर्थात इसे निकट अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और यह अपना काम करके वापिस एक यान की भांति धरती पर उतरेगा। इसे बार-बार इस्तेमाल किया जा सकेगा और जरूरत होगी तो रिपेयर किया जाएगा ताकि हरेक बार एक नए लांचर के निर्माण पर पैसा न खर्च करना पड़े।

## सोशल फोरम

# भ्रष्टाचार में शीर्ष पर कौन


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

बत्तीस साल पहले की बात है, तब बागेश्वर जिले का जन्म नहीं हुआ था। ग्राम विकास सचिव झा साहब ने भ्रमण के लिए दूरस्थ विकास खंड का चयन किया और मैं उनके साथ बतौर एडीएम हो लिया। सज्जन व्यक्ति थे। दिन भर के भ्रमण के बाद रात्रि विश्राम कौसानी में रखा गया।

कौसानी अल्मोड़ा जिले में एक रमणीक स्थल है और यहां से हिमालय पर्वत की छटा सुंदर दिखती है। शाम को राज्य अतिथि गृह के बाहर लान में हिमालय दर्शन के दौरान झा साहब ने कहा, "पाठक जी हम लोगों ने पढ़-लिखकर गांव छोड़ दिया है और गांवों में गुंडा राज हो गया है।" उस समय उनकी यह बात मुझे एक कैजुअल टिप्पणी लगी और सोचा कि वे अपने राज्य बिहार के बारे में कह रहे हैं। उस दौरान बिहार भ्रष्टाचार के मानकों में सबसे शीर्ष पर हुआ करता था। उनकी यह बात मुझे बार-बार याद आ जाती थी। पिछले दो-तीन साल से पांच-छः महीने पैतृक गांव में रहता हूं। दो महीने से गांव में हूं और झा साहब की बात याद आ गई। गांव में पानी के श्रोतों की भरमार के बाद भी वर्षा जल संचयन से टायलेट में काम चलाया जा रहा है। पीने का पानी धारे से ला रहा हूं या मंगवा रहा हूं।

पेयजल आपूर्ति के लिए पुरानी योजना बनी हुई है, लेकिन स्थानीय असामाजिक तत्वों ने कुछ ऐसे उपाय कर रखे हैं कि पीने का पानी ही सुलभ नहीं हो रहा है। मेरे इस गांव में धान की रोपाई होती है, गेहूं भी सिंचाई कर बोया जाता है, लेकिन बाहरी ठेकेदारों ने स्थानीय गुंडों की मदद से जलस्रोतों का ऐसा विखंडन कर दिया है कि तल्ला डौणूं में तो नर्सरी के लिए ही पानी नहीं है और मल्ला डौणू में पेयजल आपूर्ति ही घरों में नहीं हो रही है। यह सब सरकारी योजनाओं के नाम पर हो रहा है। मुझे तो रिटायर हुए ग्यारह वर्ष हो गए हैं और एक प्रकार का संन्यासी जीवन है, लेकिन क्या कोई बता सकता है कि भ्रष्टाचार के मानकों के आधार पर इस समय शीर्ष पर कौन है?

**-फेसबुक वॉल से**

# जिंदगी जिंदगी से बड़ी है


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है।

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग प्रकृति प्रदत्त क्षमता होती है। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य शर्त है। उसकी सीमा भी। दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है, किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो, शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं है। संभवतः इसी रिक्तता को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति, परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्तता से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही जिंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने, किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही जिंदगी है। इसी में पूरी जिंदगी निकल जानी है। जिंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना, उनके लिए नई-नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, जिंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते, बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। जिंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं अंतिम सांस तक बनी रहेंगी।

# आरक्षण के जनक छत्रपति साहूजी महाराज




सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

छत्रपति साहूजी महाराज कोल्हापुर के राजा थे। फिर भी रूढ़िवादी लोग उनको शूद्र कहते थे। राजा के संस्कार उनके पुरोहित वैदिक पद्धति से न कराकर पौराणिक पद्धति से कराते थे। समाज में जातिवाद का जबरदस्त प्रभाव था, जबकि साहूजी समानता का व्यवहार चाहते थे। साहूजी राजा ने अपने राज्य में जनसाधारण के लिए जो कार्य किए वे आजाद भारत मे संविधान के अंग बने। छत्रपति साहूजी महाराज जब 2 जून 1902 को इंग्लैंड की यात्रा गए थे। तब वे राज्य की जिम्मेदारी भास्कर राव जाधव को दे गए थे।

लंदन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में उनका स्वागत समारोह हुआ जिसकी उनके गुरु भाई सर अल्फ्रेड वीज ने व्यवस्था की और उनको एलएलडी की मानद उपाधि प्रदान की गई। उनके राज्य में कर्मचारी जिनकी संख्या सत्तर से नब्बे तक विभिन्न पदों पर थी। भास्कर राव जाधव को राज चलाने नहीं दे रहे थे जिसकी सूचना उनको इंग्लैंड प्रवास के दौरान दी गई। उन्होंने वहीं से 26 जुलाई 1902 को एक गजट जारी किया जिसमें घोषणा की कि शासन-प्रशासन की सेवाओं में पचास प्रतिशत आरक्षण पिछड़े वर्गों के लिए घोषित किया जाता है। उस घोषणा में दलित वर्ग भी सम्मिलित था। यह भारत के इतिहास में पहली और अनोखी कार्यवाही थी। बहुजनों को बड़ा तोहफा था। हालांकि कुछ लोगों ने योग्यता की दुहाई देकर विरोध भी किया।

26 जुलाई 1919 को इसकी सीमा बढ़ाकर नब्बे प्रतिशत तक कर दी गई। इस व्यवस्था को अन्य राज्यों ने भी अपनाया और संविधान में भी व्यवस्था की गई। अभी संपन्न हुए चुनाव में भी आरक्षण और संविधान का मुद्दा छाया रहा। साहूजी ने छात्रावासों की भी स्थापना की जिसमें अछूतों के लिए भी छात्रावास बनाया जिसका नाम मुंबई के राज्यपाल की दिवंगत बेटी जो कि अछूतों से हमदर्दी रखती थी, वहायलेट क्लार्क के नाम पर रखा गया। मुस्लिमों की शिक्षा उन्नति के लिए 'मुस्लिम शिक्षा समिति' की स्थापना की। उनके लिए अलग छात्रावास का निर्माण कराया। यूसुफ अब्दुल्ला को अपने यहां नौकरी इसलिए दी कि ईमानदारी से छात्रवास और शिक्षा की व्यवस्था देखें।

पिछड़े वर्गों के सरकारी सेवाओं को मंडल कमीशन के एक भाग को वीपी सिंह के प्रधामंत्रित्व काल में आरक्षण को सत्ताईस प्रतिशत की व्यवस्था हुई। साहूजी पिछड़े वर्गों के हितों के लिए अपने जीवनकाल में संघर्ष करते रहे। महापुरुषों को अब भी इतना सम्मान नहीं मिला, बल्कि उनको याद करने वाले भी कम ही लोग हैं।

# रोग निवारक एवं परमौषधि योग


डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

योग अमृतयुत परम स्वास्थ्य औषधि है, सकल शरीर विज्ञान है, चरम विज्ञान के साथ ही एकाग्रभाव का मुख्य स्रोत है, मन-आत्मा-शरीर का संयोजक है, आत्मशक्ति का परिचायक है, चेतनता, समरसता, ज्ञान और कर्म का शिक्षक है।

सर्वविदित है कि भारतीय वैदिक/पौराणिक युग से ही योग की जड़ें जुड़ी हुई हैं, शास्त्रों में उपलब्ध है कि आदि योगी के नाम से भगवान शिव थे, जिन्होंने इस कला को जन्म दिया। 200 ईसा पूर्व महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र में 195 योगसूत्रों का प्रणयन करके योग की परंपरा को विधिवत आगे बढ़ाया। दुनिया के सभी योग गुरुओं के लिए योगसूत्र प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का कार्य करते आए हैं। प्राचीन भारतीय ऋषिमुनियों और तत्ववेत्ताओं द्वारा प्रतिपादित योग एक विशिष्ट आध्यात्मिक प्रक्रिया है। महर्षि पतंजलि ने "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" अर्थात् चित्त की वृत्तियों में निरोध/ नियंत्रण करना ही योग बताया है। वहीं भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में 'योगः कर्मसु कौशलम्' और "समत्वं योग उच्यते" दो मुख्य परिभाषाओं से योग का महत्व प्रतिपादित किया है। योग व्यक्ति को आंतरिक एवं बाह्य दोनों रूप से स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित करने का एक परम साधन है। योग अनुशासित-पवित्र जीवन के साथ असाधारण कार्य करने की क्षमता रखता है। निद्रा-तन्द्रा-आलस्य से मुक्त होकर वर्ण, लिंग, जाति, धर्म, अस्पृश्यता के भेद से मुक्त हो जाता है।

बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक, स्वस्थ्ता की इच्छा के साथ ही दुर्गुणों की निवृत्ति के साथ सद्गुणों की प्रवृत्ति के लिए तथा विभिन्न रोग, संदेह, भ्रम, व्यसन, मिथ्याडंबर, भूत-प्रेत बाधादि के निवारण के साथ आदि दैविक, भौतिक, आध्यात्मिक दुःखों की निवृत्ति के लिए योग मार्ग मंगल पथ है तथा परमौषधि है। सभी जाति-धर्मों के युवा, प्रौढ़, पुरुष और महिलाओं को इस मार्ग का आचरण-अनुसरण करना चाहिए। यही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य भी है।

# तीन बड़े शहरों का होगा सीमा विस्तार, लीज पर मिलेंगे राही पर्यटन गृह

## कैबिनेट के फैसले: लखनऊ, प्रयागराज, कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हेलिपैड बनाए जाने का प्रस्ताव पास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंगलवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में तीन बड़े शहरों के सीमा विस्तार के फैसले पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। वहीं सात पर्यटन विभाग के प्रस्ताव भी पास किए गए।

- **बिजली विभाग में विधुत निरीक्षक के अधिकार को नियम बनाएगी सरकार**

इनमें शाकुंभरी देवी मंदिर के पास निशुल्क भूमि पर्यटन विभाग को आवंटित किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ है। इसके साथ ही अमेठी, बुलंदशहर, बाराबंकी, सीतापुर में राही पर्यटन गृह लीज पर दिए जाने का प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिली। इसके अलावा लखनऊ, प्रयागराज, कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हेलिपैड बनाए जाने का प्रस्ताव पास हुआ है। वहीं, प्राचीन धरोहर को पीपीपी मॉडल पर रीयूज (बरसाना जल महल मथुरा, शुक्ला तालाब कानपुर) करने का प्रस्ताव पास हुआ है। इनके अलावा, गोरखपुर स्थित परमहंस योगानंद स्थल को पर्यटन स्थल में बनाए जाने के लिए भूमि दिए जाने का प्रस्ताव पर भी कैबिनेट की मुहर लग गई है।

वहीं, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि बिजली विभाग में विधुत निरीक्षक के अधिकार तय करने के लिए सरकार नियम बनाएगी। वहीं, प्रदेश में एक निश्चित धनराशि के ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र की सेल्फ प्रिंटिंग संबंधी प्रावधान समाहित करने के लिए उप्र. ई-स्टाम्पिंग नियमावली, 2013 में संशोधन को मंजूरी दी गई है।

**सैमसंग को 207 करोड़ की कैपिटल सब्सिडी मिलेगी :** इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग नीति-2017 के तहत सैमसंग को 207 करोड़ रुपये की कैपिटल सब्सिडी देने की मंजूरी कैबिनेट ने दे दी। नीति के तहत अधिकतम 250 करोड़ रुपये की कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है जिसके तहत 207 करोड़ रुपये का अनुमोदन मंत्रिमंडल ने कर दिया। सैमसंग ने नोएडा में अपना डिस्प्ले प्लांट लगाया है। इस प्रोजेक्ट में सैमसंग कंपनी ने 4,825 करोड़ का निवेश किया है। उप्र. में शुरू होगी प्रोमोट फार्मा राज्य में चिकित्सकीय तकनीक और दवाओं पर शोध के लिए प्रमोटर फार्मा की शुरुआत की जाएगी। इससे फार्मास्यूटिकल बाजार में भागीदारी बढ़ेगी। इसे शुरू करने के लिए सरकार 500 करोड़ देगी।



मंगलवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- कर्ज के चलते बंद हुई 11 यूनिट्स को ओटीएस योजना के तहत दी गई राहत
- स्टार्टअप नीति के तहत 4 और सेंटर ऑफ एक्सीसिलेंस होंगे स्थापित.
- कई जिलों में यूपीसीडा को निशुल्क 371.91 एकड़ भूमि देने को मंजूरी
- आगरा और प्रयागराज में इंडस्ट्रियल नोड के लिए दी गई जमीन.
- ऊर्जा एवं नगर विकास से जुड़े पांच प्रस्ताव को दिखायी रही झंडी
- विद्युत निरीक्षक की नियमावली से जुड़े प्रस्ताव पर लगी मुहर
- नगर विकास विभाग के 4 प्रस्ताव पर लगी मुहर.
- नगर पंचायत-पालिका में संपत्ति कर से जुड़ी नियमावली पर मुहर.
- अयोध्या में नयी योजना से 27928 घरों को मिलेगा सीवेज कनेक्शन
- अमृत योजना की फंडिंग पैटर्न में सुधार से जुड़े प्रस्ताव मंजूर

### बीओसी बोर्ड के सचिव विशेष सचिव ही होंगे

कैबिनेट ने उप्र. भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) नियमावली, 2009 में संशोधन को मंजूरी दे दी। इसी के साथ अब भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसी) के सचिव पद पर केवल विशेष सचिव स्तर के अधिकारी की ही तैनाती होगी। अभी तक इस पद के लिए डिप्टी लेबर कमिश्नर और उनसे ऊपर के अधिकारी को जिम्मेदारी दी जाती थी।

### रोगी की देखभाल को अधिकारियों, कर्मचारियों को भत्ता

संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआइ) के ग्रुप ए व ग्रुप बी के अधिकारियों और कर्मचारियों को अब रोगी देखभाल भत्ता दिया जाएगा। इस क्रम में अब हर महीने 5,300 रुपये हर महीने यह भत्ता दिया जाएगा, जो कि एम्स, नई दिल्ली में दिए जा रहे भत्ते के बराबर ही होगा। यह भत्ता दिए जाने से हर वर्ष सरकार पर 96 लाख रुपये का व्यय भार पड़ेगा। अन्य संकाय सदस्यों, अधिकारियों व कर्मियों को यह भत्ता पहले से मिल रहा है।

### नोएडा में होगा एक्वालाइन मेट्रो का विस्तार

नोएडा सेक्टर 142 से बॉटेनिकल गार्डन तक एक्वालाइन का विस्तार किया जाएगा। 11.56 किलोमीटर लंबी इस नई मेट्रो लाइन पर 2254.35 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें से 573 करोड़ रुपये नोएडा प्राधिकरण देगा। इस विस्तारित परियोजना से नोएडा की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### नौ इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट की मंजूरी

उप्र. में औद्योगिक विस्तार और विकास तेजी से होगा। मंगलवार को कैबिनेट ने नौ उद्योगों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी करने की मंजूरी दे दी। ये इकाइयां लगभग 5000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 में वित्तीय प्रोत्साहन के लिए प्रस्ताव कैबिनेट में इसे पेश किया गया था, जहां स्वीकार कर लिया गया।

# सत्ता पक्ष-विपक्ष कर रहे संविधान के साथ खिलवाड़: मायावती

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता पक्ष व विपक्ष राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कहा कि दोनों संविधान बचाने का नाटक कर रहे हैं। बसपा प्रमुख मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों की अंदरूनी मिलीभगत है।



भारतीय संविधान के साथ खिलवाड़ कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान विरोधी दलों की जब केंद्र में सरकार रही तो उन्होंने इसमें इतने संशोधन कर दिए कि अब यह डॉ भीमराव आंबेडकर का समता मूलक, धर्मनिरपेक्ष और बहुजन हिताय संविधान नहीं रह गया है। अब यह जातिवादी, पूंजीवादी और सांप्रदायिक संविधान बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को शिक्षा और नौकरी में आरक्षण का लाभ न मिले या फिर यह निष्प्रभावी रहे, इसकी कोशिश की जा रही है।

# मिट्टी की खनन साइट पर लगाना होगा साइन बोर्ड

**लखनऊ, अमृत विचार :** खनन साइट पर साइन बोर्ड लगाया जाए। जिसमें स्वीकृत गाटा, रकबा, मिट्टी खनन की मात्रा, खनन की अवधि के साथ ठेकेदार का नाम और मोबाइल नंबर लिखा हो। अनुमति जारी होने के बाद खनन कार्य करने से पहले राजस्व व खनन विभाग की संयुक्त टीम स्वीकृत गाटों का चिन्हांकन एवं चौहद्दी का सीमांकन कराएं। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली और लखीमपुर खीरी के जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर यह निर्देश दिए। मंडलायुक्त को शिकायत मिल रही थी कि साधारण मिट्टी के खनन के लिए जिन गाटों में स्वीकृति दी गयी उनके विपरीत अन्य गाटों में खनन हो रहा है। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जारी वर्क आर्डर भी कई बार लगाकर खनन की अनुमति ली जा रही है।


**इन निर्देशों का कराना होगा पालन :** 1-खनन साइट पर साइन बोर्ड लगाना। 2- कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जारी वर्कआर्डर में विभागीय मांग के अनुसार, खनन अनुमति जारी करना। 3- वर्क आर्डर की कॉपी प्रस्तुत करने पर आदेश की पुष्टि संबंधित विभाग से अवश्य की जाये।

# प्रतियोगी परीक्षा के लिए अब विवि भी बनेंगे केन्द्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब सरकारी नौकरी से जुड़ी कोई भी परीक्षा होगी तो उसके लिए परीक्षा केन्द्र सरकारी व एडेड कॉलेजों को बनाया जायेगा। पहली बार राज्य व केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को भी परीक्षा केन्द्र बनाने का आदेश जारी किया गया है। अभी तक केन्द्र निर्धारण में निजी कॉलेजों को भी शामिल किया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

यह निर्णय पेपर लीक कांड रोकने के लिए लिया गया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव शासन के आदेश के बाद जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने भी आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ ही केन्द्र निर्धारण के लिए 10 मानकों को भी जारी किया है। ये मानक यदि नहीं पूरे होंगे तो भी कॉलेज परीक्षा केन्द्र नहीं बनाए जा सकेंगे। केन्द्र बनाए जाने के लिए दो श्रेणियां निर्धारित की गई हैं।



- **राजकीय, एडेड कॉलेज का नाम शामिल, निजी कॉलेज हुए बाहर**

**ए श्रेणी में ये बनेंगे केन्द्र :** मुख्य मार्ग पर स्थित राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं को शामिल किया गया है। ए श्रेणी में समुचित आवश्यक सुविधाओं वाले राजकीय माध्यमिक विद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज (राज्य) व केन्द्रीय विश्वविद्यालय सहित पॉलीटेक्निक, राजकीय इंजीनियरिंग कालेज और राजकीय मेडिकल कालेज को भी शामिल किया गया है।

**बी श्रेणी में ये बनेंगे केन्द्र :** बी श्रेणी में वे सुविधा सम्पन्न वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाएं ही शामिल हो सकेंगी, जो पूर्व में संदिग्ध, विवादित या काली सूची में न रही हों। इसके अलावा परीक्षा केंद्र निर्धारित होते ही कॉलेज में सुविधाओं की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट भी डीआईओएस को देनी होगी।

**30 तक संस्थानों की मांगी गई सूची :** जो संस्थान परीक्षा बनने के लायक हैं, उनकी सूची भी जिलाधिकारी ने मांगी है। 30 जून तक सूची उपलब्ध करानी होगी। बता दें कि लगातार पेपर लीक कांड होने के बाद ये निर्णय लिया गया है।

### ये नए मानक निर्धारित

- परीक्षा केन्द्र श्रेणी ए और बी के अनुसार हो।
- बस व रेलवे स्टेशन से 10 किलोमीटर की परिधि में हो।
- कुल परीक्षार्थियों की क्षमता के आधार पर हो।
- कक्ष निरीक्षण व संस्थान्तर्गत अध्यापकों की संख्या के आधार पर।
- कार्मिकों की संख्या के आधार पर।
- 3 वर्षों में आयोजित कराई गयीं परीक्षाओं के अनुभव के आधार पर।
- परीक्षा केन्द्र शहर की आबादी के अन्दर हो।
- परीक्षा केन्द्र तक जाने के लिए यातायात साधन हो।
- मूलभूत सुविधाओं के साथ बिजली, पंखा, जनरेटर की व्यवस्था हो।
- सीसीटीवी की व्यवस्था हो।

# पुलिस भर्ती बोर्ड को कल तक देनी होगी परीक्षा केन्द्रों की सूची

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने निकट भविष्य में होने जा रही पुलिस की भर्ती परीक्षा के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा परीक्षा केन्द्र का चयन कर सूची 27 जून तक भर्ती बोर्ड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह समिति उचित गुणवत्ता के केंद्रों के चयन के लिए पूरी तरह उत्तरदायी होगी। मुख्य सचिव ने मंगलवार को लोकभवन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के चयन में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि परीक्षा केंद्र यथा संभव नगरीय क्षेत्र में हो।

# सिपाही ने सरकारी पिस्टल से गोली मारकर जान दी

संवाददाता, हसनगंज (उन्नाव)

**अमृत विचार :** हसनगंज कोतवाली में मंगलवार की सुबह एक सिपाही ने सरकारी पिस्टल अपनी कनपटी में लगाकर गोली मार ली। साथी सिपाहियों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां से लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा थाने पहुंचे और पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। जिला बुलंदशहर के गुलावटी निवासी देवांश तेवतिया (25) 2019 में सिपाही पद पर भर्ती हुआ था। वर्ष 2020 से वह हसनगंज कोतवाली में तैनात था। इस समय वह क्राइम मुंशी था। देवांश मंगलवार सुबह करीब 8 बजे ड्यूटी पर आया और 10 बजे किसी से फोन पर बात करते आवेश में आ गया और चिल्लाते हुए उसने बक्से में रखी सरकारी पिस्टल निकाली और अपनी दाईं कनपटी से सटाकर फायर कर दिया। फायर की आवाज सुन मौजूद पुलिस कर्मी दौड़े और उसे सीएचसी पहुंचाया। बताते हैं कि देवांश का करीब छह महीने पूर्व हादसे में पैर में फ्रेक्चर हुआ था। वह चिकित्सीय अवकाश पर था। करीब 20 दिन पहले उसने ज्वाइन किया था। सीओ ने बताया कि घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।



# नीट परीक्षा: ओएमआर शीट की हेराफेरी के मामले पर केंद्र से जवाब-तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी- 2024) में हुई अनियमितताओं के संबंध में याचिका पर सुनवाई करते हुए माना कि मामला गंभीर है और इस पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। अतः मामले को 27 जून 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष हुई।

दरअसल 13 फरवरी 2024 को याची निवेदिता को एडमिट कार्ड जारी किया गया, जिस पर परीक्षा केंद्र तथा केंद्र कोड अंकित था। याची ने परीक्षा में ओएमआर शीट पर सभी प्रविष्टियां सही-सही भरीं और केंद्र अधीक्षक तथा निरीक्षक द्वारा भी उसे अनुमोदित किया गया। हालांकि एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित याची की ओएमआर शीट में याची के रोल नंबर और टेस्ट बुकलेट नंबर से अलग रोल नंबर और टेस्ट बुकलेट नंबर दर्शाया गया।

याची द्वारा आपत्ति करने पर विपक्षी ने याची को एक लिंक भेजा, जिसके माध्यम से याची अपनी ओएमआर शीट देख सके। हालांकि लिंक पर उपलब्ध याची की ओएमआर शीट एनटीए की वेबसाइट पर प्रकाशित गलत ओएमआर शीट के समान ही थी। याची का तर्क है कि उसके आकलन के अनुसार उसने परीक्षा में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन परिणाम अच्छे नहीं आये, जिसका अर्थ यह निकाला जा सकता है कि एनटीए के कुप्रबंधन के कारण याची की ओएमआर शीट में कुछ हेराफेरी हुई है।

# असाधारण परिस्थितियों में ही डीएनए परीक्षण का आदेश दे सकती है कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीएनए टेस्ट से संबंधित एक मामले में अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि ऐसे मामलों में मां को व्यभिचारी सिद्ध करने के लिए बच्चे को एक मोहरे की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। कोर्ट केवल असाधारण परिस्थितियों में ही डीएनए परीक्षण का आदेश दे सकती है।

वर्तमान मामले में प्रस्तुत डीएनए रिपोर्ट केवल एक कचरा है और इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है और न ही शादी के पिछले 4 वर्षों से चल रहे पत्नी के अवैध संबंध को साबित करने के लिए डी नोवो डीएनए रिपोर्ट आयोजित करने हेतु कोई आदेश दिया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी की एकलपीठ ने ग्राम न्यायालय, पटियाली, कासगंज द्वारा पत्नी और दो बेटियों को गुजारा भत्ता देने के आदेश को रद करने वाली डॉ.इफ़राक मोहम्मद इफ़राक हुसैन की याचिका खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल याची और विपक्षी की 12 नवंबर 2013 में मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार शादी हुई। वर्ष 2017 में पत्नी अपने मायके जाकर रहने लगी। अपनी पत्नी के विवाहेतर संबंध को साबित करने तथा बेटियों के पितृत्व से इनकार करने के लिए उसने गुप्त रूप से अपनी बेटियों में से एक का रक्त नमूना लिया और एक प्रमाण पत्र प्राप्त किया, जिसमें बताया गया था कि वह उक्त बेटी का जैविक पिता नहीं है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के मामलों का हवाला देते हुए निष्कर्ष निकाला कि कोर्ट को आमतौर पर उस पार्टी की इच्छा के खिलाफ डीएनए परीक्षण जैसे रक्त परीक्षण का आदेश देने से बचना चाहिए, जिस पर इस परीक्षण का प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सबसे अधिक संभावना हो। डीएनए परीक्षण का आदेश अगर सामान्य ढंग से दिया जाने लगे तो यह बेईमान पतियों के लिए पितृत्व को चुनौती देने वाला भानुमती का पिटारा खोल देने के समान होगा। पति के लिए अपनी पत्नी को व्यभिचारी साबित करना हमेशा खुला है, लेकिन इसके लिए बच्चों की पहचान के अधिकार के बलिदान की अनुमति नहीं दी जा सकती है।




## वर्ग पहेली-112

**बाएं से दाएं**

1. बेंत की प्रजाति का एक पौधा जिसके डंठल अंदर से खोखले किंतु मज़बूत होते हैं जिनका प्रयोग कलम बनाने में किया जाता है
4. 1. तंदुरुस्त, हृष्ट-पुष्ट 2. गोल आकार का 3. भारी शरीर का नाटा व्यक्ति।
5. एक ही ग्रंथ के विभिन्न संस्करणों के पाठ में मिलने वाला भेद, पाठांतर।
6. 1. अपनी माता से उत्पन्न कन्या 2. बुआ
7. 1. तिर्यक, तिरछा, पड़ा 2. 'खड़ा' या 'सीधे' का उलटा, क्षैतिज तल के समांतर 3. विकट, कठोर।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कलम से रद्द किया हुआ 2. काटा हुआ 3. निरस्त।
3. 1. देने का काम कराना 2. प्राप्त कराना 3. वसूल करवाना।
5. चांदी



### वर्ग पहेली-111 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ओ | सा | 2 ई | | 3 उ |
| | | | मा | | के |
| 4 वि | घ | ट | न | का | री |
| दे | | | दा | | |
| श | | 5 का | री | ग | र |
| | 6 मै | | | | |
| 7 मा | न | म | नु | हा | र |

## सुडोकू-25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 1 | | 2 | | | |
| | 7 | | | | | 9 | | 6 |
| | 5 | | 9 | | 8 | | | |
| 2 | | 8 | 4 | | | 5 | 6 | |
| | 3 | 5 | | | | 1 | 4 | |
| | 4 | 6 | | | 5 | 3 | | 8 |
| | | | 5 | | 6 | | 2 | |
| 4 | | 9 | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | 7 |

### सुडोकू-24 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 5 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 3 |
| 8 | 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 1 | 4 |
| 3 | 8 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 20.55 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 13.05 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष:** आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। पुराने संपर्कों का आप उत्तम लाभ उठा सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

**वृष:** आज माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे और आपसे किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रबन्धन कौशल की प्रशंसा होगी। आपको पहले किए गए परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहु प्रतीक्षित कार्यों में सफलता मिल सकती है।

**मिथुन:** आज पुराना लोन चुकाने में आपको सफलता मिल सकती है। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी।

**कर्क:** आज अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं। बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें।

**सिंह:** आज संतान के प्रति विश्वास बनाए रखें। आपके ऊपर काम का दबाव कम होगा। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा।

**कन्या:** आज ससुराल पक्ष से मान-सम्मान प्राप्त होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए।

**तुला:** आज सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा। परिवार के साथ सुखद समय बिताएंगे। सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है।

**वृश्चिक:** आज आपको काफी सावधान रहना होगा। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें। जिन लोगों पर आप आंख-मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें।

**धनु:** आज अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे। राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

**मकर:** आज रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिन्तित रहेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें।

**कुंभ:** आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है।

**मीन:** आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइसेस में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- ताल — सुबह : 09.33
- तकदीर का तमाशा — रात : 07.00

&pictures
- होगी प्यार की जीत — सुबह : 11.07
- यू-टर्न — रात : 08.00

Sony Pix
- क्लैश ऑफ़ द टाइटंस — सुबह : 10.19
- मोर्टल कॉम्बेट — रात : 09.00

Zee Cinema
- बजरंगी 2 — सुबह : 08.59
- फुकरे 3 — रात : 07.50

Colors Cineplex
- आरक्षण — सुबह : 11.18
- दृश्यम 2 — रात : 08.33

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 08.33 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

शादी के बाद पहली बार बहू रसोई में गई और रेसिपी बुक में पढ़कर खाना बना रही थी।
सास बाहर से लौटी,
फ्रिज खोला, देखकर चौंक गई और पूछा -ये मंदिर का घंटा फ्रिज में क्यों रखा है?
बहू - बुक में लिखा है, सब चीजों का मिश्रण कर लें और एक "घंटा" फ्रिज में रखें।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की - घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू - अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी। अब क्या घंटी अलग से मारूं!

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 900 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 800 **रामपुर :** शिवालिक-920 फ्लैग- 1030 डीएमओ-820 बोल्ड-1095

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 2060, राज श्री 1385, फॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030 । किराना- ( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल - ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600 । दाल दलहन-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छाँटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200 । चीनी - डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज 4070 (नयी), बहेड़ी 4080 ( नयी ) ।

# ट्रेड-सेवा क्षेत्र, रोजगार एवं कौशल विशेषज्ञों ने की चर्चा

## आम बजट की तैयारियों को लेकर वित्त मंत्री लगातार कर रही हैं उद्योग जगत व अन्य मंत्रालयों के साथ बैठक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर ट्रेड और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ रोजगार एवं कौशल विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि बैठक में ट्रेड और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सुझाव व विचार रखे। साथ ही दूसरी बैठक में वित्त मंत्री ने रोजगार एवं कौशल विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बजट पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने इन बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए। चर्चा में श्रम मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के अधिकारियों शामिल हुए। वहीं वित्त मंत्री बजट की तैयारियों को लेकर लगातार अन्य मंत्रालयों के अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहीं हैं।



● चर्चा में श्रम मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के अधिकारी भी हुए शामिल

### सरकार से पीएलआई योजना लाने की मांग

**नई दिल्ली।** चमड़ा और फुटवियर निर्यातकों के संगठन ने सरकार से रोजगार सृजन, घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार चमड़ा उद्योग तक करने की मांग की। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के चेयरमैन राजेंद्र जालान ने वित्त मंत्री के साथ बजट-पूर्व बैठक में यह मांग रखी। साथ ही सीएलई ने नम नीले चमड़े, क्रस्ट (टैनिंग के बाद सुखाए गए) चमड़े और तैयार चमड़े पर आयात शुल्क में छूट देने का आग्रह किया। जालान ने कहा, पीएलआई के लाभ में 6,000 करोड़ का निवेश और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 20 लाख अतिरिक्त रोजगार सृजन शामिल होगा।

### कर कटौती, शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाने की मांग

**नई दिल्ली।** विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री निर्मला से अप्रत्यक्ष करों के बोझ को कम करने और शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाने का आग्रह किया। वित्त मंत्री के साथ उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की बजट-पूर्व परामर्श बैठक दो घंटे चली। इसमें प्रतिनिधियों ने अपने-अपने उद्योगों के बारे में सरकार से बजट में जरूरी प्रावधान किए जाने की मांग रखी। निर्यातकों के संगठन फियो के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने वित्त मंत्री से ब्याज समानीकरण योजना को पांच वर्षों के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया। यह योजना 30 जून, 2024 तक वैध है। कुमार ने कहा, दो साल में बढ़कर 6.5 प्रतिशत होने से ब्याज दरें बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में एमएसएमई क्षेत्र के निर्माताओं के लिए छूट दरों को 3 से 5 प्रतिशत तक बहाल किया जा सकता है।

### मनरेगा हो 200 दिन, कृषि को लाया जाए दायरे में

आरएसएस से जुड़े भारतीय मजदूर संघ ने मनरेगा में रोजगार की अवधि 200 दिन बढ़ाने और इसके दायरे में कृषि और सहयोगी क्षेत्रों को शामिल करने की मांग की है। मजदूर संघ ने केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा कि आशा, आंगनवाडी, मिड-डे मील और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। बजट में ग्रामीण विकास, छोटे उद्योगों, विनिर्माण, निर्यात और आधारभूत ढांचा क्षेत्र पर जोर दिया जाना चाहिए। बैठक में मजदूर नेताओं ने कहा कि सभी पेंशन योजनाओं में अंतिम वेतन का 50% और महंगाई भत्ता सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# 7 से 9% की दर से बढ़ सकता है एफएमसीजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस की रिपोर्ट में किया गया है खुलासा

उपभोग को बढ़ावा देने और रोजगार उत्पन्न करने वाली सरकारी पहल के दम पर रोजमर्रा के उपभोग के सामान (एफएमसीजी) क्षेत्र की वृद्धि दर 7 से 9% रहने की उम्मीद है। एफएमसीजी की क्षमता व मजबूत सरकारी समर्थन तथा डिजिटल बदलाव पहल के साथ इसे अनिश्चितताओं से पार पाने और मजबूती की स्थिति प्रदान करती है।

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में एफएमसीजी निरंतर वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में इसमें 7 से 9% की वृद्धि होगी। इस क्षेत्र को मुद्रास्फीति के दबाव, उपभोक्ता भरोसे में कमी तथा मौजूदा बेरोजगारी दर जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एफएफसीजी का बढ़ता हुआ आर्थिक प्रभाव 9.1 लाख करोड़ से अधिक है। एफएफसीजी के लिए ऑनलाइन बिक्री माध्यम भी बढ़ रहे हैं....डी2सी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) जैसे खंड डिजिटल बदलाव और उपभोक्ता खरीद व्यवहार को दर्शाते हैं। कॉरपोरेट इंडिया रिस्क इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार ऐसे डिजिटलीकरण ने उद्योग की क्षमता तथा उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के प्रति इसको रेखांकित किया है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 90900 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73600 |
| गिन्नी (प्रति नग ) | 54800-55000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,550 |
| सोना रवा | 72,300 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 90,500 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72300 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71300 |
| सिल्वर ( पक्की) | 887 (अनुमानित) |

# स्पेक्ट्रम नीलामी का पहला दिन सुस्त, 5 दौर में 11,000 करोड़ की लगीं बोलियां

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● सरकार 96,238 करोड़ के आरक्षित मूल्य पर 10,500 मेगाहर्ट्ज की कर रही है नीलामी

मोबाइल सेवाओं में इस्तेमाल होने वाले दूरसंचार स्पेक्ट्रम की नीलामी के पहले दिन मंगलवार को ठंडी प्रतिक्रिया मिली और पांच दौर की नीलामी में करीब 11,000 करोड़ रुपये की बोलियां ही लगाई गईं। सरकार 96,238 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर 10,500 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी कर रही है। इस नीलामी में दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियां बोलियां लगा रही हैं।

सूत्र के अनुसार, दूरसंचार कंपनियों ने पहले दिन की स्पेक्ट्रम नीलामी में 11,000 करोड़ रुपये की बोलियां लगाई हैं। नीलामी का छठा दौर बुधवार को होगा। नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया शिरकत कर रही हैं। दूरसंचार कंपनियां 5जी सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम हासिल करना चाह रही हैं। रिलायंस जियो ने इसके लिए सबसे अधिक 3,000 करोड़ की अग्रिम राशि जमा की है। इस आधार पर कंपनी बोली लगा सकती है। भारती एयरटेल ने 1,050 करोड़ और वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने 300 करोड़ की बयाना राशि जमा की है। पहले दिन की नीलामी रिपोर्ट के मुताबिक, बोलियां 900 और 1,800 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम के बैंड, तीन सर्किल में 2,100 मेगाहर्ट्ज बैंड के लिए भी लगाई गईं। भारती एयरटेल की छह सर्किल में स्पेक्ट्रम अवधि खत्म हो रही है जबकि वोडाफोन आइडिया के दो सर्किल में स्पेक्ट्रम खत्म हो रहे हैं।

# पीएलआई के दायरे में परिधान क्षेत्र लाने पर विचार : कपड़ा मंत्री

**नई दिल्ली।** कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरकार कपड़ा उद्योग के लिए स्वीकृत 10,000 करोड़ से अधिक की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार परिधान क्षेत्र तक करने पर विचार कर रही है। सिंह ने भारत अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला में कहा कि कपड़ा के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य होना चाहिए। सरकार ने 2021 में कपड़े और घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए 10,683 करोड़ के परिव्यय के साथ कपड़ा क्षेत्र को पीएलआई के लिए मंजूरी दी थी।

# वृद्धि में बाधक नहीं है ब्याज दर, महंगाई के नियंत्रण पर रहेगा जोर : दास

**मुंबई, एजेंसी**



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि ऊंची ब्याज दर आर्थिक वृद्धि को बाधित नहीं कर रही है। उन्होंने साफ किया कि मौद्रिक नीति का ध्यान मुद्रास्फीति को कम करने पर बना रहेगा। दास ने उद्योग मंडल बॉम्बे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में कहा कि देश आर्थिक वृद्धि के स्तर पर प्रमुख संरचनात्मक बदलाव की दहलीज पर है। देश उस रास्ते पर बढ़ रहा है जहां सालाना आधार पर 8% वास्तविक जीडीपी वृद्धि बरकरार रखी जा सकती है। आमतौर पर यदि वृद्धि दर अच्छी है और यह बनी हुई है तो यह एक साफ संकेत है कि आपकी मौद्रिक नीति और आपकी ब्याज दरें वृद्धि के रास्ते में बाधा नहीं बन रही है। ऊंची ब्याज दर से वृद्धि प्रभावित होने पर जारी बहस के बीच दास ने कहा कि ऐसी चिंताएं निराधार हैं और वृद्धि की गति बनी हुई है। आरबीआई की नाउकास्टिंग टीम गतिशील तत्वों के आधार पर जून तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.4% रहने का अनुमान है। यह केंद्रीय बैंक के अनुमान 7.3% से अधिक है। दास के अनुसार, उन्हें भरोसा है कि 2024-25 में अर्थव्यवस्था आरबीआई के अनुमान 7.2% की दर से बढ़ेगी। दास ने आने वाले समय में मुद्रास्फीति में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए शतरंज का उदाहरण दिया। उन्होंने साफ किया कि एक गलत कदम हमें राह से भटका सकता है।

## राष्ट्रीय

# कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते हैं मोदी

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले- 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों पर लगाए गए अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र-संविधान पर किया प्रहार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● उन्होंने सवाल किए- पार्टियों को तोड़ना, सरकारों को गिराना क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते रहते हैं जबकि 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों पर लगाए गए अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र और संविधान पर प्रहार किया है।

खरगे ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा, देश भविष्य की ओर देख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते रहते हैं। 10 वर्षों में आपने 140 करोड़ भारतीयों को जो अघोषित आपातकाल का अहसास कराया, जिससे लोकतंत्र और संविधान पर प्रहार किया है। उन्होंने सवाल किया कि पार्टियों को तोड़ना, पिछले दरवाजे से चुनी सरकारों को गिराना, 95% विपक्षी नेताओं पर ईडी, सीबीआई, आईटी का दुरुपयोग करना, मुख्यमंत्री को जेल में डालना और चुनाव से पहले सत्ता का इस्तेमाल करके समान अवसर को खराब करना - क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सहमति और सहयोग की बात करते हैं, लेकिन उनके काम इसके उलट हैं। जब विपक्ष के 146 सांसदों को संसद से निलंबित किया गया और तीन कानून पारित किए गए, तब सहमति शब्द कहां था। विपक्ष से पूछे बिना महान हस्तियों की मूर्तियों को एक कोने में शिफ्ट कर दिया गया, जब 15 करोड़ किसान परिवारों पर तीन काले कानून थोपे गए और उन्हें सड़क पर बैठने के लिए मजबूर किया गया, तब सहमति शब्द कहां था। चाहे नोटबंदी हो, लॉकडाउन हो या फिर चुनावी बांड कानून हो, ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जिन पर मोदी सरकार ने सहमति या सहयोग का इस्तेमाल नहीं किया। विपक्ष की तो बात ही छोड़िए, अपने ही नेताओं को अंधेरे में रखा गया। भाजपा ने लोकतंत्र और संविधान को बर्बाद कर दिया है जबकि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र एवं संविधान का समर्थन किया है।

### एक परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने संविधान की भावना को कुचला



**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपातकाल लगाने के लिए मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी ने एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए संविधान की भावना को कई बार कुचला। 1975 में लगाए गए आपातकाल के 49 साल पूरे होने के मौके पर शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें पार्टी का युवराज करार दिया और कहा कि वह भूल गए हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था और उनके पिता राजीव गांधी ने संसद में 23 जुलाई 1985 को कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। उन्होंने एक्स किए पोस्ट में कहा, एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने संविधान की भावना को कई बार कुचला। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान भारत के लोगों पर निर्मम अत्याचार किए। राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा था, अगर देश का प्रधानमंत्री जो यह महसूस करता है कि इन परिस्थितियों में आपातकाल जरूरी है और फिर वह आपातकाल लागू नहीं करता है, तो वह प्रधानमंत्री बनने योग्य नहीं है।

# लंदन जाने वाले विमान में बम की धमकी, संदिग्ध पकड़ा गया

**कोच्चि, एजेंसी**

लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान में सोमवार देर रात बम की मिली धमकी तलाशी के बाद फर्जी निकली और प्राधिकारियों ने धमकी भरा फोन करने के संदेह में 29 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया।

कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने विमान की तलाशी ली और कोई खतरा नहीं पाया जिसके बाद विमान को उड़ान की अनुमति दी गयी। मुंबई में एअर इंडिया के कॉल सेंटर पर सोमवार देर रात उड़ान एआई 149 के लिए बम की धमकी का फोन आया। इस विमान को कोच्चि से लंदन के लिए उड़ान भरनी थी। सूचना रात 11.22 बजे मिली जो एअर इंडिया और कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) को दी गयी। जांच में खुलासा हुआ कि मलप्पुरम जिले के कोंडोट्टी निवासी सुहैब (29) ने यह फोन किया था जिसे एआई 149 उड़ान से लंदन जाना था। हवाई अड्डे पर प्रवेश के दौरान एएसजी ने सुहैब, उसकी पत्नी तथा बेटी को रोक लिया, उसे पुलिस को सौंप दिया गया है।

### नागपुर हवाई अड्डे को मिली दूसरी धमकी

**नागपुर।** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को मंगलवार तड़के 24 घंटे में दूसरी बार बम की धमकी मिली, लेकिन तलाशी में कुछ भी नहीं मिला। हवाई अड्डे के अधिकारी ने बताया कि आधी रात के बाद शौचालय में बम होने का ईमेल मिला था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सोमवार सुबह भी इसी तरह का ईमेल मिला था।

# होर्डिंग गिरने के मामले में आईपीएस अधिकारी निलंबित

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने पुलिस प्रमुख की अनुमति के बिना मुंबई के घाटकोपर में जानलेवा होर्डिंग लगाने की मंजूरी देने के आरोप में आईपीएस अधिकारी कैसर खालिद को मंगलवार को निलंबित कर दिया।

तेरह मई को होर्डिंग गिरने की घटना में 17 लोगों की मौत हो गई और 74 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस त्रासदी के कारण लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और जांच में होर्डिंग की स्थापना के संबंध में विभिन्न अनियमितताएं सामने आईं। खालिद रेलवे पुलिस के आयुक्त के रूप में तैनात थे, जब उन्होंने कथित तौर पर मानदंडों का उल्लंघन करते हुए होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी।

## एक नजर

### प्रज्वल रेवन्ना फिर से 4 दिन की हिरासत में

**बेंगलुरु।** जनता दल (एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यौन उत्पीड़न के मामले में फिर से पुलिस की हिरासत में भेज दिया गया है। उसकी पुलिस रिमांड की अवधि 29 जून तक बढ़ाई गई है। रेवन्ना के खिलाफ कई महिलाओं के यौन शोषण करने और उनकी वीडियो बनाने का आरोप है। साइबर अपराध मामले में रेवन्ना की पुलिस हिरासत 29 जून तक बढ़ा दी है।

### लखीसराय में महिला नक्सली गिरफ्तार

**लखीसराय।** बिहार में लखीसराय जिले के चानन थाना क्षेत्र से पुलिस ने मंगलवार सुबह महिला नक्सली रानी देवी उर्फ रानी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। एसपी पंकज कुमार ने बताया कि सूचना पर गोबरदाहा कोड़ासी इलाके में छापेमारी की गयी। मौके से महिला नक्सली रानी देवी उर्फ रानी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया।

### वकील की हत्या में हाईकोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मियां कयूम को 2020 में वकील बाबर कादरी की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ऑल पार्टी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस और प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी से जुड़े कयूम को जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी हिरासत में लिया है।

# डीजीपी को एनएचआरसी ने नोटिस भेजा, सीबी-सीआईडी ने जांच की तेज

**तमिलनाडु शराब हादसा**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने तमिलनाडु सरकार और प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर कल्लाकुरिची जिले में हुये जहरीली शराब हादसे में एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के लिये कहा है। आयोग के अनुसार कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या सोमवार को 59 हो गई, जबकि इससे पीड़ित 219 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एनएचआरसी ने जारी बयान में कहा कि उसने मीडिया में आयी खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है। वहीं सलेम के सरकारी मोहन कुमारमंगलम मेडिकल कॉलेज में एक और व्यक्ति की मौत के साथ मृतकों की संख्या 59 हो गई। सीबी-सीआईडी ने पीड़ितों के बयान दर्ज करके जांच तेज कर दी है। मामले की जांच कर रही सीबी-सीआईडी ने अब तक 12 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

# मकान में आग लगने से परिवार के 4 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के द्वारका में प्रेम नगर इलाके के मकान में आग लगने से एक परिवार के 4 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि विभाग को देर रात साढ़े तीन बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दो दमकल गाड़ियों को भेजा गया। मृतकों में हीरा सिंह कक्कड़ (48), उसकी पत्नी नीतू (40) और उनके बेटे रॉबिन (22) और लक्ष्य (21) है। कक्कड़ फोटोग्राफर था और घर का मालिकाना हक उसके परिवार के पास था। डीएफएस के अधिकारी ने बताया कि आग दो मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर इन्वर्टर में लगी जो पास रखे सोफे तक फैल गई। आग लगने के कारण दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई।

### सफदरजंग अस्पताल में लगी आग, नर्स को बचाया

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में पुराने आपात चिकित्सा भवन के भंडार कक्ष में मंगलवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन विभागके अधिकारियों ने बताया कि भवन की तीसरी मंजिल से नर्स को उतारकर सुरक्षित बाहर लाया गया। अस्पताल के अधिकारी ने बताया कि आग से किसी मरीज पर कोई असर नहीं पड़ा है। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह 10.40 बजे पर आग लगने की सूचना मिली।

# परीक्षा सुधारों पर केंद्र की समिति अभिभावकों, छात्रों से बात करेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**नीट और नेट विवाद**



● राधाकृष्णन बोले- परीक्षा करने के लिए बनानी होगी मजबूत प्रणाली

● इसरो के पूर्व प्रमुख की सात सदस्यीय समिति ने की बैठक

प्रतियोगी परीक्षाएं 'नीट' और 'नेट' में कथित गड़बड़ी को लेकर उपजे विवाद के बीच, परीक्षा सुधारों पर शिक्षा मंत्रालय की समिति परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी चिंताओं और चुनौतियों को समझने के लिए अभिभावकों एवं छात्रों के साथ बातचीत करेगी।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख आर. राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति ने अपनी पहली बैठक सोमवार शाम को की। राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों से उनकी चिंताओं और सुझावों को जानना है। जहां तक संभव हो व्यक्तिगत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से उनसे जुड़ने जा रहे हैं। अगली प्राथमिकता परीक्षा शुरू करने के लिए शीघ्रता से एक मजबूत प्रणाली बनाना है। एक मजबूत, त्रुटिरहित और एक ऐसी प्रणाली विकसित करने पर गौर कर रहे हैं जो छात्रों की परेशानी और तनाव को कम करेगा। सूत्रों के अनुसार, समिति मौजूदा स्थिति और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों का जायजा लेगी। समिति को एजेंसी की मौजूदा प्रक्रियाओं और कामकाज से अवगत कराया गया। समिति ने एनटीए के माध्यम से होने वाली परीक्षाओं और उम्मीदवारों के आंकड़ों पर भी गौर किया। समिति ने गौर किया कि कौन सी परीक्षा कागज-कलम और कौन सी कंप्यूटर से कराई जाए।

### समिति के सुझाव होंगे लागू

बैठक के दौरान समिति ने साइबर सुरक्षा के मुद्दों और डार्कनेट द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर भी चर्चा की, जहां यूजीसी-नेट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हुआ था। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद इसके अगले ही दिन शिक्षा मंत्रालय ने इसको रद कर दिया था। मंत्रालय के अनुसार, समिति के सुझाए सुधारों को अगले सत्र की परीक्षा में लागू किये जाने की संभावना है। समिति दो महीने में रिपोर्ट सौंप देगी और अगले सत्र की परीक्षा तक के लागू करने के लिए मंत्रालय योजना तैयार कर सकता है।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद नाबालिग रिहा

**मुंबई, एजेंसी**

**पोर्श दुर्घटना मामला**



बंबई हाईकोर्ट ने मंगलवार को निर्देश दिया कि पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय किशोर को रिहा किया जाए, क्योंकि उसे निगरानी गृह भेजने का आदेश अवैध था। किशोर को 19 मई को दुर्घटना के कुछ घंटों बाद ही जमानत मिल गई थी, लेकिन विरोध प्रदर्शन से तीन दिन बाद उसे निगरानी गृह भेजा गया था। उसे हाईकोर्ट के आदेश के बाद शाम को रिहा कर दिया गया।

पुलिस का दावा है कि 19 मई की सुबह शराब के नशे में कार चला रहे किशोर ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने कहा कि न्याय को हर चीज से ऊपर रखना अदालत का कर्तव्य है और वह इस भयावह दुर्घटना के कारण पैदा हुए रोष से प्रभावित नहीं हो सकती। कोर्ट ने कहा कि पीड़ित और उनके परिवारों के प्रति हमारी पूरी सहानुभूति है, लेकिन अदालत के रूप में हम कानून को लागू करने के लिए बाध्य हैं। यह आदेश किशोर की चाची की याचिका पर पारित हुआ, जिन्होंने दावा किया था कि लड़के को अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। कोर्ट ने किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा नाबालिग को सुधार गृह में भेजने के आदेश को मंगलवार को रद कर दिया। कोर्ट ने कहा, हम याचिका को स्वीकार करते हैं और उसकी रिहाई का आदेश देते हैं। किशोर याचिकाकर्ता के पास रहेगा। हाईकोर्ट ने कहा कि जेजेबी के रिमांड आदेश अवैध थे और बिना अधिकार क्षेत्र के सुनाए गए थे। अदालत ने मामले से निपटने के तरीके पर पुलिस को भी फटकार लगाते हुए कहा, हमारा मत है कि कानून का शासन कायम रहना चाहिए, चाहे स्थिति कितनी भी भयावह क्यों न हो।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा में अनियमितता का आरोप, कांग्रेस ने की जांच की मांग

**रायपुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीजी-टीईटी) 2024 के दौरान धमतरी जिले के केंद्र में अनियमितता का आरोप लगाते हुए मंगलवार को जांच कराने की मांग की। बघेल ने संबंधित केंद्र के अभ्यर्थियों को परीक्षा में फिर से बैठने का मौका देने की भी मांग की।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 23 जून को आयोजित सीजी टीईटी परीक्षा हुई थी। बघेल ने दावा किया कि धमतरी के भखारा केंद्र महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय में सीजी-टीईटी परीक्षा के आयोजन में अनियमितताएं सामने आई हैं। इस केंद्र पर अपराह्न दो बजे से शाम 4:45 बजे तक दूसरी पाली में 400 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

### एसआई प्रश्नपत्र लीक मामला : मुख्य आरोपी को 7 दिन की हिरासत में

**जम्मू।** जम्मू की विशेष न्यायाधीश बाला ज्योति ने मंगलवार को 2022 के जेकेएसएसबी उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले के मुख्य आरोपी को सात दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। हरियाणा के रेवाड़ी निवासी यतिन यादव को गिरफ्तार किया गया था।



# अफगानिस्तान की जीत के साथ डेविड वार्नर का सफर खत्म




किंग्सटाउन, एजेंसी

**संन्यास**

- **37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में खेला**

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के उपलब्धियों और विवादों से भरे 15 साल लंबे अंतर्राष्ट्रीय करियर का मंगलवार को टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया।

अफगानिस्तान की जीत के साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सिर्फ दो अंक के साथ सुपर आठ ग्रुप एक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ चौंकाने वाली हार के अलावा भारत के खिलाफ भी शिकस्त झेलनी पड़ी।

जनवरी 2009 में टी20 मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक वार्नर को गॉर्ड ऑफ ऑनर नहीं मिल सका। अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। वह सिर झुकाए मैदान से बाहर चले गए, उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच था या नहीं। वार्नर ने नवंबर 2023 में भारत में विश्व कप फाइनल जीत के रूप में अपना आखिरी एकदिवसीय मैच और इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम टेस्ट खेला। उन्होंने काफी पहले ही संकेत दे दिया था कि यह टी20 विश्व कप उनका अंतिम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा।

वार्नर ने 110 मैच में 33.43 के औसत और 142.47 के स्ट्राइक रेट से 3,277 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर और दुनिया के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में टी20 प्रारूप से संन्यास लिया। उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में एक शतक और 28 अर्द्धशतक बनाए। उन्होंने 2011 से 2024 के बीच 112 टेस्ट में 44.59 की औसत से 26 शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ 8,786 रन बनाए जबकि 161 एकदिवसीय मुकाबलों में 22 शतक और 33 अर्धशतक की मदद से 45.30 की औसत से 6,932 रन जोड़े। वार्नर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक और 19,000 के करीब रन बनाए। उन्होंने स्वीकार किया था कि उनका नाम हमेशा के लिए 'सैंडपेपर गेट प्रकरण' से जुड़ा रहेगा जो 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान केपटाउन के न्यूलैंड्स में हुआ था।

**49** अंतर्राष्ट्रीय शतक और 19000 के करीब रन

**110** टी20 मैच में 33.43 का औसत और 142.47 का स्ट्राइक रेट

**112** टेस्ट में 26 शतक और 37 अर्द्धशतक

**161** एकदिवसीय में 22 शतक और 33 अर्धशतक

**01** शतक और 28 अर्धशतक लगा टी20 में आस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर बने

## टी20 विश्वकप सुपर-8 अंक तालिका

**ग्रुप-1**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.017 |
| अफगानिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.305 |
| आस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.331 |
| बांग्लादेश | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.709 |

**ग्रुप-2**

| टीमें | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.599 |
| इंग्लैंड | 3 | 2 | 1 | 4 | 1.992 |
| वेस्टइंडीज | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.963 |
| अमेरिका | 3 | 0 | 3 | 0 | -3.906 |

# अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

## बांग्लादेश को आठ रन से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचे

किंग्सटाउन, एजेंसी

- **नवीनुल हक और राशिद खान ने चार-चार विकेट चटकाए**
- **सेमीफाइनल में 27 जून को दक्षिण अफ्रीका से अफगानिस्तान का सामना**

अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से बांग्लादेश को आठ रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश करके इतिहास रच दिया। जैसे ही नवीनुल हक ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर तस्कीन अहमद का विकेट लिया, उनके साथी खिलाड़ियों से लेकर स्टेडियम में मौजूद समर्थकों तक की आंखें भर आईं। अब सेमीफाइनल में 27 जून को अफगानिस्तान का सामना दक्षिण अफ्रीका और भारत की टक्कर इंग्लैंड से होगी।

इससे पहले बांग्लादेश के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 115 रन पर रोक दिया। लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाये। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 43 रन बनाने के लिए 55 गेंदें खेल डाली। जवाब में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 17.5 ओवर में 105 रन पर आउट कर दिया। राशिद खान ने 23 रन देकर और तेज गेंदबाज नवीनुल हक ने 26 रन देकर चार-चार विकेट चटकाए। बांग्लादेश के लिए लिटन दास (नाबाद 54) अकेले टिके रहे। बारिश के कारण खेल कई बार रुका। गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने 59 रन की साझेदारी की तो फजलहक फारूकी और नवीनुल ने नयी गेंद से विकेट लिए।

शुरुआती विकेट लेने के आदी फारूकी ने तंजीद हसन को दूसरे ही ओवर में पवेलियन भेजा। इसके बाद नवीनुल ने नजमुल हुसैन शांतो और शाकिब अल हसन के कीमती विकेट लिए। बांग्लादेश का स्कोर उस समय तीन विकेट पर 31 रन था जब बारिश के कारण खेल रुका।



नवीनुल हक

खेल बहाल होने पर पावरप्ले के छह ओवर में उसने तीन विकेट पर 46 रन बना लिये थे। ऐसे में राशिद ने गेंद संभाली और लगातार ओवरों में विकेट लिए। उन्होंने लगातार दो विकेट लेकर टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 150 विकेट पूरे करके न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पछाड़ा। एक बार फिर बारिश से खलल पड़ा, जब बांग्लादेश डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर पीछे थी। ऐसे में अफगानिस्तान के हरफनमौला गुलबदिन नायब अचानक ऐंठन के कारण गिर पड़े, जिसे खेल में विलंब करने का शिगूफा माना जा रहा है।

### स्कोर बोर्ड

**अफगानिस्तान 115/5 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गुरबाज का सरकार बो हुसैन | 43 | 55 | 3/1 |
| जदरान का हसन साकिब बो हुसैन | 18 | 29 | 1/0 |
| उमरजई का दास बो रहमान | 10 | 12 | 0/0 |
| गुलबदिन का सरकार बो हुसैन | 04 | 03 | 1/0 |
| नबी का शांतो बो अहमद | 01 | 05 | 0/0 |
| करीम जनत नाबाद | 07 | 06 | 1/0 |
| राशिद खान नाबाद | 19 | 10 | 0/3 |

**अतिरिक्त** : 13 रन, **विकेट पतन** : 1-59, 2-84, 3-88, 4-89, 5-93

**गेंदबाजी** : हसन साकिब 4-0-36-0, अहमद 4-1-12-1, शाकिब 4-0-19-0, रहमान 4-0-17-1, हुसैन 4-0-26-3

**बांग्लादेश 105/10 (17.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लिटन दास नाबाद | 54 | 49 | 5/1 |
| तंजीद पगबाधा बो फारूकी | 00 | 03 | 0/0 |
| शांतो का नबी बो नवीनुल हक | 05 | 05 | 1/0 |
| शाकिब का और बो नवीनुल हक | 00 | 01 | 0/0 |
| सौम्या सरकार बो राशिद | 10 | 10 | 1/0 |
| तौहीद का जदरान बो राशिद | 14 | 09 | 2/0 |
| महमूदुल्लाह का इशाक बो राशिद | 06 | 09 | 1/0 |
| रिशाद बो राशिद | 00 | 01 | 0/0 |
| तंजीम का नबी बो गुलबदीन | 03 | 10 | 0/0 |
| तस्कीन बो नवीनुल हक | 02 | 09 | 0/0 |
| मुस्ताफिजुर बो नवीनुल हक | 00 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त**- 11 रन, **विकेट पतन** : 1-16, 2-23, 3-23, 4-48, 5-64, 6-80, 7-80, 8-92, 9-105

**गेंदबाजी** : नवीनुल 3.5-0-26-4, फारूकी 2-0-15-1, नबी 2-0-15-0, राशिद 4-0-23-4, नूर 4-0-13-0, नायब 2-0-5-1

### सुपर-8 मुकाबलों में टीम का प्रदर्शन

**47** रन से भारतीय टीम से मिली हार

**21** रन से ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर

**08** रन से बांग्लादेश टीम को मात दी



राशिद खान

## खेल डायरी

### तेजिंदर तूर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हटे



**नई दिल्ली।** भारत के गोला फेंक के शीर्ष खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर टखने में दर्द के कारण गुरुवार से पंचकूला में शुरू हो रही राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हट गए जो आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों की अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। तूर ने पीटीआई को बताया, अभी मेरे टखने में थोड़ा दर्द है और मेरे डॉक्टर ने तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने के लिए कहा है। भारत के 29 साल के तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहर्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा।

### यूरो 2024 : स्पेन ने अल्बानिया को हराया

**डसेलडोर्फ (जर्मनी)।** स्पेन ने अपनी पूरी टीम लगभग बदलने के बावजूद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में अल्बानिया को 1-0 से हराया। नॉकआउट चरण में पहले ही प्रवेश कर लेने के बाद स्पेन के कोच लुईस डे ला फुऐंते ने शुरूआती टीम में दस बदलाव किए। स्पेन ने 2008 में खिताब जीता था। स्पेन के लिये 13वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल किया और स्टॉपेज टाइम में गोलकीपर डेविड राया ने गोल बचाया। पूरे ग्रुप चरण में स्पेन ने एक भी गोल नहीं गंवाया। ग्रुप बी से इटली ने क्रोएशिया से 1-1 से ड्रॉ खेलकर अगले चरण में जगह बनाई।

### भारत-इंग्लैंड मैच में गफ्फनी-टकर अंपायर

**दुबई।** न्यूजीलैंड के क्रिस गफ्फनी और ऑस्ट्रेलिया के रॉडनी टकर भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार को गुयाना के प्रोविडेंस में होने वाले टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल के लिए मैदानी अंपायर होंगे। जोएल विल्सन इस मैच में टीवी अंपायर जबकि पॉल रीफेल चौथे अंपायर होंगे। न्यूजीलैंड के जेफरी क्रो मैच रेफरी की भूमिका निभाएंगे। इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और भारत के नितिन मेनन त्रिनिदाद और टोबैगो के तारौबा में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच होने वाले पहले सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर होंगे।

### डीएलएस के सहनिर्माता फ्रैंक डकवर्थ का निधन



**नयी दिल्ली।** क्रिकेट के वर्षा प्रभावित मैचों में परिणाम निर्धारित करने के लिए प्रयुक्त होने वाली डकवर्थ-लुईस-स्टर्न पद्धति (डीएलएस) के सह निर्माताओं से एक फ्रैंक डकवर्थ का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डकवर्थ ने साथी सांख्यिकीविद् टोनी लुईस के साथ बारिश या अन्य कारकों से बाधित सीमित ओवरों के मैचों में निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित करने के लिए डीएलएस नियम को तैयार किया था। यह नियम पहली बार 1997 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लागू किया गया था। वर्ष 2001 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इसे आधिकारिक रूप से अपनाया। वर्ष 2014 में डकवर्थ और लुईस के सेवानिवृत्त होने के बाद उनके योगदान को मान्यता दी।

### नफीस, बोपाना की एशियाई जूनियर स्क्वाश में जीत से शुरुआत

**इस्लामाबाद।** भारत के युशा नफीस और ध्रुव बोपाना ने मंगलवार को अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से हराकर 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। छठी वरीयता प्राप्त नफीस ने लड़कों के अंडर-17 वर्ग में पाकिस्तान के उबैद उल्लाह को 11-7 10-12 11-5 11-4 से, जबकि बोपाना ने लड़कों के अंडर-13 वर्ग में ईरान के अमीररेज़ा अल्वानसाज़ याज़दी को 11-4 11-2 11-7 से हराया।

### कोपा अमेरिका : ब्राजील ने कोस्टा रिका से गोलरहित ड्रॉ खेला

**इंगलवुड (अमेरिका)।** ब्राजील को कोपा अमेरिका फुटबॉल के पहले मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। नौ बार की चैम्पियन ब्राजील ने गेंद पर नियंत्रण और विरोधी गोल पर हमलों में दबदबा बनाया लेकिन कोस्टा रिका के गोलकीपर पैट्रिक सिक्वेरा काफी मुस्तैद थे, जिन्होंने तीन गोल बचाये। पहले हाफ में वीएआर चेक के बाद ब्राजील के मारकिन्होस का एक गोल अमान्य करार दिया गया। इस मैच के बाद कोलंबिया ग्रुप डी में शीर्ष पर है।

# जश्न में अफगानिस्तान, दुनिया ने की तारीफ

काबुल, एजेंसी

दिग्गजों को जमींदोज करके टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि ने पूरे देश को जश्न में सराबोर कर दिया और लोग सड़कों पर खुशियां बांटने निकल पड़े।

बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के वर्षा बाधित मैच में अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज को भी बाहर कर दिया। इससे पहले ग्रुप चरण में उसने न्यूजीलैंड को हराया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने शहरों की तस्वीरें एक्स पर डाली हैं। इसके साथ कैप्शन दिया है, देखो कि सफलता के हमारे लिये क्या मायने हैं। एक और पोस्टर में हजारों प्रशंसकों को सड़कों, अपने घरों की बालकनी और दुकानों की छतों पर जश्न मनाते देखा गया। कैप्शन में कहा गया उन्हें पता है कि टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के नायकों की जीत का जश्न कैसे मनाना है।



> क्या शानदार मैच था। अफगानिस्तान टीम को बधाई। - **टॉम मूडी, पूर्व हरफनमौला, ऑस्ट्रेलिया**

**दिग्गज बोले-**

> अफगानिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना अतुलनीय है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराया। यह जीत प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की देन है। आपकी प्रगति पर गर्व है। - **सचिन तेंदुलकर, पूर्व बल्लेबाज, भारत**

> क्या शानदार जीत। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचना। इसे ही तरक्की कहते हैं। बधाई हो। - **वीरेंद्र सहवाग, पूर्व सलामी बल्लेबाज, भारत**

> शानदार नजारा। जबर्दस्त जीत। रोमांचक मैच। जज्बातों का सैलाब। पठान पहली बार सेमीफाइनल में। नवीनुल हक का मैच विनिंग प्रदर्शन। बेजोड़ क्रिकेट। - **युवराज सिंह, पूर्व बल्लेबाज, भारत**

# पहले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

**महिला टी20 एशिया कप**

- **19 जुलाई को पाकिस्तान, 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से होगा सामना**

गत चैंपियन भारत श्रीलंका के दाम्बुला में होने वाले महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 19 जुलाई को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। यह टूर्नामेंट 19 से 28 जुलाई तक खेला जाएगा, जिसमें महाद्वीप की आठ टीमें हिस्सा लेंगी। पिछली बार के विपरीत इस साल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल को ग्रुप ए में जगह मिली है जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में हैं।

एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा जारी अपडेट कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बाद भारत 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से भिड़ेगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 26 जुलाई को खेले जाएंगे। फाइनल 28 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट में एक बार फिर मैच अधिकारी की भूमिका में सभी महिला अधिकारी होंगी।

# मंधाना और हरमनप्रीत वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में

दुबई, एजेंसी

- **मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक**



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गईं जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गईं। मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक हैं।

मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में 343 रन बनाकर शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए रखी। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने शीर्ष रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। वह तीन पायदान चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं तथा इंग्लैंड की नंबर एक बल्लेबाज नैट साइवर ब्रंट से केवल 16 अंक पीछे हैं। दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के तीनों मैच में हार गया था लेकिन वोलवार्ट ने दूसरे मैच में नाबाद 135 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। उनके 671 रेटिंग अंक हैं।

# मोडरिच गोल करने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बने

**यूरो चैम्पियनशिप**

**लीपजिग (जर्मनी)।** संभवतः अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे क्रोएशिया के लुका मोडरिच ने इटली के खिलाफ गोल किया तो वह यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्हें प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार भी मिला लेकिन वह इसका जश्न मनाने के मूड में नहीं थे। इटली के मात्तिया जाकानी ने स्टॉपेज टाइम के आठवें मिनट में गोल कर दिया। इससे क्रोएशिया की नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। अब उसे दूसरे मैचों के नतीजे पक्ष में आने की दुआ करनी होगी। 38 वर्ष 289 दिन के मोडरिच ने 55वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा।

# उत्तर प्रदेश के मोहम्मद अर्श भारतीय बैडमिंटन टीम में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के उभरते बैडमिंटन खिलाड़ी मोहम्मद अर्श का चयन भारतीय बैडमिंटन टीम में किया गया है। इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली एशियन जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली भारतीय टीम में वह शामिल होंगे।



बांदा शहर के बलखंडी नाका निवासी अर्श ने राष्ट्रीय स्तर पर दमदार प्रदर्शन करते हुए कई महत्वपूर्ण खिताब जीतकर अपनी पहचान बनाई है। गुवाहाटी के अमिंगम में 10 से 24 जून तक प्रशिक्षण कैंप करने के बाद अर्श 18 सदस्यीय भारतीय टीम के साथ मंगलवार को दिल्ली से इंडोनेशिया के लिए रवाना हो गये। इंडोनेशिया में 28 जून से 7 जुलाई तक आयोजित होने वाली एशियन जूनियर चैंपियनशिप टूर्नामेंट में मोहम्मद अर्श जीत के लिए जोर आजमाइश करेंगे। यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव सुर्धमा सिंह ने बताया कि अर्श ने कम समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। युगल खिलाड़ी के तौर पर उनका प्रदर्शन धमाकेदार रहा है। आगे भी उनसे दमदार प्रदर्श की उम्मीद है। अर्श की सफलता से प्रदेश के अन्य युवा शटलर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होंगे।


# ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे घुड़सवार अनुष अग्रवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **अनुष ने बेहतर औसत के कारण मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा**

एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा का स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने वाले अनुष को श्रुति पर तरजीह दी गई। दोनों खिलाड़ियों के हाल के प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया। ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार कोई भारतीय घुड़सवार हिस्सा लेगा। इससे पहले भारत के घुड़सवारों ने इवेंटिंग स्पर्धा में ही हिस्सा लिया है।



अनुष (अपने घोड़े सर कैरामेलो ओल्ड के साथ) ने पिछले साल शुरू हुए क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और न्यूनतम पात्रता आवश्यकता (एमईआर) को चार बार पूरा किया जबकि अनुभवी श्रुति ने इस महीने दो बार एमईआर हासिल किया। उनका औसत स्कोर 67.695 प्रतिशत था जो श्रुति के 67.163 प्रतिशत से बेहतर था। ईएफआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेरिस खेलों में पात्र होने के लिए राइडर और घोड़े के संयोजन को एक जनवरी 2023 और 24 जून 2024 के बीच दो बार न्यूनतम 67 प्रतिशत हासिल करना आवश्यक है। ईएफआई की कार्यकारी परिषद ने अनुष को सर्वसम्मति से चुना। फवाद मिर्जा ने 2020 तोक्यो खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# चंद्रमा की सतह से नमूने लेकर पृथ्वी पर लौटा चीनी चंद्रयान

बीजिंग, एजेंसी

चीन का चांग ए 6 अंतरिक्ष यान पहली बार चंद्रमा के सुदूर एवं अंधेरी सतह से चट्टान और मिट्टी के नमूने एकत्रित करने का ऐतिहासिक मिशन पूरा करने के बाद मंगलवार को पृथ्वी पर लौट आया। यह चीन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक प्रमुख उपलब्धि है।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने चांग ए 6 मिशन की सफलता पर बधाई दी। चीन का इस तरह के क्षेत्र से नमूने एकत्रित करने वाला पहला अभियान है। इससे पहले भारत अगस्त 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। उसका चंद्रयान-3 का लैंडर सफलतापूर्वक वहां उतरा था।



### चांग ए 6 मिशन को 3 मई को प्रक्षेपित किया गया था

चांग ए चंद्र मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है। एक ऑर्बिटर, एक रिटर्नर, एक लैंडर और एक आरोहक के साथ चांग ए 6 मिशन को इस साल 3 मई को प्रक्षेपित किया गया था।

## नासा ने अंतरिक्ष पर चहलकदमी की योजना की रद

**वाशिंगटन।** नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री के स्पेससूट से पानी के रिसाव के बाद अंतरिक्ष में चहलकदमी की योजना रद कर दी है। स्पेससूट अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा पहना जाने वाला विशेष परिधान होता है।

यात्रियों ट्रेसी डायसन और माइक बैरेट ने अंतरिक्ष स्टेशन के एयरलॉक के हैच को खोला तभी डायसन ने अपने स्पेससूट की शीतलन प्रणाली से पानी के रिसाव की सूचना दी जिसके बाद अंतरिक्ष पर चलहकदमी की योजना रद कर दी गई। बैरेट ने कहा यहां अब हर जगह पानी है। नासा ने बताया कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को कोई खतरा नहीं है।

# अमेरिका की खुफिया जानकारी लीक करने वाले असांजे रिहा

वाशिंगटन, एजेंसी

विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार विकीलीक्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें असांजे वह सोमवार शाम को लंदन के स्टैनस्टेड हवाई पर विमान में सवार होते हुए दिखाई दे रहे हैं।

यह घोषणा उस खबर के तुरंत बाद की गई, जिसमें बताया गया था कि असांजे इस सप्ताह के अंत में अमेरिका के जासूसी कानून का उल्लंघन करने के लिए दोषी होने की दलील देने वाले हैं। इस समझौते के तहत वह अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया वापस लौट सकेंगे। अमेरिकी अभियोजकों ने अदालती दस्तावेजों में कहा कि 52 वर्षीय असांजे ने वर्गीकृत अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा दस्तावेजों को प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के एक आपराधिक मामले में दोषी होने की दलील देने पर सहमति व्यक्त की है। द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में उत्तरी मारियाना द्वीप समूह के लिए अमेरिका के जिला न्यायालय में दाखिल दस्तावेजों का हवाला दिया। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा दायर पत्र में कहा गया है प्रतिवादी अमेरिका की राष्ट्रीय रक्षा से संबंधित वर्गीकृत जानकारी को अवैध रूप से प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के (आपराधिक) सूचना के आरोप में दोषी होने की दलील देगा। अमेरिका यह कहते रहा है कि इराक और अफगानिस्तान युद्धों के बारे में जानकारी का खुलासा करने वाली विकीलीक्स फाइलों ने लोगों की जान को खतरे में डाला। चीन की शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पत्र के साथ दायर की गई आपराधिक जानकारी में कहा गया है कि असांजे ने चेल्सी मैनिंग के साथ जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से साजिश रची और राष्ट्रीय रक्षा से जुड़े दस्तावेज, लेखन और नोट्स प्राप्त किए तथा जानबूझकर दस्तावेजों को उन लोगों को भेजा जो उन्हें प्राप्त करने के हकदार नहीं थे। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि असांजे ने पिछले पांच साल ब्रिटिश जेल में बिताए।



- ब्रिटिश जेल से छूटे, देर शाम लंदन से पकड़ी उड़ान

### अमेरिका के साथ समझौते के तहत आरोप स्वीकार करेंगे

**वाशिंगटन।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे अमेरिकी न्याय विभाग के साथ किए गए एक समझौते के तहत एक गंभीर आरोप स्वीकार करेंगे जिससे गोपनीय दस्तावेज प्रकाशित करने से जुड़े उस कानूनी मामले का निपटारा हो जाएगा जो कई महाद्वीपों में चर्चा का विषय बना रहा। सोमवार देर रात को दायर अदालती दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई। न्याय विभाग ने अदालत में दायर एक पत्र में कहा कि असांजे अमेरिका के अधिकार क्षेत्र वाले मारियाना द्वीप की संघीय अदालत में पेश होंगे जहां वह राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय सूचना को अवैध रूप से हासिल करने और प्रसारित करने की साजिश रचने को लेकर जासूसी अधिनियम के तहत आरोप स्वीकार करेंगे।

## एक नजर

### इराकी मिलिशिया नेता ने अमेरिका को दी धमकी

**बगदाद।** ईरान के नजदीकी माने जाने वाले इराकी शिया मिलिशिया असैब अहल अल-हक़ के नेता कैस अल-खजाली ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका लेबनान के हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजराइली हमले का समर्थन करता है, तो वह इराक और पश्चिमोत्तर क्षेत्र में अमेरिकी हितों पर हमला करेगा। अल खजाली ने सोमवार को एक टेलीविजन पर यह धमकी दी। खजाली ने कहा कि अमेरिका को पता होना चाहिए कि वह इस क्षेत्र और इराक में अपने सभी हितों को हमले और खतरे के दायरे में ला रहा है। 7 अक्टूबर, 2023 को गाजा संघर्ष के शुरू होने के बाद से इराक में इस्लामिक प्रतिरोध (जो ईरान समर्थित इराकी मिलिशिया का एक छत्र निकाय है) ने इस क्षेत्र में इजराइल और अमेरिकी ठिकानों पर कई हमले किए हैं।

### भारतीय मिस्त्री ने दुबई में 2.25 करोड़ का जैकपॉट जीता

**दुबई।** भारत के 46 वर्षीय इलेक्ट्रिशियन ने सालों तक पैसों की बचत करने और समझदारी से निवेश करने के बाद दुबई में तकरीबन 2.25 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार जीता है। खलीज टाइम्स में मंगलवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, आंध्र प्रदेश के नागेंद्रम बोरुगद्दा 2019 से नेशनल बॉन्ड में 100 दिरहम का निवेश कर रहे हैं। 2017 से संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे बोरुगद्दा की 18 वर्षीय एक बेटी और 16 वर्षीय एक बेटा है। अखबार ने बोरुगद्दा के हवाले से कहा मैं अपने परिवार को बेहतर जिंदगी देने और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए संयुक्त अरब अमीरात आया था। यह जीत किसी सपने की तरह लगती है।

### हज यात्रा के वीजा के दुरुपयोग पर चेतावनी

**रियाद।** सऊदी अरब ने अन्य देशों की पर्यटन कंपनियों पर विजिट वीजा धारकों को हज यात्रा में भाग लेने के लिए गुमराह करने का आरोप लगाया है। सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार सऊदी गृह मंत्रालय के सुरक्षा प्रवक्ता तलाल शल्हौब ने कहा कि उन कंपनियों ने हज के लिए वीजा जारी नहीं किया बल्कि उन्हें हज शुरू होने से दो महीने पहले मक्का में रहकर नियमों का उल्लंघन करने के लिए प्रोत्साहित किया। हज परमिट केवल एक ट्रांजिट कार्ड नहीं है बल्कि एक महत्वपूर्ण उपकरण है।

# परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान और मास्को का विरोध

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका व सहयोगी देशों ने समझौते का उल्लंघन बताया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका और उसके प्रमुख यूरोपीय सहयोगियों ने तेहरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान और रूस का विरोध किया। अमेरिका ने ईरान को परमाणु हथियार संपन्न होने से रोकने के लिए सभी आवश्यक साधनों का उपयोग करने का संकल्प जताया।

अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह अपनी परमाणु गतिविधियों को, परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के उद्देश्य से 2015 के समझौते में तय की गई सीमाओं से कहीं अधिक बढ़ा रहा है और संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग करने में विफल रहा है। ईरान और रूस ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया, जिन्हें समझौते के तहत हटा दिया जाना था। दोनों देशों ने जोर देकर कहा कि तेहरान का परमाणु कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (आईएईए) की निरंतर निगरानी में है। यह टकराव ईरान और छह प्रमुख देशों - अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी - के बीच परमाणु समझौते के कार्यान्वयन पर अर्ध-वार्षिक बैठक के दौरान हुआ, जिसे संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है। तेहरान ने आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बदले में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए आवश्यक स्तर तक यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने पर सहमति व्यक्त की थी। वर्ष 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को समझौते से यह कहते हुए अलग कर लिया था कि वह और कड़ा समझौता करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बैठक मई के अंत में आईएईए की रिपोर्ट के बाद हुई जिसमें कहा गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित 142 किलोग्राम (313 पाउंड) से अधिक यूरेनियम है।



संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद की बैठक में उपस्थित संरा क अध्यक्ष।

### अमेरिका ईरान को रोकने के लिए तैयार : वुड

अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को ऐसे तरीकों से विस्तारित करने के लिए दृढ़ है, जिनका कोई विश्वसनीय असैन्य उद्देश्य नहीं है। अमेरिका ईरान को परमाणु-सशस्त्र बनाने से रोकने के लिए तैयार है। उनका देश कूटनीति के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी अंतर्राष्ट्रीय चिंताओं को हल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) में अब तक मौजूद तीन पश्चिमी देशों - फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन - ने परिषद की बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया।

## सुनक ने सट्टे में फंसे दो उम्मीदवारों से पार्टी का समर्थन वापस लिया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने के आरोपों का सामना कर रहे कंजर्वेटिव पार्टी के अपने दो सहयोगियों से पार्टी का समर्थन वापस लेने का मंगलवार को फैसला किया। यह कदम चार जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले उठाया गया है। इससे पहले यह विवाद कई दिनों तक प्रचार अभियान की सुर्खियों में छाया रहा और विपक्ष आरोपियों के निलंबन की मांग कर रहा था।

कंजर्वेटिव पार्टी प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि पार्टी उम्मीदवार क्रेग विलियम्स और लॉरा सॉन्डर्स को अब क्रमशः वेल्स में मोंटगोमेरीशायर एंड ग्लाइंडर तथा इंग्लैंड में ब्रिस्टल नॉर्थ वेस्ट से सांसद के रूप में चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का समर्थन नहीं होगा। कंजर्वेटिव पार्टी के प्रवक्ता ने कहा आंतरिक जांच के परिणामस्वरूप, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि हम आगामी आम चुनाव में संसदीय उम्मीदवार के रूप में क्रेग विलियम्स या लॉरा सॉन्डर्स का समर्थन नहीं कर सकते। प्रवक्ता ने कहा हमने गैंबलिंग कमीशन से पड़ताल की है कि यह निर्णय उनकी जांच को प्रभावित नहीं करता है।

# केन्या में टैक्स से नाराज प्रदर्शनकारी संसद में घुसे



नैरोबी में प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी।

नैरोबी (केन्या), एजेंसी

- इमारत के एक हिस्से में लगाई आग, टैक्स को लेकर किया जा रहा प्रदर्शन
- सांसदों को वहां से निकाला जा रहा, पुलिस ने नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं

केन्या में टैक्स को लेकर प्रदर्शन कर रहे हजारों प्रदर्शनकारी संसद में घुस गए हैं और इमारत के एक हिस्से में आग लग गई है। सांसदों को वहां से निकाला जा रहा है। पुलिस ने इससे पहले मंगलवार को राजधानी नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं। प्रदर्शन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और उनकी मांग थी कि सांसद एक विवादास्पद वित्त विधेयक में प्रस्तावित नए करों के खिलाफ मतदान करें। पिछले सप्ताह विरोध प्रदर्शनों में दो लोगों की मौत हो गई थी, लेकिन मंगलवार को किसी के हताहत होने की तत्काल कोई जानकारी नहीं है। केन्या के लोगों द्वारा दान की गई सामग्री के साथ चिकित्सकों ने विभिन्न शहरों में अस्थायी आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किए हैं। विरोध प्रदर्शन का यह दौर तब शुरू हुआ जब सांसदों ने नए करों की पेशकश करने वाले वित्त विधेयक पर मतदान किया। इन नये करों में इको-लेवी भी शामिल है जो सैनेटरी पैड और डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ाएगी।

# भारत और अमेरिका के संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे : गार्सेटी

ओक्सन हिल (अमेरिका), एजेंसी

- भारत में अमेरिका के राजदूत ने सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के इतर कार्यक्रम में की टिप्पणी



भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच रिश्ते पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे जितने आज हैं और दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। गार्सेटी ने सोमवार को सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के इतर एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं जिसमें सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भारत से है।

गार्सेटी ने वाशिंगटन में हुई एक बैठक में कहा यह (भारत-अमेरिका) ऐसा रिश्ता है जो बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारा कभी भारत के साथ इतना करीबी रिश्ता नहीं रहा। भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या अब हमारी आबादी का करीब 1.5 प्रतिशत है और वे अमेरिका में छह फीसदी कर का भुगतान करते हैं। यह अमेरिका में सबसे सफल प्रवासी समुदाय है। इस कार्यक्रम में भारत के एसडब्ल्यू स्टील ने टेक्सास के बेटाउन में 14 करोड़ डॉलर निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की।

गार्सेटी ने कहा अब अमेरिकी भारतीय ब्रांड और भारतीय कंपनियों से अधिक परिचित हो रहे हैं...हम एक साथ मिलकर तीसरे देशों, बुनियादी ढांचों, ऊर्जा, जलवायु समाधानों में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने जेएसडब्ल्यू स्टील की घोषणा पर कहा कि एफडीआई से 800 से अधिक अमेरिकी कर्मियों को नौकरियां मिलेंगी। हजारों निवेशकों, कंपनियों, आर्थिक विकास संगठनों (ईडीओ) और उद्योग विशेषज्ञों को कारोबारी निवेश की सुविधा प्रदान करने के लिए सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट अमेरिका में एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम है।

## इजराइली हमले में 26 फिलिस्तीनियों की मौत



**गाजा।** इजराइल ने मंगलवार को गाजा सिटी में हवाई हमला किया जिसमें 26 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। शहर के पूर्व में अल-दारराज क्षेत्र में एक स्कूल और पश्चिम में अल शाती शिविर में एक अन्य स्कूल और अल-शुजाइया के पड़ोस में अल-ज़मीली परिवार के घर को निशाना बनाकर तीन हवाई हमले किए।

कर्मचारियों ने इन स्थानों से 13 लोगों के शव बरामद किए और कई घायल लोगों को वहां से निकाला। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया है। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि आतंकवादी स्कूल परिसरों से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। स्कूल परिसर को इस्तेमाल हमास ने अपनी आतंकवादी गतिविधियों के लिए ढाल के रूप में किया था। ऐसा माना जा रहा था यहां छिपे हुए आतंकवादी इजरायल के खिलाफ कई आतंकवादी हमलों की योजना बनाने में शामिल थे।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सिख विवाह को दी मंजूरी

लाहौर, एजेंसी

- कुछ महीनों में हिंदू विवाह अधिनियम भी मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने मंगलवार को सिख विवाह अधिनियम 2024 को मंजूरी दे दी, जिससे समुदाय के 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के जोड़े अपने विवाह और तलाक का पंजीकरण कराने में सक्षम होंगे। पंजाब के पहले सिख अल्पसंख्यक एवं मानवाधिकार मंत्री सरदार रमेश सिंह अरोड़ा ने इसे सिखों के लिए ऐतिहासिक दिन बताया।

अरोड़ा ने कहा पंजाब सिख विवाह अधिनियम लागू करने वाला दुनिया का पहला प्रांत बन गया है। उन्होंने कहा कि अन्य प्रांतों और देशों से सिख अपनी शादियों का पंजीकरण करवाने के लिए पंजाब आ सकते हैं। कुछ महीनों में हिंदू विवाह अधिनियम भी मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। अरोड़ा ने कहा कि वह 2017 से सिख अधिनियम को मंजूरी दिलाने का प्रयास कर रहे थे। पंजाब सरकार भी स्कूली पाठ्यक्रम से नफरत फैलाने वाली सामग्री को हटाने और उसकी जगह अंतरधार्मिक सद्भाव और विविधतापूर्ण सामग्री को शामिल कराने के लिए काम कर रही है।

### करतारपुर साहिब में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा होगी स्थापित

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब सूबे की सरकार ने मंगलवार को बताया कि वह सिख साम्राज्य के पहले शासक महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा को बुधवार को करतारपुर साहिब में स्थापित करेगी ताकि भारत से आने वाले श्रद्धालु भी उसे देख सकें। इस प्रतिमा को कट्टरपंथियों ने दो बार क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसे अब एक बार फिर मरम्मत कर यहां स्थापित किया जाएगा।

## आईसीसी ने रूसी अधिकारियों के खिलाफ वारंट किए जारी

**हेग(नीदरलैंड)।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने यूक्रेन में नागरिकों की मौजूदगी वाले स्थानों पर हमला करने के लिए रूस के पूर्व रक्षा मंत्री एवं उसकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ के खिलाफ मंगलवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किए। रूस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने तीसरी बार वारंट जारी किया है।

- यूक्रेन में नागरिक ठिकानों पर हमलों को लेकर अपनाया सख्त रुख

न्यायालय ने पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और चीफ ऑफ स्टाफ जनरल वालेरी गेरासीमोव पर युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोप लगाए हैं। गिरफ्तारी वारंट के लिए अभियोजन के अनुरोध को स्वीकार करने वाले न्यायाधीशों ने कहा कि संदिग्धों को अमानवीय कृत्य के लिए आरोपित किया गया है क्योंकि ऐसा साक्ष्य है कि उन्होंने इरादतन यूक्रेन के नागरिकों का शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न किया। न्यायालय ने एक बयान में कहा कि वारंट सोमवार को जारी किए गए क्योंकि न्यायाधीशों का विचार है कि यह मानने के लिए तार्किक आधार हैं कि ये लोग 10 अक्टूबर 2022 से नौ मार्च 2023 तक यूक्रेन में बिजली उत्पादन एवं विद्युत आपूर्ति के बुनियादी ढांचे पर रूसी सशस्त्र बलों के मिसाइल हमलों के लिए जिम्मेदार हैं। वहीं, मॉस्को का कहना है कि उसने केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। न्यायालय ने कहा कि मिसाइल हमलों में नागरिकों से जुड़े प्रतिष्ठानों पर हमले किए गए। हालांकि, किसी भी आरोपी को हिरासत में लिए जाने की संभावना नहीं है। रूस इस वैश्विक न्यायालय का सदस्य नहीं है न ही इसके क्षेत्राधिकार को मान्यता देता है और संदिग्धों को सौंपने से इनकार करता रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### रजनीकांत और सलमान खान को लेकर फिल्म बनाएंगे एटली



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली, रजनीकांत और सलमान खान को लेकर फिल्म बना सकते हैं। वर्ष 2023 में एटली ने शाहरुख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बनायी थी। एटली ने अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कहा जा रहा है कि सलमान खान और रजनीकांत जल्द ही इस फिल्म के सिलसिले में मुलाकात करने वाले हैं। सन पिक्चर द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जाएगा। वह पिछले 2 सालों से सलमान खान से संपर्क में हैं। कहा जा रहा है कि सलमान खान अपनी फिल्म सिकंदर की शूटिंग खत्म करने के बाद एटली की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

### करीना ने बहन करिश्मा को दी जन्मदिन की बधाई



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ने अपनी बहन करिश्मा कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। करिश्मा आज अपना 50वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास मौके पर करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक वीडियो शेयर कर करिश्मा को बधाई दी है।वीडियो में सिस्टर ट्विनिंग, वेकेशन फोटोज और करिश्मा के बचपन से लेकर अब तक के सफर को दिखाया गया है। इसमें अनसीन फोटोज का मोंटाज बनाया गया। पोस्ट को शेयर करते हुए करीना ने लिखा, मेरी अल्टीमेट हीरो हैप्पी बर्थडे... 50 का मतलब है 30 साल की गर्ल... बिग ब्रेकफास्ट, ढेर सारी कॉफी, शानदार बैग, मेरे साथ लंबी बातचीत, लाफ्टर और डांस, चाइनीज फूड, और हमेशा अपने दोनों बच्चों के साथ रहना।

### 2 अगस्त को रिलीज होगी जाह्नवी की फिल्म उलझ

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ, 2 अगस्त को रिलीज होगी। जाह्नवी की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही हाल ही में रिलीज हुई थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए जाह्नवी ने कैप्शन में लिखा है कि उलझ अब 2 अगस्त को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जल्द ही पॉपकॉर्न के साथ मिलते हैं। फिल्म उलझ में जाह्नवी इंडियन फारेस्ट ऑफिसर का किरदार निभाया है।

## खगोल विज्ञान — जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने की बड़ी खोज

# ऊपरी वायुमंडल संचालित करता है बृहस्पति का वातावरण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल इस ग्रह के वातावरण को संचालित करता है। खगोलविदों को पहली बार बृहस्पति के वातावरण का आश्चर्यचकित कर देने वाले जानकारी मिली है। नासा, ईएसए व सीएसए के संयुक्त मिशन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा यह खोज हुई है।

दरअसल बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट ग्रहों की मौसमी दुनिया में विशेष स्थान रखता है। पिछले दिनों रेड स्पॉट कहे जाने तूफान की उम्र व गति का खुलासा किया गया था और आज इस कुख्यात तूफान के ऊपर के सक्रिय वातावरण की दिलचस्प जानकारी मिली है। बृहस्पति के रेड स्पॉट के ऊपर लगभग 300 वर्ग किमी दायरे में फैले वातावरण का अध्ययन यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईसा) के वैज्ञानिको ने किया। तब यह जानकारी सामने आई कि बृहस्पति के आयनमंडल में हाइड्रोजन अणुओं द्वारा उत्सर्जित अवरक्त प्रकाश मौजूद है। ये अणु तूफान के बादलों से 300 किमी ऊपर स्थित हैं, जहां सूर्य से प्रकाश हाइड्रोजन को आयनित करता है और इस अवरक्त उत्सर्जन को उत्तेजित करता है। यह ऊपरी क्षेत्र विभिन्न प्रकार की जटिल संरचनाओं और गतिविधियों की मेजबानी करता है। वेब दूरबीन अवरक्त संवेदनशीलता वाले वातावरण का अध्ययन करने में सक्षम है। जिस कारण यह खोज संभव हो पाई। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र और अंतर्निहित वातावरण के बीच का इंटरफ़ेस है। जिसमें उत्तरी और दक्षिणी रोशनी की मात्रा का पता चलता है। बृहस्पति को प्राप्त होने सूर्य की रोशनी की तुलना पृथ्वी से की जाय तो सूर्य के प्रकाश का केवल 4 प्रतिशत ही प्राप्त होता है। जिससे बृहस्पति के वातावरण की सटीक जानकारी मिलती है।




### एक और तंत्र बृहस्पति के वातावरण में होना चाहिए

नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है। यूनाइटेड किंगडम में लीसेस्टर विश्वविद्यालय के टीम लीडर हेनरिक मेलिन के अनुसार हमने सोचा कि यह क्षेत्र शायद उबाऊ व निर्जीव होगा। मगर परिणाम इसके विपरीत निकला। वैज्ञानिकों का मानना है कि बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल का आकार और संरचना को बदलने वाला एक और तंत्र होना चाहिए। जिसकी पड़ताल अगले अध्ययन में की जाएगी। गैसीय ग्रहों के वातावरण की जानकारी हासिल करने के लिये यह खोज बेहद महत्वपूर्ण हैं।